CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

नई दिल्ली, मंगलवार 11 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 220 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में दो दशक के अन्याय के अंत के लिए महागठबंधन सरकार बनाएं: खड़गे पेज 2



अनीश भानवाला ने विश्व चैंपियनशिप पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता खेल टाइम्स



सुप्रीम कोर्ट का आदेश और आवारा कुत्तों की समस्या सम्पादकीय



भारत पर हमले की तैयारी में हाफिज सईद पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### SIR को लेकर बंगाल कांग्रेस ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में राहत की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वकील ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध किए जाने का यह कहते हुए अनुरोध किया कि अन्य राज्यों में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होनी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने महिला आरक्षण याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस अधिनियम में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है, लेकिन इस मामले में आगे बढ़ने से पहले केंद्र सरकार से जवाब मांगा जा रहा है।

### हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज।** सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे अनोश हबीब को इलाहाबाद से बड़ी राहत मिली है। धोखाधड़ी के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की है। दोनों के खिलाफ संभल के रायसत्ती पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। जावेद हबीब और उनके बेटे पर संभल के राय सत्ती पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज है।

# लालकिले के पास कार में धमाका, 11 मरे, 24 घायल

## पार्किंग में खड़ी अन्य कई गाड़ियां भी जलीं, धमाके की वजह साफ नहीं, दिल्ली, मुंबई, यूपी और हरियाणा में हाई अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लालकिले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है। धमाका इतना तेज था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत हो गई है और 24 लोग घायल हैं। धमाके की वजह साफ नहीं है, लेकिन इसके बाद दिल्ली समेत मुंबई, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी 3 और गाड़ियां जल गईं। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं एनआईए और एनएसजी को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने बात की। शाह इस समय चुनाव प्रचार के लिए सोमवार को बिहार में थे। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एके मलिक ने बताया कि हमें सूचना मिली कि चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में विस्फोट हुआ है। हमने तुरंत सात यूनिट मौके पर भेजी। शाम 7:29 बजे आग पर काबू पा लिया गया। इसमें लोगों के हताहत होने की आशंका है। हमारी सभी टीमें मौके पर मौजूद हैं। लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास विस्फोट के 15 लोगों को लोक नायक अस्पताल लाया गया है। उनमें से 11 की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। एक की हालत स्थिर है। मेट्रो स्टेशन के पास एक दुकानदार ने बताया कि मैंने अपनी जिंदगी में इतना जोरदार धमाका कभी नहीं सुना। मैं धमाके की वजह से तीन बार गिरा। ऐसा लगा जैसे हम सब मर जाएंगे। घटना के चश्मदीद राजभर पांडे ने बताया कि उनके घर काफी तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। घर की खिड़कियां हिल गईं। बाहर आकर देखा तो आग की लपटें दिखाई दीं।





- गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने की बात
- शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में हुआ धमाका

### यूपी के सभी जिलों में हाई अलर्ट

दिल्ली में रेड फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश को अलर्ट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश के एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि डीजीपी ने राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संवेदनशील धार्मिक स्थलों, संवेदनशील जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। लखनऊ से आदेश जारी कर संवेदनशील इलाकों में गश्त और जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुरक्षा एजेंसियों ने दिया तत्परता और सूझबूझ का परिचय

# देश में बड़ी आतंकी वारदात नाकाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और सूझ-बूझ से देश में बड़ी आतंकी वारदात टल गईं हैं। एक तरफ गुजरात एटीएस ने देश में रसायनिक हमले की खतरनाक साजिश का भंडाफोड़ किया। वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए यूपी के सहारनपुर से एक डाक्टर को गिरफ्तार किया।

अब उस डाक्टर से जुड़े एक व्यक्ति के फरीदाबाद स्थित घर से 350 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की खबर है। अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में किया जाता है। गौरतलब है कि दोनों ही मामलों में गिरफ्तार लोगों में मेडिसिन की पढ़ाई करने वाले डाक्टर शामिल हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फरीदाबाद के धौज में डाक्टर के घर से 350 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ है। कमरे से अमोनियम नाइट्रेट से भरे 14 बैग, 2 ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध मुजम्मिल शकील की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपी एक डाक्टर है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने दो दिन पहले सहारनपुर से जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले डाक्टर आदिल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आदिल की निशानदेही पर उसके साथी डा. मुजम्मिल शकील का पता चला। जब पुलिस ने फरीदाबाद स्थित मुजम्मिल शकील के आवास पर छापा मारा, तो यहां से टीम को 14 बैग अमोनियम नाइट्रेट, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। यह बरामदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि अमोनियम नाइट्रेट का इतनी बड़ी मात्रा में मिलना किसी बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहा है।

**फरीदाबाद में अमोनियम नाइट्रेट से भरे 14 बैग, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 भी बरामद**

**खतरनाक साजिश का भंडाफोड़, गुजरात एटीएस ने विफल किया रसायनिक हमला, फरीदाबाद से 350 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद**

### पहाड़ों से मैदानों में ठिकाना बनाने की फिराक में आतंकी

**जम्मू।** सर्द मौसम में पारा गिरने के साथ ही ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में छिपे आतंकी निचले क्षेत्रों में अपना ठिकाना खोजने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ऊपरी ठंडे इलाकों में आतंकियों के लिए छिपना आसान नहीं रहेगा। इसलिए वह मैदानी क्षेत्रों में आने के लिए अपने मददगारों से संपर्क कर रहे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और आतंकियों के इसी मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए पूरे जम्मू संभाग में व्यापक छापे एवं तलाशी अभियान चलाए गए हैं। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता ने कहा कि आतंकवादी संगठनों के स्थानीय समर्थन नेटवर्क की पहचान के लिए चल रही तलाशी में मारे गए आतंकवादियों, आत्मसर्मण कर चुके आतंकियों समेत संदिग्धों के घरों को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय युवाओं को निशाना बनाने वाले संभावित स्लीपर सेल और ऑनलाइन प्रचारकों पर भी नजर रखी जा रही है।



### जम्मू-कश्मीर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़े अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था।कई प्रमुख आतंकी आरोपी गिरफ्तार किए गए और उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

# यूपी के सभी स्कूलों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम का गायन: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर में आयोजित 'एकता यात्रा' कार्यक्रम में ऐलान किया कि प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अब 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह कदम नागरिकों में भारत माता और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, गर्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा। योगी ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। अब प्रदेश के हर स्कूल और शिक्षण संस्थान में वंदे मातरम का गायन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा का प्रतीक है, जो राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले तत्वों की पहचान हो और उनका विरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के गायन से एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना मजबूत होगी। यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान प्रकट करे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेताओं मोहम्मद अली जिन्ना और मोहम्मद अली जौहर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत की एकता और अखंडता का अपमान करते हैं। योगी ने कहा कि आज भी हम उम्मीद करते हैं कि भारत में रहने वाला हर व्यक्ति राष्ट्र के प्रति वफादार रहेगा।



- कहा: यह कदम नागरिकों में भारत माता और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, गर्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा

### ज्ञानवापी मामले में अगली सुनवाई 20 नवम्बर को

**वाराणसी।** वाराणसी के जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी के सील वजूखाने के ताले में लगे फटे कपड़े को बदलने के मामले में सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 20 नवम्बर को होगी।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# स्वच्छ हवा लोगों का बुनियादी अधिकार: राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा: नागरिकों को अपराधी की तरह क्यों देखती है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में वायु प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को लेकर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि स्वच्छ हवा हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है, लेकिन जब नागरिक साफ हवा के हक की मांग करते हैं, तो सरकार उनके साथ अपराधी की तरह पेश आती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में सोमवार को कहा कि संविधान ने हर नागरिक को शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार दिया है और उनके इस अधिकार की सुरक्षा सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने लिखा कि स्वच्छ हवा का अधिकार एक बुनियादी मानव अधिकार है। शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार हमारे संविधान द्वारा दी गई गारंटी का हिस्सा है। जब नागरिक स्वच्छ हवा में जीने की अपनी बुनियादी मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, तो उनके साथ अपराधी की तरह व्यवहार क्यों किया जा रहा है। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि वायु प्रदूषण से करोड़ों भारतीय प्रभावित हो रहे हैं, बच्चों और देश के भविष्य को नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन 'वोट चोरी से सत्ता में आई सरकार' इस गंभीर संकट को सुलझाने के बजाय चुप बैठी है और और इसका विरोध कर रहे नागरिकों पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह जनता की आवाज़ दबाने के बजाय वायु प्रदूषण के संकट को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए और लोगों के जीवन तथा स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तुरंत सकारात्मक कार्रवाई करे।

- कांग्रेस नेता ने देश में वायु प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को लेकर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया



# दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट के जीपीएस से छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो दिन पहले 800 से ज्यादा उड़ानें बाधित होने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

अब तक की जांच और एक्सपर्ट्स से मिली जानकारी में सामने आया है कि जीपीएस यानी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के सिग्नल से छेड़छाड़ की साजिश की गई थी। जानकारी के अनुसार, 6 से 7 नवम्बर शाम लगभग 7 बजे के बीच पायलट्स को जीपीएस से फेक सिग्नल मिल रहे थे। इससे कॉकपिट स्क्रीन पर विमान की पोजिशन ही बदल गई और एक नकली तस्वीर सामने आने लगी। इस दौरान रनवे के बजाय खेत दिखने लगे और विमान की ऊंचाई को लेकर भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। फिर विमानों के पायलट जीपीएस बेस्ड ऑटो मैसेजिंग की बजाय मैनुअल पोजिशन पर शिफ्ट हो गए। 7 नवम्बर को आईजीआई पर एटीसी के ऑटोमैटिक मैसेज स्विच सिस्टम में तकनीकी खराबी से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं, जबकि 20 को रद्द करना पड़ा। एयरपोर्ट का ऑपरेशन 48 घंटे के बाद नार्मल हुआ। 6 नवम्बर की शाम से गड़बड़ी शुरू हो गई।

- पायलट को रनवे पर खेत दिखे थे, आसमान में प्लेन के बीच दूरी बढ़ाकर हादसे टाले

# भ्रष्टाचार या घूसखोरी की शिकायत पोर्टल पर दें: असीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विभाग के चार अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं भ्रष्टाचार या घूसखोरी की घटना दिखे, तो तुरंत विभागीय शिकायत पोर्टल या जिलाधिकारी कार्यालय में जानकारी दें।

उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग जनता की सेवा से जुड़ा सबसे संवेदनशील विभाग है, ऐसे में पारदर्शिता और ईमानदारी सर्वोपरि है। समाज कल्याण योजनाओं का पैसा जनता का है। इसे किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की योजनाएं गरीब, असहाय, दिव्यांग, छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और पेंशनधारकों के हित के लिए चलाई जाती हैं। ऐसे में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी जनता के हक पर चोट करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

मंत्री ने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाएगी, उनके खिलाफ निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जाएगी। असीम अरुण ने कहा कि समाज कल्याण योजनाओं का उद्देश्य जन-सेवा है, न कि व्यक्तिगत लाभ। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए और किसी भी प्रकार की मध्यस्थता या घूसखोरी की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत अब समाज कल्याण विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने चार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इसी के साथ तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए, उनकी पेंशन में कटौती करने का फैसला लिया है।

### घोटालों पर की गई कार्रवाई

मंत्री ने कहा कि ये कार्रवाई श्रावस्ती, मथुरा, शाहजहांपुर और औरैया जनपदों में हुए घोटालों पर की गई है। श्रावस्ती में तैनात अधिकारी मीना श्रीवास्तव पर मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना और छात्र वृत्ति में अनियमितता के आरोप लगे हैं। जांच के दौरान आरोप सही पाए गए हैं। इसी तरह मथुरा में तैनात करुणेश त्रिपाठी को भी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इनके खिलाफ प्राइवेट आईटीआई संस्थानों को अनियमित भुगतान, 11 अमान्य संस्थानों को 2.53 करोड़ का भुगतान, फर्जी छात्रों से जुड़ी गड़बड़ियां के आरोप जांच के दौरान सही पाए गए हैं।

# इमोशन पर चल रही यूपी सरकार: सपा

## 2027 चुनाव से पहले ही शुरू कर दी बेईमानी: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ही सरकार बेईमानी करने में जुट गई है। वास्तव में सरकार इमोशन पर चल रही है, जबकि जनता महंगाई व भ्रष्टाचार से परेशान है।

यादव ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार बताए पीडीए के कितने ईआरओ लगाए गए हैं। अभी 427 दिन बाकी हैं विधानसभा चुनाव में और सरकार पहले से ही गड़बड़ी की तैयारी कर रही है। चुनाव आयोग पर भी कई गंभीर शिकायतें हैं, जबकि 2003 की वोटर लिस्ट सबसे साफ थी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो रिपोर्ट दी गई है, वह पढ़ने लायक नहीं है। वहां एक डीआईओएस जिसकी जांच चल रही थी, उससे सरकार ने वोट डलवाने में मदद ली।

### कुर्सी से दूर रहने पर बौखला गए हैं अखिलेश: पाठक

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि वे कुर्सी से दूर होने की वजह से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ का विरोध करते करते वो भारत माता का विरोध करने पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अखिलेश ने जातीय गोलबंदी कराने की काफी कोशिश की, लेकिन उसमें वो सफल नहीं हो पाए।

## संक्षिप्त समाचार

### नीति निर्माण में जनता की भागीदारी से तेज होगा विकास: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विकास की नीतियों और रूपरेखा निर्माण में जितनी जनता की भागीदारी होगी वह प्रदेश उतना ही विकसित हो पाएगा। बिरला ने कोहिमा स्थित नागालैंड की विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-।।। के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा कि विकास की नीतियों और योजनाओं में जनता की भागीदारी हो, इसके लिए हमारी विधानसभाएं उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि नागालैंड संस्कृति, सुंदरता और वीरों की धरती रही है। आज उत्तर-पूर्वी राज्य तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना से लेकर सड़क संपर्क, रेल संपर्क, वायु संपर्क और डिजिटल कनेक्टिविटी की दिशा में उत्तर पूर्वी राज्यों ने प्रगति की है।

### साइबर सुरक्षा को लेकर आगरा में आज होगी कार्यशाला

**आगरा।** साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए आगरा पुलिस 11 नवम्बर को आगरा में एक बड़ी कार्यशाला का आयोजन करेगी। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि छह घंटे की कार्यशाला में तीन सत्र दो-दो घंटे के होंगे। कार्यशाला में प्रदेश के आईजी राजीव कृष्णा भी आधा घंटे के लिए ऑनलाइन जुड़ेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यशाला में आगरा के छात्र और छात्राएं हिस्सा लेंगीं। इसके अलावा शहर में जिम्मेदार लोग भी शामिल होंगे। मंगलवार को सूरसदन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कई साइबर एक्सपर्ट भी बताएंगे कि किस तरह से साइबर फ्रॉड से बचना है।

# देश में अपने हकों की मांग करना अपराध: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने प्रदूषण से निपटने में नाकाम दिल्ली सरकार के खिलाफ रविवार शाम इंडिया गेट पर प्रदर्शन कर रहे लोगों की गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए कहा है कि ऐसा लगता है कि इस देश में अपने हकों की मांग करना अब अपराध बन गया है।

सुश्री श्रीनेत ने इस रवैए को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली पुलिस की कड़ी आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इस देश के लोग अगर साफ़ हवा के लिए आवाज़ उठाएंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे, नौजवान नौकरी के लिए गुहार लगाएंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्र पेपर लीक के खिलाफ बोलेंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे, महिलाएंअपनी सुरक्षा की मांग करेंगी, तो गिरफ्तार की जाएंगी। किसान उपज का सही दाम मांगें. गे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे। आशा, आंगनवाड़ी सही मानदेय मांगेंगी, तो गिरफ्तार की जाएंगी। लेकिन बलात्कारी पेरोल पर पेरोल पा कर आज़ाद घूमेंगे। यह है मोदी मॉडल जिसका खामियाज़ा पूरा देश भुगत रहा है। कांग्रेस नेत्री ने कहा इस देश के युवा साफ़ हवा में सांस लेने और रोजगार के अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं, लेकिन बदले में सरकार उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल रही है। इस पीढ़ी को संविधान में आस्था और अब राहुल गांधी से उम्मीद है और उनका यही विश्वास इस देश की राजनीति बदलेगा।रविवार शाम इंडिया गेट पर कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची थीं।

## गोरखपुर में सीएम योगी ने उग्रवाद पर कड़ा प्रहार किया

# दूसरा जिन्ना पैदा होने से पहले दफनाना होगा

**गोरखपुर, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सपा सांसद का जिक्र करते हुए कहा कि जब वंदे मातरम को लेकर आयोजन हुआ, तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। ये वहीं लोग हैं जो जिन्ना के कार्यक्रमों शर्मनाक तरीके से शामिल होते हैं।

सीएम योगी ने गोरखपुर में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज हमारा दायित्व बनता है कि हम उन कारणों को ढूंढे, जो समाज को बांटने वाले हैं। यह जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर विभाजन नए जिन्ना को पैदा करने की साजिश का हिस्सा है। हमें याद करना होगा कि भारत के अंदर कोई नया जिन्ना पैदा न होने पाए और वह पैदा होने का साहस करता है, तो हमें उससे पहले कि



**वंदे मातरम के 150 साल पूरा होने पर बोले मुख्यमंत्री**

वह भारत की अखंडता को चुनौती दे, उसे दफन करके रख देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उग्रवाद और आतंकवाद जो लगातार भारत की एकता अखंडता को चुनौती दे रहा है। जो भी भारत के महापुरुषों का क्रांतिकारी का अपमान करते हैं, जिनके कारण भारत की एकता राष्ट्रीयता को चुनौती मिलती है। हमें एकजुट होकर खड़ा होना होगा, यह एकता यात्रा भारत के हर नागरिक की एकता अखंडता के प्रति प्रतिबद्ध करती है। सीएम योगी ने कहा कि हम सब भारतवासियों को इस बात को ध्यान में रखना होगा कि हमारी आस्था हमारी जगह है, हमारी आस्था भारत की एकता अखंडता में बाधा पैदा कर रही है, तो हमें उसे एक और करना होगा। सबसे पहले हमें हमारी राष्ट्रीय अखंडता के लिए प्राण और प्राण से जूझने के लिए तैयार रहना होगा।

उन्होंने कहा कि 1876 के बाद कौन सा ऐसा क्रांतिकारी रहा है, जिसने वंदे मातरम का उद्घोष न किया हो। जो मंत्र भारत की आजादी का कारण बना हो, उस मंत्र को भी लोगों ने सांप्रदायिक कह कर उसमें संशोधन करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने कहा ये पांच या छह छंद का क्यों पढ़ना है दो छंद में ही हो जाए। कोई व्यक्ति, जाति, मत कोई मजहब किसी राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि वंदे मातरम का विरा. ध ही भारत के विभाजन का कारण बना था। कांग्रेस ने उस समय मोहम्मद अली जौहर को पद से हटा दिया होता और वंदे मातरम का सम्मान किया होता, तो भारत का दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन नहीं हुआ होता। राष्ट्रीय एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले कारकों को ढूंढना होगा, उस पर प्रभावी प्रहार करना पड़ेगा, जिससे आने वाले समय में कोई दूसरा जिन्ना पैदा होकर भारत की अखंडता को चुनौती न देने पाए।

### धन की कमी से नहीं रुकेगा गंभीर बीमारियों का उपचार: सीएम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास दिलाने, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शादी और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के उपचार में आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।



**सेंसेक्स** 83535.35
**निफ्टी** 25574.35



**सोना रु.** 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 150660
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार, सेंसेक्स 319 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तीन दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.07 अंक (0.38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,535.35 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 82.05 अंक यानी 0.32 फीसदी ऊपर 25,574.35 अंक पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में बढ़त के कारण घरेलू बाजारों में भी निवेश धारणा को मजबूती मिली। आईटी और फार्मा सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.40 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,233 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,637 के शेयर लाल निशान में और 1,502 के हरे निशान में रहे। अन्य 94 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। आईटी और फार्मा के साथ धातु, ऑटो और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में भी तेजी रही। रियलिटी, सार्वजनिक बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1. 88 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 1. 76, एशियन पेंट्स का 1.28, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.20, टीसीएस का 1.12 और भारती एयरटेल का 1.00 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी, टाइटन, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बीईएल और आईटीसी के शेयर भी बढ़त में रहे। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.41 फीसदी की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.49 प्रतिशत, पावर ग्रिड का 1.36, अल्ट्रटेक सीमेंट का 0.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.77 और एक्सिस बैंक का 0.51 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.26 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1. 55 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.53 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.75 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में था।

## मार्केट खुलते ही सोना व चांदी के भाव में उबाल

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में बाजार खुलते ही उछाल आ गया। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोना 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 3,000 रुपये प्रति किलो महंगी हो गई। 5 दिसंबर की डिलीवरी वाला सोना सोमवार सुबह 10 बजे 1427 रुपये की तेजी के साथ 1,22,494 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सत्र में यह 1,21,067 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,21,768 रुपये पर खुला। चांदी की कीमत में भी शुरुआती कारोबार में काफी तेजी आई है। एमसीएक्स पर 5 दिसंबर को डिलीवरी वाली चांदी 2942 रुपये की तेजी के साथ 1,50,660 रुपये किलो के भाव पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 1,47,728 रुपये पर बंद हुई थी और आज 1,49,540 रुपये पर खुली। सोने की कीमत अक्टूबर में ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई थी। उसके बाद उसमें गिरावट आई, लेकिन अमेरिकन इकॉनमी की हेल्थ से जुड़ी चिंताओं और दिसंबर में एक और रेट कट की उम्मीद में सोने की चमक फिर से बढ़ने लगी है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई, जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव बना रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,111 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.96 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 92 रुपये बढ़कर 3,838.23 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,855.96 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 19 रुपये घटकर 3,003.64 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव बना रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 81 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल भी 56 रुपये और वनस्पति 170 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल 31 रुपये और सोया तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 113 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। दाल-दलहनों में मजबूती रही। मूंग दाल 111 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 190 रुपये और मसूर दाल 149 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। चना दाल की कीमत 119 रुपये और उड़द दाल की 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 86 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7876.63 रुपये, मसूर काली 8152.33 रुपये, मूंग दाल 10088.98 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10583.98 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रतिं क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.96 रुपये और चावल 3838.23 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4324.96 रुपये और गुड़ 5027.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# कर्नाटक में कानून व्यवस्था बदहाल, अपराधियों को जेल में मिल रहा वीआईपी ट्रीटमेंट: भाजपा

## कानून का भय नहीं, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गई

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर कानून व्यवस्था को बदहाल करने एवं अपराधियों को जेल के बाहर और भीतर आश्रय देने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता आरोप लगाया कि कर्नाटक में सत्ता के संघर्ष में कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधियों में कानून का कोई भय नही है, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गई है। इतना ही नहीं राज्य सरकार जेल में बंद आतंकियों, बलात्कारी, हत्यारोपी को सरकार सुख सुविधा के साथ अय्याशी का सामान उपलब्ध करा रही है। पूनावाला ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से लेकर फरीदाबाद तक, देश की सुरक्षा एजेंसियां और सरकार गंभीरता और सजगता से आतंकवाद की किसी भी घटना को होने से पहले ही आतंकियों के नापाक इरादों का भंडाफोड़ कर रही हैं। वहीं कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ है। पूनावाला ने कांग्रेस पार्टी पर इस्लामिक जिहादी आतंक के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर

**■ कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ, कर्नाटक सरकार पकड़े गए आतंकवादी के लिए जलसे का आयोजन कर रही: पूनावाला**

आरोप लगाते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार की ओर से जेल में बंद एक इस्लामिक जिहादी आतंकवादी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद पर हमला किया जा रहा है और नागरिकों को आतंकवादियों के नापाक मंसूबों से बचाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार पकड़े गए आतंकवादी के लिए जलसे का आयोजन कर रही है। पूनावाला ने कहा कि आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए भर्ती करने वाले आतंकी को जेल में फोन समेत तमाम सुविधा देने के साथ साथ बलात्कारी और हत्या के अभियुक्त, सोने के स्मगलिंग में शामिल आरोपी को जेल प्रशासन सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

# बिहार में दो दशक के अन्याय के अंत को महागठबंधन सरकार बनाएं : खड़गे

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के लिए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि राज्य में 20 साल जारी अराजकता को खत्म करने और सबको न्याय दिलाने के वास्ते वे महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें।

खड़गे ने कहा कि बिहार के लोग दो दशक से अन्याय सह रहे हैं और मतदाता इसका अंत करने के लिए महाठबंधन के पक्ष में वोट करें। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार बिहार के लोगों को दो दशकों की लाचार और भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्ति दिलाएगी तथा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम करेगी। खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अब पलायन रुकेगा,



युवाओं के भविष्य से अंधेरा छंटेगा, हर घर नौकरी से उनका कल संवरेगा। अन्याय का करेंगे अंत, सामाजिक न्याय से बदलेंगे बिहार। हमारा वादा है-महागठबंधन दलित, महाद. लित, आदिवासी, पिछड़े, अति-पिछड़े, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं, किसानों और युवाओं के आर्थिक उत्थान के लिए ठोस योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बदलाव के लिए तैयार है और महागठबंधन राज्य का गौरव लौटाने का संकल्प लेकर मैदान में है। इसलिए मतदाता विकास, समानता और न्याय के लिए महागठबंधन को वोट दें।

### इंडिया गठबंधन ने मानी हार: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हताश और निराश होकर अपनी हार मान ली है। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में विधान सभा चुनाव के लिए प्रचार समाप्त हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के आगामी उपचुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह उपचुनाव केवल एक निर्वाचन प्रक्रिया नहीं, बल्कि दिल्ली में स्वच्छ, पारदर्शी और विकासोन्मुख शासन को चुनने का अवसर है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को वार्ड-56 शालीमार बाग-बी से पार्टी प्रत्याशी अनीता जैन और वार्ड-65 अशोक विहार से वीना असीजा के नामांकन कार्यक्रम में भागीदारी की। नामांकन दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री ने दोनों वार्डों में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन और हवन-पूजन में शामिल हुईं। इसके बाद मुख्यमंत्री रोड शो में शामिल हुईं और विशाल जनसभा को भी संबोधित किया और कहा कि पार्टी ने दोनों वार्डों से कर्मठ, अनुभवी और समर्पित महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शालीमार बाग की धरती धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए सदैव चर्चाओं में रही है। जब उन्हें जनता के आशीर्वाद से विधायक और तत्पश्चात मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला, तब उन्होंने इसे व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता द्वारा दिया गया विश्वास और सम्मान माना। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं और जनता के समर्पण, निष्ठा और निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही शक्ति शालीमार बाग को दिल्ली की सबसे संगठित और विकसित विधानसभा बनाती है।मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पिछले आठ महीनों में न केवल शालीमार बाग, बल्कि पूरी दिल्ली में लंबे समय से अटके हुए विकास कार्यों को गति दी गई है। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों की समस्याओं के समाधान, व्यापारियों को प्रशासनिक दिक्कतों से राहत, महिलाओं और बच्चियों के लिए सुरक्षित माहौल तथा स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज और कंप्यूटर लैब की स्थापना जैसे कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं।

## सीबीआई ने 2.40 लाख की रिश्वत लेते एएसआई को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस के एक एएसआई को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब उसने 2 लाख 40 हजार की रिश्वत शिकायकर्ता से ली थीं, आरोपी एएसआई शिकायकर्ता के पक्ष में सत्यापन रिपोर्ट बनाने के एवज में पैसो की डिमांड कर रहा था, और धमकी दी थीं कि अगर पैसे नहीं दिये तो तुम्हारे खिलाफ सत्यापन रिपोर्ट बना दूंगा, फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार किया जा चूका है स

सीबीआई द्वारा बताया गया है कि आरोपी एएसआई पाटिल कुमार ज्योति नगर थाने में तैनात था, मीत नगर की एक प्रॉपर्टी का मामला कड़कड़डूमा कोर्ट में चल रहा था, इस केस में आरोपी एएसआई को वेरिफिकेशन रिपोर्ट जमा करनी थीं, शिकायतकर्ता के पक्ष में रिपोर्ट पेश करने की एवज में उसने शिकायकर्ता से 15 लाख रुपयों की डिमांड की थीं, जिनमे से 2.40 लाख रूपये लेते हुए सीबीआई ने आरोपी को दर-दबोचा स आरोपी ने शिकायतकर्ता को 9 नवंबर को पैसे लेकर बुलाया गया था, जिस जानकारी के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और जैसे ही पाटिल कुमार ने पैसे लिए तभी सीबीआई ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया, गौरतलब है कि आरोपी ने धमकी दी थीं कि अगर उसे पैसे नहीं दिये गए तो वह शिकायतकर्ता के खिलाफ सत्यापन रिपोर्ट बना देगा

# गुस्सा होकर की थी दो साल के बच्चे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास में एक भिखारी ने मानवता की हद पार करते हुए एक दो साल के बच्चे की हत्या केवल इसलिए कर दी थीं, कि उसका बच्चे के माता- पिता से झगड़ा हो गया था और हत्या के बाद शव को जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इलाके में इधर उधर भटकता रहता है। उसका कोई निश्चित ठिकाना नहीं है। बताया जा रहा है कि इलाके में वह भीख मांगता था।

पूछताछ में उसने खुलासा किया है कि वारदात के कुछ दिन पहले उसका बच्चे के माता पिता से कहासुनी हो गई थी। इसी का बदला लेने के लिए उसने बच्चे का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस इससे आगे की पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के अनुसार, खजूरी खास पुलिस ने वारदात की जानकारी मिलने के बाद तकनीकी टीम व स्थानीय सूत्रों की मदद से जांच शुरू की। जांच में मिले सुरागों के आधार पर दिल्ली व यूपी में कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई लेकिन आरोपी का कोई निश्चित ठिकाना नहीं था। वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। इसी बीच पुलिस को आरोपी के बारे में स्थानीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली और पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से आरा. 'पी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान शाका उर्फ पप्पू उर्फ पागल (40) के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि वह एक आवारा किस्म का व्यक्ति है जो अक्सर इलाके में इधर-उधर भटकता रहता था। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वारदात वाली रात उसकी बच्चे के माता-पिता से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

## महिपालपुर में 23 साल की महिला की संदिग्ध मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महिपालपुर इलाके में 23 साल की महिला की संदिग्ध मौत की घटना से सनसनी फैल गई। यह महिला नॉर्थ-ईस्ट की रहने वाली थी और गुरुग्राम की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करती थी।

दिल्ली पुलिस को सोमवार सुबह एक मकान में महिला का शव होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने देखा कि महिला बाथरूम के अंदर मृत पड़ी थी। पुलिस ने आशंका जताई है कि बाथरूम में रॉड हीटर से टच होने पर करेंट लगने से उसकी मौत हुई। इसके बाद, पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

# सतेंद्र उर्फ बाबा गैंग के दो पकड़े

**पुलिस ने आरोपी से दो अत्याधुनिक हथियार व छह जिंदा कारतूस बरामद किए।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सतेंद्र उर्फ बाबा गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो अत्याधुनिक हथियार और छह जिंदा कारतूस बरामद किए है। यह गैंग आपराधिक मामलों में गवाहों को अदालत में गवाही देने से रोकने के लिए उन्हें धमकाने में सक्रिय रूप से शामिल था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि आरोपी राहुल उर्फ घ्अमित (38) एक मामले में वांछित चल रहा था। इस मामले में, 07 सितंबर को आरोपी राहुल उर्फ अमित ने अपने साथियों के साथ मिलकर जितेंद्र नामक एक व्यक्ति को धमकाया और उस पर हमला किया, और उसे धमकाया कि अगर उसने या उसकी माँ ने गवाही दी तो उसे जिंदा जला दिया जाएगा।

जब जितेंद्र ने विरोध किया, तो हमलावरों में से एक ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर गोली चला दी। आरोपी राहुल उर्फ घ्अमित घटना के बाद से ही फरार था और गिरफ्तारी से बच रहा था। इसी दौरान टीम को सतेंद्र उर्फ बाबा गैंग के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली कि गैंग के कुछ सदस्य दिल्ली में छिपे हुए हैं और बहुत जल्द दिल्ली में कुछ जघन्य अपराध करने की साजिश रच रहे हैं।इसी बीच हेड कांस्टेबल कपिल राज शर्मा और मोहित बालियान को एक विशिष्ट इनपुट मिला कि राहुल उर्फ घ्अमित और मोहित उर्फ घ्लाला (22) किसी अन्य अपराध की योजना बनाने के लिए अपने साथियों से मिलने इहबास अस्पताल के पास आएंगे। यह भी पता चला कि दोनों सतेंद्र उर्फ बाबा गैंग के सक्रिय सदस्य हैं।

इस सूचना के मिलते ही एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर के.के.शर्मा के नेतृत्व में टीम ने नंद नगरी इलाके में छापेमारी कर आरोपी राहुल उर्फ अमित और मोि. हत उर्फ लाला को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उनके पास से एक सेमी- ऑटोमैटिक पिस्टल,चार जिंदा कारतूसों के साथ, और एक रिवॉल्वर दो जिंदा कारतूसों के साथ बरामद की।



दिल्ली नगर निगम उपचुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल करते हुए।

## एक नजर

### जॉब ऑफर के स्कैम को पहचानें व उससे बचें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शशि कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर, इनडीड इंडिया के अनुसार नौकरी तलाशने में समय लगता है। इसके लिए प्रयास करना पड़ता है और विश्वास बनाए रखना पड़ता है। लेकिन बढ़ते घोटालों ने इस प्रक्रिया को और अधिक तनावपूर्ण और भ्रामक बना दिया है। दुख की बात है कि घोटालेबाज नौकरी के बाजार की मंदी का फायदा उठाकर नौकरी तलाशने वालों को अपनी चाल में फँसा रहे हैं। इनमें से तो कुछ खुद नियोक्ता बनकर सामने आते हैं। नौकरी के विकसित होते हुए बाजार में यह आवश्यक है कि नौकरी तलाशने वालों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए और जोखिम के संकेतों को पहचाना जाए, ताकि अभ्यर्थी आत्मविश्वास के साथ नौकरी तलाश सकें

### शक्तिमान रिटर्न्स अब पॉकेट एफएम पर

**नई दिल्ली।** मुकेश खन्ना की आवाज में 40 एपिसोड की एक्सक्लूसिव ऑडियो सीरीज, सभी यूजर्स के लिए मुफ्त स्ट्रीमिंग के साथ उपलब्ध।

### 24×7 ब्रेन स्ट्रोक हेल्पलाइन शुरू की

**नई दिल्ली।** स्ट्रोक के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर इलाज के महत्व को समझाने के लिए मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम ने शहर की पहली 24×7 ब्रेन स्ट्रोक हेल्पलाइन शुरू की है। यह पहल अभियान के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य हैख्रस्ट्रोक के मरीजों और उनके परिवारों को उस समय तुरंत मेडिकल सहायता उपलब्ध कराना, जब हर सेकंड कीमती होता है

### भारतीय विद्या भवन ने 87वां स्थापना दिवस मनाया




**नई दिल्ली।** भारतीय विद्या भवन, दिल्ली केंद्र ने आज अपने 87वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन 17वें संगीत समारोह के रूप में किया। भारतीय शास्त्रीय कला और संस्कृति के इस उत्सव का आयोजन नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बनवारीलाल पुरोहित ने की, जो भारतीय विद्या भवन के उपाध्यक्ष व न्यासी होने के साथ-साथ दिल्ली केंद्र के अध्यक्ष भी हैं। श्री पुरोहित पंजाब, तमिलनाडु तथा असम एवं मेघालय के राज्यपाल रह चुके है और एक अनुभवी प्रशासक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण वाले राजनेता हैं। वे लंबे समय से भारतीय विद्या भवन की उस परंपरा से जुड़े हैं जो भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और नैतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य कर रही है। अपने संबोधन में बनवारीलाल पुरोहित ने समाज में कला, साहित्य और संस्कृति की भूमिका पर बल देते हुए कहा, ष्कवि रामधारी सिंह दिनकर जी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी से कहा था कि जहाँ-जहाँ राजनीति फिसलती है, वहाँ वहाँ साहित्य उसे संभालता है। उन्होंने डॉ. जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर का उल्लेख करते हुए कहा, ओपेनहाइमर ने कहा था कि कला के बिना विज्ञान का कोई मूल्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि, जी समाज विज्ञान और संस्कृति की उपेक्षा करता है, वह धीरे-धीरे पलन की ओर बढ़ता जाता ह

### बीस लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सुलझा ,दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के सुभाष प्लेस थाने के स्टाफ ने बीस लाख- रुपये की धोखाधड़ी का मामला सुलझाकर ओडिशा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत करके बीस लाख रुपये मूल्य का चावल हड़प लिया था।

दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि पिछले पंद्रह वर्षों से एमपीडी रिटेल नामक फर्म के तहत चावल और खाद्य आपूर्ति व्यवसाय में लगे हुए शिकायतकर्ता,ने आरोप लगाया है कि तीन व्यक्तियों ने धोखाधड़ी से मेसर्स स्मार्टवैल्यू लिमिटेड के अधिकारियों के रूप में खुद को पेश किया। उन्होंने दावा किया कि उनकी कंपनी परीक्षण उद्देश्यों और भविष्य में बड़े पैमाने पर खरीद के लिए चावल खरीदने का इरादा रखती है।

# नीति आयोग के कर नीति अध्यक्ष ब्लू ओशन सलाहकार बोर्ड में शामिल हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर ट्रांसफोर्मिंग इंडिया (नीति आयोग) में कर नीति सलाहकार समूह के अध्यक्ष पुष्पिंदर एस. पुनिहा को अपने सलाहकार बोर्ड में नियुक्त करने की घोषणा की है। इस नियुक्त के साथ सप्लाय चौन कन्सल्टिंग और प्रशिक्षण में दुनिया की नंबर 1 कंपनी ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन, जिसका मुख्यालय लंदन में है, उसने भारत के आर्थिक विकास और व्यावसायिक विकास परिदृश्य के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है।

श्री पुनिहा का ब्लू ओशन के साथ जुड़ाव ऐसे समय में हुआ है जब भारत की अर्थव्यवस्था संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, जिसमें कर सुधार, सप्लाय चौन आधुनिकीकरण और नीति-संचालित विकास इसके विकास एजेंडे के केंद्र में हैं। राजकोषीय प्रबंधन और शासन में श्री पुनिहा का व्यापक अनुभव ब्लू ओशन को भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अपने परामर्श, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पहलों को संरेखित करने के लिए विशिष्ट अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। यह सहयोग भारत में ब्लू ओशन के रणनीतिक विस्तार को भी मजबूत करता है, जहाँ यह संगठन देश की सप्लाय चौन व्यवस्था तंत्र को मजबूत करने, कुशल प्रतिभाओं का निर्माण करने और व्यापार एवं लोजिस्टिक्स के लिए वैश्विक केंद्र बनने के अपने दृष्टिकोण को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के बोर्ड सदस्य सौरव गांग. ुली ने कहा, बीसीसीआई में श्री पुनिहा के साथ पहले काम करने के बाद, मैं उनकी विशेषज्ञता और व्यावसायिक योगदान को समझता हूँ। ब्लू ओशन में उनके साथ फिर से काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, जहाँ सलाहकार बोर्ड में उनकी उपस्थिति हमें भविष्य में अपने विकास और प्रभाव को बढ़ाने में मदद करेगी। नीति आयोग से एक वरिष्ठ नीति निर्माता को शामिल करने का ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन का निर्णय नीति निर्माण और पेशेवर व्यवहार के बीच एक सेतु का संकेत देता है। भारत के शीर्ष नीति थिंक टैंक के विचार एकीकृत करके, कॉर्पोरेशन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि उसकी सलाह प्रासंगिक, भविष्योन्मुखी और सरकार के आर्थिक दृष्टिकोण, जिसमें मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया जैसी पहल शामिल हैं, के अनुकूल बनी रहें।

श्री पुनिहा ने सलाहकार बोर्ड में शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि, ष्ब्लू ओशन में मैं वैश्विक विशेषज्ञता को भारत की आर्थिक प्राथमिकताओं के साथ जोड़ने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता देखता हूँ। हम साथ मिलकर ऐसी पहल करेंगे जो कुशल प्रतिभाओं का निर्माण करें और वैश्विक सप्लाय चौन केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को सुद्रढ़ करें। ब्लू ओशन के साथ पहले से ही घनिष्ठ रूप से जुड़े श्री पुनिहा ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इसके प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खरीद और सप्लाय चैन सम्मेलन में संगठन का प्रतिनिधित्व किया।

# पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की बड़ी खेप,एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के मानसरोवर पार्क थानांतर्गत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की क्रैक टीम ने 1,555 क्वार्टर अवैध शराब से भरी स्विफ्ट कार को जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शाहदरा पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया बीती 9 नवंबर की दोपहर करीब 12:35 बजे एएसआई सुनील और हेडकॉस्टेबल अनुज इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक सफेद स्विफ्ट कार वाटर पंप, रेलवे लाइन शाहदरा के पास खड़ी है और उसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब लदी हुई है। टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां कार के अंदर एक युवक बैठा मिला। पूछताछ में वह उलझा हुआ जवाब देने लगा, जिससे टीम को शक हुआ। कार की तलाशी लेने पर अंदर प्लास्टिक बैग में भरी अवैध शराब के 1,555 क्वार्टर मिले।

पुलिस ने मौके से आरोपी अजय मिश्रा (27 वर्ष), निवासी मयूर विहार फेज-3, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एफआईआर नंबर 390/25, धारा 33/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।




निगम मुख्यालय में उर्दू दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उप महापौर जयभगवान यादव स्थायी समिति की अध्यक्ष, सत्या शर्मा व नेता सदन प्रवेश वाही आदि मौजूद थे।

# निगम ने किया उर्दू दिवस पर मुशायरे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में उर्दू दिवस के मौके पर किया मुशायरे का आयोजन दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में आज उर्दू दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और साहित्यिक वातावरण में किया गया। इस मौके पर मुशायरे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम के उप महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष, सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, तथा अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल सहित निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वन्दे मातरम गीत के साथ किया गया। उप महापौर जयभगवान सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू भाषा सिर्फ एक जबान नहीं बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। यह भाषा दिलों को जोड़ने का काम करती है। दिल्ली नगर निगम सदैव सभी भाषाओं और संस्कृतियों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उर्दू दिवस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थायी समिति की अध्यक्ष सुश्री सत्या शर्मा ने कहा ख्रउर्दू की खूबसूरती उसकी नजाकत और अदब में छिपी है।

उन्होंने कहा कि हिन्दी उर्दू भाई- बहन है। हमें गर्व है कि निगम परिवार में अनेक अधिकारी और कर्मचारी इस भाषा को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।

## विवाद का बदला लेने को की रॉबरी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के रंजीत नगर थाने की टीम ने रॉबरी के एक मामले को सुलझाकर- एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से नगदी बरामद की है।आरोपी पहले भी दो आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया। आरोपी का पीड़ित से विवाद था।इसी का विवाद का बदला लेने के लिए उसने अपराध किया था। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि 08.नवबर को रंजीत नगर थाने में रॉबरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके एक परिचित लड़के ने उसे ब्लेड से घायल करने का डर दिखाकर उससे 1,000 रूपये लूट लिए और उसे थप्पड़ भी मारे।

# दिल्ली का विकास सरकार की प्राथमिकता: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली में स्वच्छता और हरियाली बढाने के साथ साथ इसका विकास करना सरकार की प्राथमिकता में है।रेखा गुप्ता ने नगर निगम उपचुनाव में भाजपी प्रत्याशी के समर्थन में शालीमार बाग में निकाले गये रोड शो के दौरान कहा कि यह उपचुनाव दिल्ली के स्थानीय विकास, स्वच्छता, और व्यवस्था को सतत सुनिश्चित करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी प्रत्याशी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है कि दिल्ली नगर निगम में बारह सीटों पर 30 नवंबर को उपचुनाव होना है।

उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि भाजपा के कुल 12 उम्मीदवारों में से आठ महिलाएं हैं। यह नारी शक्ति को नेतृत्व और उचित प्रतिनिधित्व देने की हमारी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें दृढ़ विश्वास है कि दिल्ली के प्रबुद्ध नागरिक सेवा के इस संकल्प को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद और समर्थन प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जिन परिस्थितियों के दबाव में इतने सालों से थी अब उनके धीरे धीरे समाधान का समय आ गया है। अब नगर निगम के उपचुनाव में बारह सीटों पर भाजपा का विजयी होना जरूरी है। दिल्ली का विकास, दिल्ली में स्वच्छता और हरियाली हमारा लक्ष्य है।

# दिल्ली में भारतीय कला संस्कृति महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** विजय गोयल वाईस प्रेसिडेंड गाँधी स्मृति दर्शन दिल्ली की अध्सक्षता मे विजय कपिल फाउंडेशन, संगी. तिका अकादमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स दिल्ली, और वन कन्या आर्ट्स के सहयोग से 12 से 16 नवंबर 2026 तक, गांधी दर्शन, राजघाट, दिल्ली में भारतीय कला संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की क्यूरेटर डॉ. गौरी श्रीवास्तव ने बताया की यह आयोजन कथक गुरु जितेंद्र महाराज की स्मृति में उनके शिष्यों, पद्मश्री कथक नृत्यांगना नलिनी कमलिनी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य भारत के कलात्मक और सांस्कृतिक ताने-बाने को पूर्ण गरिमा के साथ सामने लाना है। आयोजन में शास्त्रीय नर्तकों के साथ-साथ लोक नर्तक भी प्रस्तुति देंगे। इसमें वन कन्या आर्ट्स की ओर से ष्नृत्यमष विषय पर एक कला प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रमुख चित्रकार नृत्य विषय पर आधारित अपनी पेंटिंग प्रदर्शित करेंगे। वरिष्ठ कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का लाइव प्रदर्शन भी होगा। फैशन शो, कवि सम्मेलन और साहित्यिक कार्यक्रम भी अयोजित किये जा रहे है।

## निगम मुख्यालय करेगा उपार्जन आधारित दोहरी प्रविष्टि लेखा प्रणाली शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने 15 नवंबर 2025 से अपने मुख्यालय में उपार्जन आधारित दोहरी प्रविष्टि लेखा प्रणाली आरम्भ करने की घोषणा की है। मुख्यालय भवन के सभी विभाग नई लेखा व्यवस्था में स्थानांतरित हो जाएँगे।

हाल ही में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के उपयोग पोर्टल के वित्त एवं लेखा के सिस्टम इंटीग्रेटर के साथ समीक्षा के दौरान मुख्यालय के आय और व्यय मदों का सितंबर 2025 माह का मासिक लेखा, ट्रायल बैलेंस, लेजर पोस्टिंग, कॉन्ट्रा और जर्नल प्रविष्टियों आदि के साथ तैयार किया गया। यह नकद आधारित से उपार्जन आधारित लेखा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो निगम के वित्तीय प्रबंधन में आधुनिक. ीकरण और पारदर्शिता लाने में मदद करेगा। दिल्ली नगर निगम में अब तक सभी खातों और भुगतान प्रक्रियाओं का रखरखाव मैन्युअल रूप से किया जाता है। ऑनलाइन डबल एंट्री अकाउंटिंग सिस्टम की शुरुआत से वित्तीय आंकड़ों के रिकॉर्ड, प्रोसेसिंग और निगरानी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आएगा

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# आईटीएस में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम का तृतीय दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के लिए नौ दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) के अंतर्गत "व्यवहारिक दृढ़ता और सार्वजनिक संवाद को सशक्त बनाना" विषय पर तीसरे प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम आईटीएस ख्र द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी, गाजियाबाद, प्रो. डॉ. अजय कुमार, निदेशक, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट तथा डॉ सुनील कुमार पांडे, निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, गाजियाबाद की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 44 ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




यह प्रशिक्षण सत्र संस्थान के "चाणक्य लॉबी" में आयोजित किया गया। अपने संबोधन में आईटीएस – द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की निष्ठा और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने टीमवर्क, सकारात्मक दृष्टिकोण और निरंतर सीखने के महत्व पर बल दिया। श्री चड्ढा ने आलोक प्रियदर्शी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वे अपनी टीम के कल्याण और व्यावसायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित किया और कहा कि वे इन सत्रों को अधिक इंटरैक्टिव बनाएं ताकि वे अपने व्यावसायिक और व्यक्तिगत जीवन दोनों में प्रगति कर सकें। अपने विशेष संबोधन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आईपीएस) आलोक प्रियदर्शी ने अनुशासन, सुरक्षा और जनता के विश्वास को बनाए रखने में प्रत्येक अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने गाजियाबाद के ट्रैफिक प्रबंधन के आधुनिकीकरण की अपनी दृष्टि साझा की। साथ ही, उन्होंने आईटीएस मोहन नगर, गाजियाबाद के प्रयासों और योगदान की सराहना की कि संस्थान द्वारा पुलिस अधिकारियों के लिए इतना प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और सामाजिक कल्याण में अपनी अहम भूमिका का निर्वाह किया।

इस अवसर पर आई टी एस– द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की, आयोजकों को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामना दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो प्रभावशाली सत्र आयोजित किए गए जिसे व्यवहार विज्ञान और संचार प्रशिक्षण में विशेषज्ञता रखने वाली फैकल्टी सदस्य प्रो याचना मल्होत्रा और प्रो शिल्पी राणा ने संचालित किया। पूर्वाह्न सत्र का विषय "स्वयं पर नियंत्रण और सार्वजनिक व्यवहार तकनीक" रहा। अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान आने वाली व्यवहारिक चुनौतियों को समझने, तनाव प्रबंधन, शांति, धैर्य और भावनात्मक संतुलन विकसित करने के तरीकों से अवगत कराया गया। सत्र में माइंडफुलनेस अभ्यास, एकाग्रता बढ़ाने वाली गतिविधियाँ और प्रभावी संवाद तकनीकें सिखाई गईं।

## भक्ती व तुषार गुप्ता को आशीर्वाद देने पहुंचे गणमान्य लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के भतीजे और डायरेक्टर राजीव कुमार गुप्ता के सुपुत्र तुषार गुप्ता और भक्ति गुप्ता को दिल्ली में आयोजित आशीर्वाद समारोह में अनेकों लोगों ने नवयुगल को उनके खुशहाल जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

इनमें मुख्य रूप से अभिनेता चंकी पाण्डेय, नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष, मयंक गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी, संजीव शर्मा, पृथ्वी सिंह, पवन गोयल, अशोक मोंगा, सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## सर्वधर्म सभा मोदीनगर ने कराया निर्धन कन्याओं का विवाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सामाजिक संस्था ष्सर्वधर्म सभाष् द्वारा छत्रि वाले शिव मंदिर में दो निर्धन कन्याओं का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। 'सर्वधर्म सभा' के संरक्षक संदीप गुप्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता – डॉ. आशाराम गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया की सभा सुयोग्य गरीब कन्याओं का विवाह- आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त कन्या के परिवार को जाँच परख कर करती है। यह संस्था द्वारा कराया गया 87वाँ एवम् 88वाँ विवाह संस्कार हैं।

सैद्धांतिक रूप से यह विवाह संस्कार बिना किसी दान–दहेज के सम्पन्न कराया जाता है, मगर फिर भी संस्था द्वारा घरेलु उपयोग का कुछ जरूरी सामान ष्उपहार स्वरुपष विदाई के समय दिया जाता है। यह कार्य समाज के सभी लोगों की भागीदारी के द्वारा ही सम्पन्न होता है। इसमें कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपनी सेवाएं किसी भी रूप में दे सकता है। नवयुगल दम्पति को आशीर्वाद देने वालों में भूतपूर्व राज्य मंत्री राम किशोर अग्रवाल जी, विधायक श्रीमती मंजू शिवाच जी, मंजीत चौधरी, संतोष अरोड़ा, जगरानी गौतम, बसंत शर्मा, रूप चंद शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, नरेश अग्रवाल, महेन्द्र पंत जी, सुरेन्द्र गुप्ता (गुप्ता गिफ्ट), बालक राम कश्यप, महेन्द्र शर्मा, सहस्त्र पाल सिंह, वेद प्रकाश गुप्ता, लाजपत राय बंसल, दिनेश चंद्र शर्मा, विजय, योगेन्द्र अग्रवाल, अभिनव पाराशर सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# सरकारी जमीन व तालाब पर अवैध कब्जा करने की ग्रामीणों ने की डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम त्योडी के ग्रामीणों ने गांव की एलएमसी, तालाब व माता रास्ता आदि की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने व तालाब पर सम्बन्धित कर्मचारियो द्वारा कार्य ना करने के शिकायत का एक ज्ञापन जिलाधिकारी गाजियाबाद को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम त्यौडी 7 बिस्वा तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद में स्थित खसरा नं0-450 ख (माता) की भूमि व खसरा सं०-450क, 449 व 458 आदि में तालाब रास्ता व अन्य सरकार की जमीन एल.एम.सी की है परन्तु आस-पास के रहने वालो ने उक्त भूमि पर भूमाफियाओ से साज करके अवैध कब्जा कर उस पर निर्माण करवा रहे है तथा तालाब पर सम्बन्धित कर्मचारियो द्वारा साफ सफाई आदि का सही प्रकार से कार्य नही कराया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उच्च स्तरीय जांच कर एल.एम.सी. की जमीन को अवैध कब्जामुक्त कराया जाना व तालाब की रख रखाव का सही कार्य कराया जाना अति आवश्यक है। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रार्थना पत्र पर उचित कार्यवाही करते हुये उच्च स्तरीय जांच कर एल.एम.सी. की जमीन को अवैध कब्जामुक्त कराया जाना व तालाब की रख रखाव का सही कार्य कराया जाने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में राखावत पुत्र याकूर, मास्टर जुबैर आसार पुत्र अब्दुल रालाग व बाबू पुत्र भूरिया शकील पुत्र जाफर, रंजीत पुत्र जम्मू प्रदीप पुत्र मुन्ने, लवकुश पुत्र सुरेश, असलम पुत्र रिफाकत आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।



## कौशांबी में किया गया आधुनिक एरोबीन का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

साहिबाबाद। इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल्स संगठन द्वारा एस ओ आर टी योजना के तहत कौशांबी स्थित कैलाश और त्रिशूल टावर में पांच आधुनिक एरोबीन का शुभारंभ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा किया गया पार्षद द्वारा सभी क्षेत्रवासियों से अपील की गई क्षेत्र को साफ रखने में नगर निगम का सहयोग करें पॉलिथीन का प्रयोग ना करें कौशांबी में आवारा पशु बड़ी समस्या है हमारे यहां गाए को रोटी खिलाना धार्मिक आस्था है लोगों से अपील की जगह-जगह गाय का खाना सड़कों पर ना गेरे इससे गंदगी फैलती है दुर्घटना भी होती है। यह संस्था जगह-जगह एरोबीन लगती है। इस एरोबीन मैं गीला कूड़ा डाल जाता है जिससे कुछ महीनो में खाद बन जाती है गीले कूड़े के निस्तारण के लिए यह एक अच्छा अभियान है कौशांबी में इसकी शुरुआत शिवालिक टावर से की गई थी।

## डीपीएस मोदीनगर के 5 दिवसीय टैलेंट कार्निवल का रंगारंग शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में दिनांक 10-11-2025 से छह दिवसीय "टैलेंट कार्निवल" का भव्य शुभारंभ हुआ। टैलेंट कार्निवल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का उत्सव है।" "यह आयोजन विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति को पंख देता है और उन्हें अपनी कला, खेल और ज्ञान के माध्यम से स्वयं को पहचानने का अवसर प्रदान करता है।"

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष कुमार मिश्रा, सहायक प्रोफेसर, कला विभाग, (सुभारती विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीपीएस के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं ट्रस्टी अनीशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने ज्ञान, सृजनशीलता और ऊर्जा के प्रसार का प्रतीक प्रस्तुत किया।



पहले दिन आयोजित प्रतियोगिता का विषय था "स्प्लैश ऑफ इन्फिनिटी", जिसमें छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का अनूठा प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विविध प्रकार की कला विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने मोजेक आर्ट, मास्क आर्ट, स्टोन पेंटिंग, लीफ आर्ट, डायोरामा आर्ट, थीम-आधारित कैनवास आर्ट, डूडल/स्केचिंग आर्ट तथा पॉप-अप बॉक्स निर्माण जैसी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया।

विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की रचनात्मकता से सजा हुआ था। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की कला, कल्पना और मेहनत की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि आशीष कुमार मिश्रा ने रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर कार्निवल की भव्य शुरुआत की जिसने उत्साह और नयापन का प्रतीक बनते हुए आकाश में रंगों की आभा फैलाई। यह क्षण विद्यार्थियों की कल्पनाओं और सपनों की ऊँचाईयों की ओर उड़ान भरने का प्रतीक था। उन्होनें अपने संबोधन में कहा कि "डीपीएस के विद्यार्थी अपनी कला और कल्पना से यह सिद्ध कर रहे हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनाओं और अनुभवों की अभिव्यक्ति भी है।"

## कंडेरे करण समाज ने किया भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कंडेरे करण समाज कल्याण संगठन दिल्ली और राधे कृष्णाय मित्र मंडली द्वारा गोवर्धन स्थित परिक्रमा मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद कंडेरे समाज के महामंत्री और भाजपा नेता आदरणीय वीरेंद्र कंडेरे ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ईश्वर से प्रार्थना की कि पूरे भारतवर्ष में प्रभु की कृपा बनी रहे और समय-समय पर ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहे। प्रातः काल आचार्य शिवदत्त भारद्वाज और आचार्य मानिकचंद शर्मा द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना और हवन किया गया। इसके बाद गिर्राज जी को भोग लगाया गया और भंडारा वितरण शुरू हुआ। सभी सामाजिक बंधुओं के सहयोग से भंडारा शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर दिल्ली कंडेरे समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष धर्मपाल, राधे कृष्ण मित्र मंडली से विनोद शर्मा, दिनेश शर्मा, सुनील शर्मा, वीरपाल शर्मा, राजेंद्र निर्वाण, अनुराग शर्मा, उमाशंकर, कल्याण सिंह, नितिन करन, मुकेश करन, सूरज प्रकाश, मास्टर हरशरण सिंह, प्रमोद करण, संजय, योगेंद्र एवं भाजपा नेता अमित चंढोक उपस्थित रहे।



## आईटीएस डेन्टल कॉलेज को चरक अवॉर्ड फॉर बेस्ट डेन्टल इंस्टीट्यूशन से नवाजा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एंड रिसर्च ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। संस्थान को शिक्षा जगत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आई.डी.ए.) द्वारा प्रतिष्ठित चरक अवार्ड फॉर बेस्ट डेन्टल इंस्टीट्यूशन के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह समारोह जियो वर्ल्ड सेंटर, मुंबई में आयोजित हुआ, जिसमें चिली के महावाणिज्यदूत गुस्तावो गोंजालेज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर देश के शिक्षा और व्यवसाय जगत की कई नामचीन हस्तियाँ भी मौजूद रही। आई.टी.एस – द एजुकेशन ग्रुप ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। समूह के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व में संस्थान ने विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं प्रदान की है, जिसके परिणामस्वरूप आई.टी.एस. आज पूरे भारतवर्ष में एक विश्वसनीय और अग्रणी नाम बन चुका है। संस्थान का मिशन इन सर्विस फॉर ए हेल्दी नेशन उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह न केवल उत्कृष्ट दंत शिक्षा प्रदान करने के लिए बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी निरंतर कार्यरत है।




## कृष्णा रूहेला के नेतृत्व में समाज की एकता एवं प्रगति पर हुआ मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाज के सर्वांगीण विकास, एकता और उत्थान के उद्देश्य से रूहेला राजपूत सभा का आयोजन ओम साई, संतपुरा स्थित कृष्णा रूहेला के निवास पर उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता श्रीनिवास रूहेला ने की तथा नेतृत्व कृष्णा रूहेला द्वारा किया गया। सभा में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और गणमान्य सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और समाज की प्रगति, एकता एवं संगठन से संबंधित अनेक विषयों पर विचार- विमर्श किया।

बैठक के दौरान अवधेश रूहेला ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक एकजुटता और युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने जैसे मुद्दों पर विशेष रूप से अपने विचार रखे।उन्होंने कहा कि समाज का सशक्त भविष्य तभी संभव है जब युवा शिक्षा और संगठन दोनों के प्रति समर्पित होकर कार्य करें।

सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में समाज की एकजुटता, सतत विकास और सामूहिक प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कई रचनात्मक सुझाव और योजनाएँ भी प्रस्तुत की गईं, जिन पर आगे अमल करने का निर्णय लिया गया। सभा के समापन पर कृष्णा रूहेला ने सभी उपस्थित आगंतकों, समाजसेवियों एवं युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, रोजगार, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सहयोग में ठोस कार्य योजनाएँ बनाकर शीघ्र अमल किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए रूहेला समाज और अधिक संगठित एवं सशक्त बन सके।

रूहेला समाज की उन्नति और सम्मान तभी संभव है जब हम सब एकजुट होकर शिक्षा, संगठन और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें। समाज का हर सदस्य परिवर्तन का भागीदार बने यही हमारा लक्ष्य है।

## अवैध कब्जा रुकवाने के लिए अधिशासी अधिकारी ने की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगरपालिका ईओ ने नगर की गुड़ मण्डी के पीछे खसरा संख्या 585 व 568 जो सरकारी जमीन है को लेकर पुलिस विभाग को एक पत्र लिखकर शिकायत दी थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि इस जमीन पर इस्लामुद्दीन उर्फ भूरा भराव कर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है इस शिकायत की एक प्रतिलिपि एसडीम मोदीनगर को भी भेजी गई थी बताया जा रहा है कि अभी भी उक्त जमीन पर भराव कार्य चल रहा है लेकिन पुलिस ने सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने का कोई प्रयास नहीं किया। मामला डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी के संज्ञान में आने के बाद थाना प्रभारी अंकित चौहान को आवश्यक निर्देश दिए गये हैं।

**आदेशानुसार न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज सी.डि. बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 49/2023

सुशील चन्द शर्मा आयु लगभग 79 वर्ष पुत्र स्व. प्रकाशचन्द शर्मा निवासी 6/8 अलकापुरी कालोनी हैस्टिंग्स रोड, इलाहाबाद 211001

**बनाम**

1- सुधीर चन्द शर्मा आयु लगभग 75 वर्ष पुत्र स्व. प्रकाश चन्द शर्मा निवासी बी-2-ए ब्लाक बी सैक्टर 23 संजय नगर गाजियाबाद उ.प्र. 201001

2- श्रीमति रेखा शर्मा आयु लगभग 72 वर्ष पत्नी श्री ऐ.के. शर्मा पुत्री स्व. प्रकाशचन्द शर्मा निवासी प्लाट नं. 26 ज्ञान खण्ड-3 इन्द्रापुरम शिप्रा सनसिटी गाजियाबाद 201014

3- श्रीमति शालिनी सारस्वत आयु लगभग 61 वर्ष पत्नी डॉ. राकेश सारस्वत पुत्री स्व. प्रकाशचन्द शर्मा निवासी 1068-बी-84 घन्टा मन्दिर बदांयू रोड बरेली 248001

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी सुशीलचन्द शर्मा उपरोक्त ने यह आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सं. 39 सन् 1925 वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 11 के दिवस 25 को 10-30 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्येक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा।

**नियत दिनांकः- 25-11-2025**

**प्रबंधक**
**न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज सी.डि. बिजनौर**

## भारी समर्थकों के साथ अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल: ब्रह्मदेव त्यागी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन 2025-26 के चुनाव में अधिवक्ता ब्रह्मदेव त्यागी ने भारी दल बल व समर्थकों के साथ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ, युवा एवं महिला अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। विदित हो कि आगामी 14 नवम्बर 2025 को चुनाव संपन्न होंगे। अधिवक्ता समाज में ब्रह्मदेव त्यागी को उनके विधिक ज्ञान, ईमानदारी, निष्ठा और साफ-सुथरी छवि के कारण भारी समर्थन अधिवक्ताओ मिल रहा है। ब्रह्मदेव त्यागी ने अपने घोषणा में कहा कि कचहरी परिसर की प्रमुख समस्याओं जैसे जल भराव, शौचालय दुरुस्तीकरण, अधिवक्ता चेंबर निर्माण, मेडिकल सुविधाएं तथा न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रहे अधिवक्ताओं के लिए विशेष सहायता योजनाओं व बार बेंच व प्रसाशनिक अधिकारियो के बीच समन्वय आदि को प्राथमिकता देने की बात कही।

### एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने

## सर्वश्रेष्ठ डिस्प्ले और सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार किया प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने आरंभ आर्किटेक्चर एजुकेशन फेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ डिस्प्ले और सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह आयोजन काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। जिसमें दिल्ली-एनसीआर के 20 प्रमुख आर्किटेक्चर संस्थानों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं विनायक, सुयोग्य, अक्षय, निशिकांत, किशन, हर्षिता और अनुशा ने अपने नवोन्मेषी डिजाइन कार्य और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया।



इस उपलब्धि के पीछे स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन की निदेशक प्रो. अंजली कवात्रा का प्रेरणादायी नेतृत्व तथा विजेंदर सागर एसोसिएट प्रोफेसर और आर्किटेक्ट ईशा चाहर, असिस्टेंट प्रोफेसर का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों ने रचनात्मकता और उत्कृष्टता का प्रशंसनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उप-कुलाधिपति पियूष श्रीवास्तव ने कहा कि यह सफलता अनुशासित सीख, निरंतर प्रयास और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का परिणाम है, और यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और सशक्त करेगी।

कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि आरंभ-2025 में स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन के छात्रों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को सही दिशा और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा बनेगी। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने विजेता छात्रों और उनके मार्गदर्शकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से दो युवकों की मौत

## मेरठ जाते समय बालैनी टोल प्लाजा पर हुआ दर्दनाक हादसा, एक युवक गंभीर रूप से घायल






**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बालैनी टोल प्लाजा पर एक तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। यह घटना बालैनी थाना क्षेत्र में हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल को अस्पताल में भर्ती कर दिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतको के परिजनों को दे दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक युवक मेरठ के रहने वाले थे। वे बागपत की ओर से मेरठ जा रहे थे। जैसे ही वे टोल प्लाजा पर पहुंचे, पीछे से आ रहे एक कैंटर ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान दिनेश और नितिन के रूप में हुई है, जो मेरठ के निवासी थे। इस हादसे के बाद उनके परिवारों में शोक का माहौल है। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस ने कैंटर को जब्त कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# मजदूरी कर रहे युवक की सांप के डसने से चली गई आवाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मजदूरी कर रहे एक युवक को अचानक सांप ने डस लिया। सांप के डसते ही युवक की आवाज़ चली गई और उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

दरअसल पूरा मामला छपरौली थाना क्षेत्र के नंगला गांव का है, बताया जा रहा है कि युवक गांव में नलकूप पर पानी भर रहा था। तभी गांव की लगी में बनी दीवार से निकले एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। डसने के कुछ ही देर बाद युवक की आवाज़ बंद हो गई और उसका शरीर सुन्न पड़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेुर कर दिया। वहीं गांव में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

# 13 नलकूपों से हजारों की चोरी, किसानों मे आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** मंसुरपुर गांव मे देर रात्रि चोरो ने 13 नलकूपों पर धावा बोल हजारों रूपये का समान चोरी कर ले गये जिससे लेकर किसानों मे आक्रोश है। किसानों ने चोरो के खिलाफ थानें में तहरीर दी है।

चांदीनगर क्षैत्र में पिछले दो वर्षो से चोर सक्रिय है जो अलग अलग गावों मे नलकूपों पर धावा बोल बिजली के उपकरण चोरी कर ले जाते है। रात भी मंसुरपुर गांव में इन्द्रपाल पुत्र ईश्वर के यहा से चोरो ने नलकूप पर धावा बोल लगभग 15 हजार रूपये का समान चोरी कर ले गये। इसके अलावा देवेन्द्र पुत्र तेजपाल, रामबोश पुत्र यशपाल, अमीलाल, ओमपाल, रोहतास, सजीव, रामदास, मोनू, प्रेम सिंह, भोंदू, विपिन, ओमकार, विनोद आदि के नलकूपों पर धावा बोल हजारो का समान चोरी कर ले गये। किसानो ने बताया कि चोर जगंल मे सक्रिय है जिनकी शिकायत बार बार पुलिस से की जाती है लेकिन आज तक चोर पुलिस की पकड़ से बाहर है जिससे लेकर किसानों में आक्रोश बना हुआ है एक माह पहले ढिकोली के जगंल मे भी चोरो ने दर्जनो नलकूपों पर चोरी की थी किसानों ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थानें में तहरीर दी है।



# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार डॉक्टर को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार डॉक्टर को कुचल दिया। हादसे में बाछौड़ गांव के रहने वाले डा. सुशील की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

छपरौली थाना क्षेत्र के बाछौड़ गांव के रहने वाले डा.सुशील कुमार अपनी बाइक से घर जा रहे थे। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक पर जा रहे डा.सुशील कुमार को कुचल दिया। डा.सुशील कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं। वहीं डॉक्टर की मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार को कोहराम मचा गया। और मृतक के परिजनों के पुलिस से मामले के कड़ी कार्रवाई की मांग की हैं।


मृतक का फाइल फोटो

## एक नजर

### गांव की गलियों में चलाया साफ-सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के फैजपुर निनाना खेड़ा हटाना गांव में वरिष्ठ समा. जसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य एवं वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य ने गांव की गलियों में साफ सफाई अभियान का बीड़ा उठाते हुए गांव में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने अपने निजी पैसे से इस अभियान की शुरुआत की है। गांव की गलियों में ई रिक्शा के माध्यम से कूड़ा कचरा उठाने का काम किया गांव के लोगों ने भी इस पहल को उनका सराहनीय कदम बताया लगातार ग्रामीण क्षेत्र में तन मन धन से ग्रामीणों का सहयोग करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं। वह लोगों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने का कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र की कोई भी समस्या हो हर समस्या का समाधान का निस्तारण करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य खेड़ा हटाना ने कहा कि जनता की सेवा करना हमारा पुराना मकसद है जो वादा हमने जनता से किया था उसे वादे पर हम खरे।उतर रहे हैं इसीलिए जनता हमारे साथ मिलजुल कर चल रही है। जनता की सेवा करना यह हमारा मेन मकसद सुनील आर्य जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 12 ने बताया कि जो भी क्षेत्र का किसान हमारे पास अपनी समस्या लेकर आता है हम उसका निस्तारण करने में कोई कसर बाकी नहीं रखते उनके साथ गांव के लोगों ने भी साफ सफाई अभियान चलने का बीड़ा उठाया है। साप गांव सुंदर गांव बनाना ही हमारा मकसद है उन्होंने अपने पैसे से वार्ड नंबर 12 में एंबुलेंस छोड़कर भी गांव की सेवा करने का काम किया है यह एंबुलेंस 24 घंटे ग्रामीण क्षेत्र की सेवा में लगी रहती है।

# सीटी स्कैन कराने को लेकर जिला अस्पताल में हंगामा, डॉक्टर पर मारपीट का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिला अस्पताल में सोमवार को सीटी स्कैन कराने को लेकर हंगामा हो गया। अधिवक्ता और चिकित्सक के बीच कहासुनी हो गई। दोनों ने एक-दूसरे पर अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। अस्पताल प्रबंधन और अन्य अधिवक्ताओं ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया।

जिला अस्पताल पहुंचे छपरौली के दाउद का आरोप था कि वह अपने भाई अनीश का सिर का सीटी स्कैन कराने के लिए अस्पताल में आया हुआ था। जहां उसे कक्ष नंबर 11 मे जांच कराने के लिए खोजा गया था। कक्ष नंबर 11 में बैठे चिकित्सक ने उसे कक्ष नंबर 12 में खोज दिया। कक्ष नंबर 12 में बैठे चिकित्सक ने उसे वापस कक्ष नंबर 11 में ही जांच कराने के लिए कहकर वापस खोज दिया। आरोप लगाया कि कक्ष नंबर 11 में बैठे चिकित्सक ने उसके साथ अभद्रता की। उसका मोबाइल फोन छिन लिया और गार्ड को बुलाकर उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया गया। उधर चिकित्सक डा.श्रवण कुमार का कहना था कि युवक अपने भाई को लेकर आया था। उसके भाई के सिर में पहले चोट लगी हुई थी। उन्होंने सीटी स्कैन कराने से पहले सर्जन से जांच कराने के लिए कहा था। आरोप है कि युवक ने सर्जन से जांच कराने के बजाए उनके साथ अभद्रता कर मारपीट करने को उतारू हो गया। जिस पर उन्होंने गार्ड को बुलाया था। उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार है। अस्पताल में हंगामा होने पर वहां पहुंचे अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। दोनों ने एक-दूसरे पर अभद्रता करने और मारपीट करने का आरोप लगाया। बाद में अस्पताल में पहुंचे अधिवक्ताओं और अस्पताल प्रबंधन ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। सीएमएस डा. अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि सीटी स्कैन को लेकर विवाद हो गया था। मरीज का सीटी स्कैन कराकर विवाद समाप्त करा दिया।



# किसानों ने क्रय केंद्र बदलवाने की मांग को लेकर कलक्ट्रेट में दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिवाना गुलियान के किसान सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने गन्ना क्रय केंद्र बदलवाने की मांग को लेकर धरना दिया। उन्होंने डीएम से गन्ना क्रय केंद्र बदलवाने की मांग की।

किसानों का कहना था कि गांव के किसान मलकपुर मिल के क्रय केंद्र बी पर अपना गन्ना डालते थे। मिल की ओर से न तो समय पर इंडेंट जारी किया जाता है और न ही समय से गन्ना बकाया का खुगतान दिया जाता है। किसानों को घर खर्च चलाने के लिए मजबूरन कम दाम में कोल्हू पर गन्ना तौलना पड़ता है। उनका कहना था कि गांव से किनौनी मिल की दूरी दस किमी है। गांव के चारों ओर किनौनी मिल के ही केंद्र लगे हुए है। किसानों ने उनके गांव में भी मलकपुर मिल के बजाए किनौनी मिल का क्रय केंद्र लगवाने की मांग की। इस मौके पर हरेंद्र सिंह, संजीव, रमेश, अमरेश, सुखपाल, अनिल, यशपाल मौजूद रहे।

### तहसील में अधिवक्ताओं ने किया नामांकन जमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** सिविल बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। पहले दिन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री समेत अन्य पदों पर प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किए। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ओमपाल सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 11 नवंबर तक चलेगी। पहले दिन अध्यक्ष पद पर धर्मवीर सिंह तोमर, आनंदपाल तोमर, जयवीर सिंह, महामंत्री पद पर पुष्पेंद्र, उपाध्यक्ष पद पर आदेश बालियान, कोषाध्यक्ष पद पर हरेंद्र सिंह ने नामांकन किए। इनके अलावा सह सचिव पद पर मनोज, प्रवेंद्र, पुस्तकालय मंत्री पद पर साजिद अली, कनिष्ठ सदस्य पद पर विनोद मान ने नामांकन किए। बताया कि 19 नवंबर को मतदान कराया जाएगा।

# दो गाड़ियों में सवार लोगों ने की टोल मांगने पर कर्मचारियों से मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बालैनी टोल प्लाजा पर टोल कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दो गाड़ियों में सवार होकर आए कुछ लोगों ने टोल मांगने पर कर्मचारियों से पहले अभद्रता की और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। यह पूरी घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि जब उन्होंने दो गाड़ियों में सवार लोगों से टोल मांगा, तो उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी। कर्मचारियों के विरोध करने पर वे गाड़ी से उतर आए और उनके साथ मारपीट की। इस दौरान टोल बूथ पर तोडफ़ोड़ भी की गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें टोल कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। टोल मैनेजर ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस गाड़ियों के नंबरों और मारपीट करने वाले लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गोदाम में पुराने फाइबर की सफाई के दौरान लगी आग, दो झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के सिसाना गांव के पास एक गोदाम में पुराने फाइबर की सफाई के दौरान भीषण आग लग गई। इस घटना में दो युवक झुलस गए। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गोदाम में पुराने फाइबर की सफाई की जा रही थी, तभी एक केमिकल का कैन फटने से आग भड़क उठी। आग की लपटें तेजी से फैल गईं, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

झुलसे हुए दो युवक को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शी दिनेश प्रधान ने बताया कि उन्हें तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद आग की लपटें दिखाई दीं। घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। फिलहाल, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# अवैध रूप से चल रहे वाहनों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने सोमवार को परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान कई वाहनों की जांच की गई, जिनमें बिना नंबर प्लेट एवं अवैध रूप से संचालित 7 वाहनों को पकड़ा गया। संबंधित वाहनों पर नियमानुसार 5000 प्रति वाहन का जुर्माना लगाया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह कार्यवाही जनपद में सड़क सुरक्षा एवं नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में कोई भी वाहन बिना नंबर प्लेट, बिना फिटनेस या ओवरलोडिंग की स्थिति में पाया गया, तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान को निरंतर क्रियाशील करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन के नियमों का पालन किया जाए कोई भी अवैध रूप से वहान जनपद में संचा. लित ना हो। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




# पुलिस टीमों ने किया कुछ ही घंटे में दोनों हत्या की घटनाओं का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शनिवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने गोलीबारी और लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया। इन वारदातों में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक कांग्रेस नेता का भतीजा और एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर शामिल हैं। पुलिस ने करीब 15 घंटे के भीतर सीसीटीवी फुटेज की मदद से दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार देर रात हुई इन घटनाओं में निरोजपुर गांव के सॉफ्टवेयर इंजी. नियर अनुज पुत्र देवेंद्र की लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई। बदमाशों ने उनकी कार भी लूट ली थी। कांग्रेस नेता के भतीजे निवाली गांव निवासी 26 वर्षीय शेखर की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन दोहरे हत्याकांड से पूरे जनपद में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने घटनाओं के खुलासे के लिए छह टीमों का गठन किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान की और उनकी तलाश शुरू की। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए शहर कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक कार में सवार होकर आए दो लोगों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में शहर कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मी रामकुमार घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से बदमाश आर्यन और आदिल घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों घायल बदमाशों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घायल पुलिसकर्मी रामकुमार को भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से सॉफ्टवेयर इंजीनियर से लूटी गई कार भी बरामद की गई है। एसपी सूरज राय ने बताया कि पुलिस टीमों ने कुछ ही घंटे के भीतर दोनों हत्या की घटनाओं का खुलासा कर दिया है। फिलहाल, बदमाशों का उपचार जारी है और शहर कोतवाली में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।




न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत

वाद सं.-28 सन-2013 ई.

1.खचेडू पुत्र मनफूल आयु करीब 96 वर्ष, 2.विक्रमपाल आयु करीब 55 वर्ष पुत्र जिलेसिंह, निवासीगण ग्राम काठा परगना बागपत तहसील खेकडा जिला बागपत।,. .वादीगण, बनाम, 1.श्रीमति काजल पत्नी स्व.शोविन्द्र, 2.कु.दीपांशी नाबालिग प्राकृतिक संरक्षक/माता श्रीमति काजल पत्नि स्व.शोविन्द्र, निवासीगण ग्राम काठा परगना बागपत तहसील खेकडा जिला बागपत।, ..प्रतिवादीगण, हरगाह सीविल वाद वादीगण द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध दायर किया गया है जो मेरे न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे दिनांक 14.11.2025 वास्ते सुनवाई नियत है। अत: आप प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय मे उक्त नियत दिनांक को स्वंय या अपने अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में सुबह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे यदि आप अनुपस्थित रहे तो आपके विरूद्ध एक पक्षीय सुनवायी व अन्य उपस्थित पक्षो की सुनवायी की जाकर सीविल वाद नियम व कानून अनुसार निर्णित किया जायेगा।

आदेशत,मुन्सरिम, न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत।

[redacted]

**NOTICE**

I Monika devi wife off nambar 4583236M L/nk Sandeep Kumar resideng at village post to tugana tahsil baraut district Baghpat and my husband is serving with 4 mahar (borders) have change my date of birth in my husband service documents from 5 October 1985 To 15 April 1985 respectively

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आकिब व उसकी पत्नि समरीन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
खुरशैद पुत्र बुन्दू निवासी पट्टी धनकौशिया कस्बा व थाना छपरौली जनपद बागपत।

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर ढेर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात पुलिस और गौकश बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान 50,000 का इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश हसीन पुत्र इकरार निवासी ग्राम मैनौटा थाना असमोली जनपद सम्भल गोली लगने से ढेर हो गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध पिस्टल, जिंदा और खोखा कारतूस और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना कपूरपुर पुलिस को मध्य रात्रि में डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ गौकश बदमाश प्रतिबंधित पशुओं को एकत्रित कर गौकशी के उद्देश्य से परिवहन की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थाना कपूरपुर पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस की घेराबंदी देखते ही कार सवार बदमाशों ने खुद को घिरा महसूस कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश हसीन को गोली लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस टीम ने तत्काल सीएचसी धौलाना पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बदमाश हसीन को मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस जांच में मृतक की पहचान हसीन पुत्र इकरार निवासी ग्राम मैनौटा थाना असमोली जनपद सम्भल के रूप में हुई। हसीन पर गौकशी, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, और अवैध हथियारों जैसे करीब दो दर्जन से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे। हसीन जनपद हापुड़, मुजफ्फरनगर, सम्भल, अमरोहा और गौतमबुद्धनगर जिलों में सक्रिय अपराधी था। वह थाना कपूरपुर के गौवध निवारण अधि. नियम में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50,000 का इनाम घोषित कर रखा था। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस को एक अवैध पिस्टल, जिंदा और खोखा कारतूस के साथ स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुई है। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की फॉरेंसिक जांच कराई है और आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। एसपी ने बताया कि थाना कपूरपुर क्षेत्र में सक्रिय इनामी अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। हसीन एक कुख्यात अपराधी था, जो कई जिलों में वांछित चल रहा था। मुठभेड़ में उसके ढेर होने से इलाके में राहत की भावना है।

## उधार के पैसों का तगादा करने पहुंचे मजदूरों से मारपीट, दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेहनत की कमाई मांगना तीन मजदूरों को उस वक्त भारी पड़ गया, जब पैसे की मांग पर उधारीदार भड़क उठा और हमला बोल दिया। मामला थाना पिलखुवा क्षेत्र का है, जहां उधारी के 10 हजार को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने अपने भाई के साथ मिलकर तीनों मजदूरों की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में दो मजदूर घायल हो गए। घायलों ने थाने पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

जानकारी के मुताबिक मोहल्ला गढ़ी पिलखुवा निवासी नबी हसन, अब्दुल कादिर और फैजान पुत्र अब्दुल हसन तकिए बनाने का काम करते हैं। यह तीनों मजदूर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आरोप है कि जिस व्यक्ति के यहां यह लोग काम करते हैं, उसके पास करीब 10,000 की उधारी बाकी थी। सोमवार को तीनों जब अपने मेहनताने का तकादा करने पहुंचे तो आरोपी ने पहले टालमटोल की और फिर बातों-बातों में विवाद बढ़ गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपने भाई के साथ मिलकर तीनों मजदूरों पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान नबी हसन के माथे पर गंभीर चोट आई, जबकि अब्दुल कादिर को गुम चोटें पहुंचीं। घटना के बाद घबराए मजदूर किसी तरह वहां से निकले और सीधे पिलखुवा कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों का कहना है कि वे कई दिनों से अपने मेहनताने की मांग कर रहे थे, लेकिन आरोपी बार-बार टालता रहा। सोमवार को जब उन्होंने पैसे की मांग पर जोर दिया तो हमला कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। पिलखुवा थानाध्यक्ष श्योपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूरों के साथ इस तरह की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मेहनतकश लोगों की कमाई पर हाथ डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार, 3 किलो 660 ग्राम अवैध गांजा बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध पर अंकुश लगाने और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना धौलाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी करने जा रहे तीन अंतरजनपदीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 किलो 660 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम गालन्द को जाने वाले नहर पुल के पास संदिग्ध हालात में तीन युवक दिखाई दिए। पुलिस टीम ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर तीनों के पास से 3 किलो 660 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ में तीनों ने अपना नाम बिलाल पुत्र सलामत, निवासी ग्राम सहसपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद वर्तमान में दोलक वाली गली, बसरा कालोनी, ग्राम पिपलैडा थाना धौलाना, जनपद हापुड़, शौकीन पुत्र अख्तर, निवासी ग्राम सीधीपुर थाना जारचा जिला गौतमबुद्धनगर और हेमसिंह पुत्र नेमसिंह, निवासी ग्राम महावर थाना ढोलना तहसील कासगंज जिला कासगंज बताया है। तीनों तस्करों ने पुलिस को बताया कि वे अपने फरार तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर विभिन्न जिलों से सस्ते दामों पर गांजा खरी. दते थे और जनपद हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर आदि क्षेत्रों में ऊँचे दामों पर सप्लाई करते थे। इससे वे भारी आर्थिक लाभ अर्जित करते थे। पुलिस को संदेह है कि ये आरोपी किसी बड़े अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े हुए हैं जो मादक पदार्थों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में करता है। पुलिस टीम अब उनके नेटवर्क और सप्लाई चौन की कड़ियों को जोड़ने में लगी है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने थाना धौलाना पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद अवैध गांजे को सील कर जांच के लिए भेजा गया है। वहीं फरार साथियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## प्रमुख सचिव पशुधन विभाग ने किया वीर्य उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन के पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने सोमवार को अतिहिमीक्तत वीर्य उत्पादन केन्द्र, बाबूगढ़ का निरीक्षण कर विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और केन्द्र के सुख्ढ़ीकरण व उच्चीकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर डीएम अभिषेक पाण्डेय, संयुक्त निदेशक डा. संजीव कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हापुड़ डा. ओपी मिश्रा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मेरठ डा. संदीप शर्मा, उपनिदेशक डा. हयात वारिस सैकी एवं डा. बीपीएस यादव, तथा राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ के प्रबंधक डा. रमेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव ने कहा कि राज्य में पशुधन विकास सरकार की प्राथमिकता में है, इसलिए कृत्रिम गर्भाधान कार्य को सुदृढ़ बनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपद में कहीं भी गौवंश भूखा न रहे।

उन्होंने अधिकारियों को पशुपालकों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और फील्ड स्तर पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही बताया गया कि पूर्व में यहां से वर्गीकृत वीर्य का उत्पादन एवं वितरण भी नियमित रूप से किया जाता रहा है। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को बहुवर्षीय संकर नैपियर घास की जड़ों का वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक मात्रा में हरा चारा उत्पादन संभव हो सके। बैठक के अंत में प्रमुख सचिव ने केंद्र की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को पशुधन उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने हेतु सभी अधिकारी समर्पित भाव से कार्य करें।

## भाभी और विकलांग बेटी पर देवर का हमला, जांच शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** यूपी के हापुड़ में कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के अंतर्गत कस्तला गांव में घरेलू विवाद के दौरान एक महिला और उसकी विकलांग बेटी के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई है।

पीड़ित महिला ज्योति ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने देवर और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के अनुसार, उसका देवर छत पर बिजली का तार लगाने आया था, तभी उसने उसे और उसकी बेटी रीतु को गालियां देनी शुरू कर दीं। जब ज्योति का बेटा मयंक बीच-बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। ज्योति ने आरोप लगाया कि इसके बाद सपना और गुंजन ने मिलकर उस और उसकी विकलांग बेटी पर जानलेवा हमला किया तथा उन्हें बदनाम करने की कोशिश भी की।पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदू रक्षा दल की बैठक में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** हाइवे स्थित एक मंडप में रविवार को हिंदू रक्षा दल द्वारा एक भव्य बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना तथा हिंदू समाज में एकता और जागरूकता का संदेश फैलाना रहा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भैय्या ने कहा कि जब तक हम संगठित नहीं होंगे, तब तक अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करना संभव नहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर समाज सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आगे आने का आहवान किया।संगठन मंत्री अमित प्रजापति ने कहा कि हिंदू रक्षा दल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन है जो समाज में जागरूकता और एकता लाने का कार्य कर रहा है। इस मौके पर सन्नी बजरंगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुजल सक्सेना, जिला प्रभारी रविंद्र शर्मा, पवन राघव, मोहित उपाध्याय सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक एकजुटता का संकल्प दोहराया।

## एक नजर

### गालंद रोड पर फायरिंग से मचा हड़कंप, पुलिस ने नामजद पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गालंद रोड पर शनिवार रात रुपये के विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने एक नामजद सहित दो आरोपितों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्जुन नगर निवासी घायल के भाई सचिन ठाकुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई अभिषेक ठाकुर ग्राम कस्तला कासमाबाद निवासी पंकज से जान-पहचान रखता था। पंकज पिछले तीन माह से अभिषेक पर दो लाख रुपये की झूठी मांग का दबाव बना रहा था। इसी विवाद के चलते शनिवार रात पंकज ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर अभिषेक को बातचीत के बहाने गालंद गेट के पास बुलाया। सचिन के अनुसार, आरोपित ने अपने साथी अतुल गांव मितली, जनपद बागपत के इंस्टाग्राम अकाउंट से संपर्क कर अभिषेक को वहां बुलवाया। अभिषेक अपने दोस्तों नृपेश अतरौली निवासी, विकास छिद्दापुरी निवासी और अतुल के साथ मौके पर पहुंचा, जहां पंकज ने उस पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली अभिषेक के बाएं सीने के पास से होकर हाथ में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। घायल को पहले पिलखुवा के अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित पंकज और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ धारा 307 हत्या का प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई हैं, जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### मैट्रिमोनियल ऐप से शुरू हुआ रिश्ता, दोहरी ठगी में गंवाए लाखों

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के राजीव विहार, महेशपुरी में रहने वाली युवती सुवर्णा शर्मा साइबर ठगों के जाल में फंसकर लाखों रुपये गंवा बैठीं। पहले ठग ने संगम मैट्रिमोनियल ऐप से नंबर हासिल कर खुद को डा. पवन कुमार बताकर 4 लाख 10 हजार रुपये ठग लिए। जब पीड़िता ने शिकायत के लिए गूगल पर साइबर क्राइम सर्च किया, तो दूसरे गिरोह के ठगों ने खुद को साइबर पुलिस अधिकारी बताकर 1500 रुपये और ऐंठ लिए।

पीड़िता के मुताबिक जून 2025 में सुवर्णा शर्मा ने शादी के लिए मैट्रिमोनियल ऐप पर अपना प्रोफाइल बनाया था। कुछ दिनों बाद एक व्यक्ति ने संपर्क किया और खुद को डा. पवन कुमार बताकर रिश्ते की बातचीत शुरू की। धीरे-धीरे विश्वास जीतकर उसने 3 से 5 अगस्त के बीच अलग-अलग खातों में 4.10 लाख रुपये ट्रांसफर करवाए। पैसे भेजने के बाद जब युवती को शक हुआ, तो आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया और सभी नंबर बंद कर दिए। शिकायत दर्ज कराने के लिए जब सुवर्णा ने गूगल पर साइबर क्राइम सर्च किया, तो एक फर्जी वेबसाइट सामने आई। शिकायत भेजने के बाद ठगों ने कॉल कर खुद को साइबर क्राइम विभाग का अधिकारी बताया। उन्होंने दावा किया कि पीड़िता के खाते में 7.75 लाख रुपये होल्ड हैं, जिन्हें छुड़ाने के लिए 25 हजार रुपये शुल्क देना होगा। सुवर्णा ने भरोसा कर 1500 रुपये ट्रांसफर किए, लेकिन उसके बाद सभी नंबर स्विच ऑफ हो गए। पीड़िता ने इस दोहरी ठगी की शिकायत एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को दी, जिस पर निर्देश के बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अब ठगों के बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस की जांच कर रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि मैट्रिमोनियल ऐप्स पर साझा की जाने वाली जानकारी को लेकर सतर्क रहें और किसी भी शिकायत के लिए केवल सरकारी पोर्टल का ही उपयोग करें।

## पशु क्रूरता में लिप्त चार आरोपी गिरफ्तार धारदार हथियार और रस्सी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपराध और अवैध गति. विधियों पर सख्त नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हापुड़ देहात पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पशुओं के साथ क्रूरता करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से चार मीट चौपर चाकू/गडासा और एक रस्सी बरामद हुई है।

देहात थाना अध्यक्ष पटनीश कुमार ने बताया कि थाना हापुड़ देहात पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए इलाके में छापेमारी की। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने चारों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान रफीक पुत्र हनीफ, फैजान पुत्र रफीक, फहद पुत्र रफीक, शकील पुत्र असगर के रूप में हुई है। इन सभी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तलाशी के दौरान इनके पास से चार धारदार मीट चौपर चाकू/गडासा और एक मजबूत रस्सी बरामद, की। माना जा रहा है कि आरोपी इन औजारों का इस्तेमाल पशुओं के प्रति क्रूर कार्यो में करते थे। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संदेश द्वारा विद्यालय का कायाकल्प कार्य सराहनीय योग्य: बालियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पीएनबी फाइनेंस के आर्थिक सहयोग से सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी संदेश द्वारा परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज केला भट्टा व मकनपुर में कराये गए कायाकल्प का लोकार्पण मुख्य अतिथि पीएनबी फाइनेंस के रीजनल बिज़नेस हेड अमित बालियान व संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित व फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि पीएनबी फाइनेंस के रीजनल बिज़नेस हेड अमित बालियान ने संस्था द्वारा किए गए कार्यो को प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा विद्यालय के किये गये सभी कार्य प्रशंसा के काबिल है। संस्था द्वारा कराएं गए कार्य सराहनीय है। संस्था को अन्य विद्यालयों को चिन्हित कर इस तरह के कार्य करते रहना चाहिए। पीएनबी फाइनेंस के सीएसआर द्वारा केला भट्टा में पाँच कमरों का नवीनीकरण, बाला पेंटिंग, दीवार लेखन, दो नये शौचालय, 12 शौचालयों का नवीनीकरण, गृह विज्ञान प्रयोगशाला, हुनर विकास के लिए दस सिलाई मशीन, डेस्क बेंच व मकनपुर में छः यूनिट नये शौचालय व शेड सहित स्टेज को बनाने का कार्य किया गया है। संस्था के कार्यो के बारे में बताते हुए संदेश की सचिव पूनम परिहार ने कहा कि संस्था पिछले 30 वर्षो से विद्यालय में शिक्षा के सुधार के उद्देश्य से सहयोग कर रही है। संस्था द्वारा विद्यालय में छात्रों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, दीवार लेखन, शौचालय का सौन्दर्यकरण, टाइल्स, वृक्षारा. `पण, का सौन्दर्यकरण कराकर आदर्श विद्यालय के सभी मापदण्डों को पूरा करने का प्रयास किया गया है। विद्यालय की प्रधानधपिका शबाना खातून व अनिता शर्मा ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था ने जो सराहनीय सहयोग किया है हम संस्था से इसी तरह की भविष्य में सहयोग की उम्मीद करते है। इस अवसर पर पीएनबी फाइनेंस से अभिषेक अग्रवाल, अंजलि, नरेन्द्र सागर, धीरेंद्र शर्मा, मनीष कुमार, मनीष कुमार झा, सुमित गर्ग, सिवाम बाजपेई, वरिष्ठ लेखाकार शिवचेत तोमर, एकाउंट ऑफिसर मधुर जैन, अनुराग, सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव भारद्वाज ने किया।

## कलेक्ट्रेट में विभिन्न मांगों को लेकर आशाओं का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट में सोमवार को बागपत ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। ब्लॉक संगिनी मीना त्यागी के नेतृत्व में मानदेय व प्रोत्साहन राशि के लम्बे समय से रुके भुगतान को लेकर नाराजगी जताई।

आशाओं ने कहा कि मार्च, अगस्त, सितंबर व अक्टूबर माह का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। साथ ही 2018 से आभा आईडी, सी-बैंक फॉर्म, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना व संचारी अभियान का भी कोई भुगतान नहीं किया गया। वर्ष 2025 में हुए एचबीएनजी व एचबीवाईजी बैंकिंग का पैसा भी बकाया है। चार माह से भुगतान न मिलने के कारण आशाओं को परिवार चलाने में भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही भुगतान जारी नहीं हुआ तो सभी आशा कार्यकर्ता कलमबंद हड़ताल करने को विवश होंगी। इस दौरान सीमा, करुणा, बीना, प्रीति, बबली, मनीष, बबीता, कुसुम लता, सुनीता, सुरेश, रूबी, सारिका, अंजुम, नीलम, गीता, प्रमिला, राकेश, साधना व ओमवती आदि आशाएं शामिल हुई।

## फर्जी दस्तावेजों से जमीन का सौदा, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अहमदपुर नयां गांव की जमीन से जुड़े एक मामले में फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप सामने आए हैं। मोहन नगर कॉलोनी निवासी पीड़ित विजय गोयल ने एसपी हापुड़ को प्रार्थना पत्र देकर मामले की दोबारा जांच कराने की मांग की है।

पीड़ित का आरोप है कि कुछ लोगों ने झूठे दस्तावेज और कूटरचित रसीदें बनाकर उसकी जमीन का सौदा कर लिया। उसने बताया कि जांच अधिकारी ने आरोप पत्र से मूल दस्तावेज हटाकर अधूरा प्रकरण न्यायालय में भेज दिया, जिससे गंभीर धाराओं में कार्रवाई नहीं हो सकी। विजय गोयल का कहना है कि यदि दस्तावेजों की निष्पक्ष और दोबारा जांच नहीं की गई, तो न्याय अधूरा रह जाएगा। उन्होंने एसपी से मामले की ईमानदार और पारदर्शी जांच कर सच्चाई उजागर करने की अपील की है।

## अवैध चाकू रखने वाले आरोपी को अदालत ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत हापुड़ पुलिस को एक और सफलता मिली है। अवैध रूप से चाकू रखने के मामले में प्रभावी पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी सुरेश कुमार पुत्र गंगादास निवासी ग्राम रझैटी थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत थाना बहादुरगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। हापुड़ पुलिस ने आरा. `पी को गिरद्धतार कर ठोस साक्ष्य जुटाए और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप अदालत ने आरोपी को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि 6 दिन को सजा के रूप में मानते हुए 1,000 का अर्थदंड भी लगाया है।

**NAME CHANGE**
I, Zameel Ahmed S/O Tahir Hussain, resident of Shafiyabad Loti, Meerut, do hereby declare that my name shall henceforth be Zameel Ahmad for all purposes.

**NAME CHANGE**
I, Tahir Hussain, S/O Abdul Kadir, resident of Shafiyabad Loti, Meerut, do hereby declare that my name shall henceforth be Tahir Husain for all purposes.

# 38 मुकदमों में फरार दो स्नेचर गिरफ्तार

## नोएडा की पॉश सोसाइटी के बाहर महिलाओं को करते टारगेट, टूटी चेन , सिक्का, कैश बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** चेन स्नेचिंग करने वाले दो बदमाशों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके नाम सौरभ यादव कानपुर निवासी और रौनी उर्फ श्रेयस शुक्ला निवासी आजमगढ़ को अंतरिक्ष फारेस्ट कट सेक्टर-77 के पास गिरफ्तार किया। सौरभ यादव पर 38 मुकदमा और रौनी पर 6 मुकदमे दर्ज है। सौरभ पर पहले दो बार गैंगस्टर एक्ट में एक्शन लिया जा चुका है। ये दिल्ली , नोएडा, गाजियाबाद में महिलाओं को टारगेट करते थे।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि नोएडा की पॉश सोसाइटी और चौड़ी सड़कों पर सोसाइटी से बाहर आने वाली महिलाओं और पुरुषों को दोनों को टारगेट करते थे। पीछे से तेजी से आकर चेन लूटते और फरार हो जाते थे। थाना सेक्टर-113 में तीन वारदात को अंजाम दे चुके थे। सीसीटीवी फुटेज से जानकारी मिली। पहचान की गई इसके बाद मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया।

इसके बाद दोनों की गिरफ्तारी की गई। इनके पास से बिना नंबर प्लेट की अपाचे बाइक, दो छीनी हुई टूटी चेन के चार टुकड़े , पीली धातु का सिक्का और 5000 रुपए नगर बरामद किया गया। लोगों को डराने के लिए एक तमंचा और चाकू बरामद किया गया। एडीसीपी ने बताया कि यह लोग स्नैच की गई चौन को राह चलते व्यक्तियों को औने-पौने दामों में बेच देते थे तथा पैसों को आपस में बांट लेते है। उस पैसों से अपने खिलाफ पूर्व में पंजीकृत मुकदमों में भी खर्च करते थे। घटना के दौरान यह मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करते थे जिससे ये लोग पकडे ना जा सके।

### गो रक्षकों ने दलदल में फंसे गोवंश को निकाला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के निलोनी गांव में सोमवार को एक गोवंश पोखर के दलदल में फंस गया। सूचना मिलते ही गौरक्षक दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने रस्सियों की मदद से कड़ी मशक्कत कर गोवंश को दलदल से सुरक्षित बाहर निकाला।

गौरक्षक दल के प्रमुख त्रिलोक गुर्जर नवादा ने बताया कि उनका संगठन गौतम बुद्ध नगर जिले में कहीं भी गोवंश के संकट की सूचना मिलने पर तुरंत सेवा कार्य के लिए पहुंचता है। उन्होंने गौसेवा को अपना धर्म बताते हुए इस अभियान को निरंतर जारी रखने की बात कही।

इस बचाव अभियान में तनिष पंडित, अनुज राजपूत, देवकरन भाटी, हरेंद्र भाटी, रोहित ठाकुर, अक्षय, शिवम भाटी और गौरव ठाकुर सहित कई अन्य गौरक्षक सक्रिय रूप से शामिल थे। ग्रामीणों ने गौरक्षक दल के इस मानवीय प्रयास की सराहना की और टीम के समर्पण की प्रशंसा की।

# जिला अस्पताल में गंदगी मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला अस्पताल के महिला वार्ड में गंदगी और अव्यवस्था पर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने नाराजगी जताई। उन्होंने सोमवार दोपहर एक बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली। प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान सबसे पहले महिला वार्ड में पहुंचीं। वार्ड में फैली गंदगी और अव्यवस्था देखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जिला अस्पताल की प्रबंधन से पूछा कि सफाई और अन्य व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब क्यों है। मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन को और अधिक सजग होना चाहिए, ताकि किसी को असुविधा न हो।

उन्होंने महिला वार्ड में तीमारदारों की अधिक भीड़ पर आपत्ति जताई और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद बबीता चौहान ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) के साथ बैठक की।

बैठक में स्वच्छता, मरीजों की सुविधाएं और सुरक्षा प्रबंधन पर बातचीत की। उन्होंने सीएमएस डॉ. अजय राणा को सुझाव दिया कि महिला वार्ड में तीमारदारों की संख्या सीमित की जाए, ताकि मरीजों को आरामदायक और सुरक्षित माहौल मिल सके। सफाई को लेकर गंभीरता जरूरी प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने बताया कि सरकार ने उपलब्ध सभी सुविधाएं अस्पताल में मौजूद हैं।

बाहर से आने वाले मरीजों की अनियंत्रित भीड़ और सफाई की कमी प्रमुख समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन को इस दिशा में गंभीरता से काम करना चाहिए। अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक के बाद सीएमएस ने आश्वासन दिया कि निरीक्षण के दौरान मिली सभी खामियों को जल्द दूर किया जाएगा और सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा।

तीमारदारों के आई कार्ड जारी किए जाएंगे महिला वार्ड में एक मरीज के साथ कई परिजन मौजूद थे, जिससे अव्यवस्था दिख रही थी। अस्पताल प्रबंधन ने तीमारदारों के लिए आई कार्ड जारी करने का निर्णय लिया है। कार्ड के साथ ही तीमारदार वार्ड में जा पाएंगे। सीएमएस ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से मांगा स्पष्टीकरण सीएमएस डॉ. अजय राणा ने वार्ड में अस्वच्छता को देखते हुए डॉक्टरों से स्पष्टीकरण मांगा है। डॉक्टरों के साथ ही अन्य कर्मियों की भी जवाबदेही तय की गई है, ताकि भविष्य में सफाई पर ध्यान दिया जा सके।

# शहर के शिवम मावी ने प्रथम श्रेणी में पहला शतक जड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के शिवम मावी ने नागालैंड के खिलाफ खेलते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में पहला शतक जड़ा। रणजी ट्राफी का यह मुकाबला कानपुर में सोमवार को समाप्त हुआ। शिवम ने बल्ले के साथ ही गेंद से उम्दा प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट भी अपने नाम किए। उत्तर प्रदेश और नागालैंड के बीच हुए रणजी ट्रॉफी के इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने एक पारी और 265 रनों से जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 535 रन पर पारी घोषित कर दी थी। पहली पारी में यूपी के तीन बल्लेबाजों ने शतक जड़ा।

सेक्टर-52 निवासी शिवम मावी ने महज 87 गेंदों में 101 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने इस पारी में 10 चौके और पांच गगनचुंबी छक्के जड़े। यूपी की ओर से माधव कौशिक और आर्यन जुयाल ने भी शानदार शतकीय पारी खेली। बल्लेबाजी में शानदार पारी के बाद गेंद के साथ ग्राउंड पर उतरे शिवम ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने नागालैंड के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन चलता किया। लय में दिख रहे नागालैंड के ओपनर डेगा निश्चल को शिवम ने प्रियम गर्ग के हाथों लपकवाया। इस बल्लेबाज ने टीम की ओर से सर्वाधिक 47 रनों की पारी खेली। इसके बाद भी गेंदबाजी में शिवम का कहर जारी रहा। उन्होंने मध्य क्रम के चार अन्य बल्लेबाजों को आउट कर नागालैंड को महज 117 रनों पर रोक दिया। शिवम मावी ने 10 ओवर की गेंदबाजी में महज 18 रन देकर पांच विकेट झटके। फॉलोऑन के बाद दूसरी पारी खेलती हुई नागालैंड की टीम 153 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

# जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस जीएसटी चोरी व राजस्व हानि करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कूट रचित दस्तावेज व फर्जी सील मोहर बरामद सहित अन्य सामान बरामद किया है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आज थाना बिसरख में गठित टीम के द्वारा ग्राम पतवाडी से प्रवीन कुमार पुत्र मोमराज सिंह तथा सतेन्द्र सिंह पुत्र बनी सिंह को गिरफ्तार कर जीएसटी चोरी व राजस्व हानि घटना का अनावरण किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 10 विभिन्न फर्मो की मोहर, आधार कार्ड, चौक बुक, अकाउंट ओपनिंग फार्म बरामद हुए है।



उन्होंने बताया कि अभियुक्तों द्वारा बैंक ऑफ इंडिया की गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर की विभिन्न शाखाओं में जाली आधार कार्ड, जाली पैन कार्ड, कूटरचित पहचान पत्रों एवं कूटरचित किरायानामा के माध्यम से अनुचित तरीके से उद्यम पंजीकरण तथा जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर, अलग-अलग नामों से 6 फर्जी फर्मों के नाम पर चालू खाते खोले गए। इन खातों का उपयोग अवैध रूप से जीएसटी रिफंड की राशि प्राप्त कर उसे अन्य खातों में हस्तांतरित करने के लिए किया गया।

डीसीपी ने बताया कि बैंक खाते में वित्तीय लेन-लेन अनुचित लाभ लेने के लिये किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों का यह संगठित गिरोह है, जिनके द्वारा पिछले पाँच वर्षो से फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित तैयार कराकर फर्जी बिल का उपयोग कर जीएसटी रिफन्ड (इनपुट टैक्स क्रेडिट) प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड़ रूपये के राजस्व की नुकसान पहुँचाने का अपराध कारित किया जा रहा है। अपराधियों द्वारा अधिकांशत: बात. चीत के लिए व्हाट्सएप एप कालिंग एवं ई-मेल का प्रयोग किया जाता है।

## एक नजर

### घर में घुसकर दो व्यक्तियों को पीटा रंजिश में वारदात को दिया अंजाम

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रौनिजा गांव में रविवार रात एक परिवार पर हमला हुआ। इस हमले में परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने सोमवार को तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी संतराम ने शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर बैठे थे। तभी फलैदा गांव निवासी ओमपाल अपने बेटों वीरेंद्र और लवकुश के साथ उनके घर पहुंचा। तीनों ने पुराने विवाद को लेकर संतराम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

संतराम के विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में संतराम सहित परिवार के दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कोतवाली प्रभारी रबूपुरा सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर ओमपाल और उसके बेटों वीरेंद्र व लवकुश के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है, उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### सुबह के समय टहलने निकली महिला को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कुलेसरा स्थित हिंडन पुल के समीप सुबह के समय टहलने के लिए निकली महिला को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। महिला के पति ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सेक्टर ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दीपचंद कुलेसरा गांव में परिवार के साथ रहते हैं। दीपचंद ने पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी शीतल के साथ सुबह के समय टहलने के लिए निकले थे। जब वह हिंडन के पुल के समीप पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी पत्नी को टक्कर मार दी।

गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दीपचंद ने इस मामले में रविवार को अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि अज्ञात वाहन के बारे में पता लगाया जा रहा है। वाहन की पहचान कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### दंपति पर व्यवसाय शुरू करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के डाबरा गांव के रहने वाले किसान ने दंपति पर व्यवसाय शुरू करने का झांसा देकर ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने धोखाधड़ी कर 24 लाख रुपये हड़प लिए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दंपति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। डाबरा गांव के रहने वाले देवेंद्र ने न्यायालय को बताया कि उसे कुछ दिन पहले जमीन का मुआवजा मिला था। यह बात उसकी एक परिचित महिला नेहा और उसके पति कुबेर को पता चली तो दोनों ने देवेंद्र से संपर्क किया। दंपति ने उनको कपड़े धुलाई की कंपनी शुरू करने का झांसा दिया।

पीड़ित को बताया कि उसे कंपनी में बराबर का हिस्सेदार रखेंगे। इसके बाद कासना साइट-5 में किराए पर कंपनी शुरू कर दी गई। पीड़ित से रुपये लेकर उसे मुनाफा नहीं दिया गया। पीड़ित ने अपने रुपये मांगे तो आरोपी इधर-उधर की बात करने लगे। पीड़ित ने दबाव बनाया तो आरोपी दंपति ने अपने नौकर और ड्राइवर से पीड़ित के साथ मारपीट करवा दी और रुपये वापस नहीं करने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने धोखाधड़ी कर उसके 24 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दंपति समेत छह लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जेवर एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी इक्विपमेंट की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से पहले यात्री सुविधाओं और सुरक्षा उपकरणों का परीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) ने स्थानीय लोगों को यात्री बनाकर एयरपोर्ट की सुरक्षा उपकरणों का ट्रायल किया। इस दौरान टर्मिनल में प्रवेश से लेकर पंजीकरण और सुरक्षा जांच तक की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया गया।

ट्रायल में शामिल स्थानीय लोगों को इंडिगो एयरलाइंस की अहमदाबाद के लिए टिकटें दी गईं और उन्हें घरेलू टर्मिनल में प्रवेश कराया गया। इन श्यात्रियोंश को प्रवेश से लेकर विमान में बैठने तक की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। यह परीक्षण एयरपोर्ट पर स्थापित उपकरणों और यात्री सुविधाओं की कार्यक्षमता जांचने के लिए किया गया था। यापल ने रविवार को यह विशेष ट्रायल आयोजित किया। इसमें स्थानीय लोगों ने टिकट और पहचान पत्र के साथ एयरलाइन काउंटर पर पहुंचकर अपनी यात्रा शुरू की। सुरक्षा जांच के बाद, यात्रियों ने ऑनलाइन चेक-इन किया और उन्हें अहमदाबाद की उड़ान के लिए बोर्डिंग पास जारी किए गए।

चेक-इन काउंटर पर यात्रियों ने अपना सामान जमा कराया, जिसका वजन किया गया और उस पर बार कोड वाला टैग लगाया गया। टैग लगने के बाद सामान कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से स्कैन होकर संबंधित उड़ान स्थल पर भेजा गया।

# ग्रेनो के 17 और गांवों में ओपन जिम लगाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत जेवर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले ऐच्छर, मुर्शदपुर व घरबरा समेत 17 और गांवों में ओपन जिम लगाने का काम किया जाएगा। प्राधिकरण ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गांव के सरकारी विद्यालय के परिसर व खेल मैदान में जगह चिन्हित कर ली गई है। एस्टीमेट तैयार कर जल्द निविदा जारी की जाएगी। पूर्व में 18 गांवों की निविदा जारी की जा चुकी है। अधिकारी के मुताबिक प्रत्येक ओपन जिम में छह प्रकार के उपकरण लगाए जाएंगे। उपकरणों की आपूर्ति और उन्हें लगाने वाली एजेंसी तीन साल तक रखरखाव भी करेगी। गांव के लोग बिना पैसा खर्च किए अपनी सेहत सुधार सकेंगे। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्राधिकरण ने शहर के सेक्टरों और क्षेत्र के गांवों में ओपन जिम स्थापित करने की कार्ययोजना बनाई है। इस योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। सेक्टर के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम लगाने के बाद अब क्षेत्र के गांवों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने भी गांवों में ओपन जिम लगाने की मांग की थी। प्राधिकरण के वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि दूसरे चरण में क्षेत्र के 17 गांवों में ओपन जिम स्थापित की जाएगी। चयनित किए गए गांवों के सरकारी विद्यालय व खेल मैदान में जगह चिन्हित की गई है। इसमें जनप्रतिनिधियों की भी मदद ली गई। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले 2-3 माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। चयनित कंपनी तीन साल तक उपकरणों के रखरखाव का कार्य भी करेगी। घर के नजदीक ओपन जिम की सुविधा होने से लोग आसानी से फायदा उठा सकेंगे। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के ज्यादातर सेक्टरों के पार्कों में ओपन जिम स्थापित की जा चुकी है। पूर्व में कासना, बिरौंडा, डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, लड़पुरा, घंघौला, चीरसी, अस्तौली, गिरधरपुर, अमीनाबाद उर्फ नियाना, रामपुर माजरा, आजमपुर गढ़ी, दलेलगढ़, बागपुर, बिसायच, दादूपुर व नवादा आदि गांवों ओपन जिम लगाने के लिए निविदा जारी की जा चुकी है। इन गांवों में ओपन जिम लगाई जाएगी ऐच्छर, मुर्शदपुर, घरबरा, अटाई मुरादपुर, इमलियाका, पंचायतन, रौनी, कुलीपुरा, हवेता, पीपलका सूरतपुर, अमरपुर, ननवा का राजपुर, कनारसी, कनरसा, जुनैदपुर, चचूला व रोशनपुर। ये उपकरण लगाए जाएंगे गांवों में स्थापित की जाने जाने वाली ओपन जिम में पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए सिट- अप स्टेशन, शरीर को घुमाने और मरोड़ने के लिए उपयोग में आने वाला ट्विस्टर, एयर वॉकर, वन सीटेड चेस्ट प्रेस, खींचने वाली कुर्सी, पैर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए लेग प्रेस, मोटे रबर के फर्श की टाइल्स आदि उपकरण लगाए जाएंगे।

सेक्टरों की तर्ज पर क्षेत्र के गांवों में भी ओपन जिम की सुविधा प्रदान की जाएगी। जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों में ओपन जिम स्थापित की जाएगी। 18 गांवों के बाद अब 17 और गांवों में ओपन जिम की प्रक्रिया चल रही है। निविदा जारी कर काम शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### यमुना सिटी में ट्रैक्टर बनाने वाली इकाई लगेगी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में ट्रैक्टर बनाने की इकाई लगेगी। इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने न्यू होलैंड कंपनी को 100 एकड़ भूमि के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी कर दिया। यहां टैक्टर के इंजन समेत अन्य उपकरण तैयार होंगे। यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के पास निवेश के लिए कई कंपनियां आगे आ रही हैं। सोमवार को ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी न्यू होलैंड ने भी क्षेत्र में अपनी इकाई लगाने के लिए 100 एकड़ भूमि की मांग की। कंपनी क्षेत्र में 5000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। कंपनी को सेक्टर-8डी में भूमि देने पर सहमति बन गई है, जिसके बाद प्रस्ताव को इन्वेस्ट यूपी भेजा गया है, यहां से अनुमति मिलने के बाद कंपनी को जमीन आवंटित कर दी जाएगी।

# सभी के हित में लिया गया सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला : रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 22 आरडब्लूए के संरक्षक और ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक पंडित रवि शर्मा ने सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल, शैक्षिक संस्थान, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन इत्यादि से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।



इस फैसले के अमल में लाए जाने के बाद कोई भी मां-बाप निशि. चंत होकर अपने बच्चों को ऐसी जगह पर अकेला भी जाने दे सकते हैं। एक बेटे को अपने बुजुर्ग मां-बाप की कम चिंता होगी। क्योंकि आवारा कुत्ते अपना शिकार या तो मासूम बच्चों को बनाते हैं या फिर बुजुर्गों को। सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार दिल दहला देने वाली वीडियो सामने आई है जिसमें आवारा कुत्ते मासूम बच्चों को नोचते हुए दिखाई देते हैं

# डीएनडी की मरम्मत का काम शुरू, यातायात रहा प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और दिल्ली को जोड़ने वाली डीएनडी की मरम्मत यानी रिसरफेसिंग का काम सोमवार से शुरू हो गया। दिल्ली से नोएडा की ओर आने वाले रास्ते पर यह काम शुरू किया गया है। दोपहर में हुए निर्माण कार्य की वजह से यातायात प्रभावित रहा। करीब दो महीने तक रात और दोपहर के समय सड़क की रिसरफेसिंग से संबंधित काम होंगे। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि दूसरे फेज में डीएनडी की सड़क को बेहतर करने का काम शुरू किया गया है। रिसरफेसिंग समेत अन्य काम पर कंपनी पांच करोड़ रुपये खर्च करेगी। मुख्य सड़क के अलावा नोएडा और दिल्ली की ओर उतरने वाले लूप को मिलाकर सड़क करीब आठ किलोमीटर लंबी है।

इन सभी हिस्सों में सड़क की रिसरफेसिंग का काम किया जाएगा। इसमें नए सिरे से सड़क पर बिटुमिन बिछाने का काम किया जाएगा। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सड़क की रिसरफेसिंग का काम इस साल दिसंबर अंत या जनवरी के मध्य तक पूरा कर लिया जाएगा। बीते करीब नौ साल से डीएनडी पर टोल शुल्क नहीं लिया जा रहा है। शहर की आरडब्ल्यूए का प्रतिनिधित्व कर रही फोनरवा की ओर टोल शुल्क वसूली समाप्त करने को लेकर उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक लड़ाई लड़ी गई। दोनों जगह फोनरवा की जीत हुई और डीएनडी को टोल फ्री कर दिया गया। गौरतलब है कि इस समय सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है। इससे वाहन चालकों के सफर आरामदायक नहीं हो पा रहा था।

# कूड़े के ढेर में मिला नवजात बच्ची का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के ऐच्छर गांव में सोमवार को कूड़े के ढेर से नवजात बच्ची का शव बरामद हुआ। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर भीड़ जमा हो गई और लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सफाईकर्मी जब सड़क किनारे जमा कूड़ा उठाने पहुंचे, तो उन्हें कूड़े के बीच नवजात का शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ऐच्छर चौकी पुलिस और बीटा-2 कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, नवजात का भ्रूण लगभग छह से सात महीने का है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव किसने फेंका।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिसमें नवजात कूड़े के ढेर में पड़ी दिख रही है और उसके मुंह पर कपड़ा लिपटा हुआ है। ग्रामीणों का अनुमान है कि लोकलाज के डर से अविवाहित महिला या प्रेम प्रसंग में फंसी किसी युवती ने नवजात को फेंका होगा। साथ ही कन्या भ्रूण होने की वजह से गर्भपात के बाद शव फेंके जाने की आशंका भी जताई जा रही है।

बीटा-2 कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आसपास के अस्पतालों से जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि हाल ही में किस महिला का गर्भपात या प्रसव हुआ है। पुलिस ने कहा कि मामले के सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# टेंपो पलटने से घायल तीसरे श्रद्धालु ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हिंडन में मूर्ति विसर्जित करके लौटते समय टेंपो पलटने से घायल तीसरे श्रद्धालु ने सोमवार को दम तोड़ दिया। 13 घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। दो लोगों की रविवार शाम मौत हो गई थी। यह हादसा रविवार शाम एफएनजी लिंक मार्ग स्थित पुल पर हुआ था। रविवार शाम करीब पांच बजे टेंपो में 16 से अधिक लोग सवार थे। इनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे। सभी लोग पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और मजदूरी करते हैं। सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद गांव समाज के लोगों ने पूजा रखी थी। रविवार को पूजा संपन्न होने के बाद हिंडन में काली माता की मूर्ति विसर्जित करने के बाद सर्फाबाद लौट रहे थे।

बिसरख की ओर से एफएनजी की तरफ आने वाले मार्ग पर टेंपो ने जैसे ही हिंडन पुल पार किया तो लिंक मार्ग पर चालक नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित होकर टेंपो डिवाइडर से टकराकर पुल पर पलट गया। उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। छह लोग हवा में उछलकर करीब 25 फीट नीचे सड़क किनारे जमीन पर जाकर गिरे। उनके सिर, नाक से खून निकलने लगा। हादसे के बाद सोमवार शाम 55 वर्षीय रंजीत और 42 वर्षीय वासुदेव ने दम तोड़ दिया था। सोमवार को उपचार के दौरान 52 वर्षीय दुर्योधन ने भी दम तोड़ दिया। शेष श्रद्धालुओं का उपचार चल रहा है। इनमें से कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

# 4.50 किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने शनिवार देर 4.5 किलोग्राम गांजे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार टीम एसीई सिटी गोल चक्कर के पास सर्विस रोड पर गश्त कर रही थी। यहां एक ऑटो संदिग्ध हालत में खड़ा मिला। ऑटो में चालक समेत दो अन्य युवक बैठे थे। शक होने पर पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया।

आरोपियों की पहचान बुलंदशहर के हरिओम शर्मा, आक. श शर्मा और चिराग चौधरी उर्फ तनु के रूप में हुई है। आरोपी घूम-घूमकर और परिचित ग्राहकों को अधिक दाम पर गांजा बेचते थे। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी कब से यह काम कर रहे हैं।



वहीं कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा है।

# ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर धरने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील में अधिवक्ता लंबे समय से ग्राम न्यायालय की मांग कर रहे हैं इस संबंध में तहसील बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला जिलाधिकारी द्वारा अस्थाई ग्राम न्यायालय हेतु भूमि देने से मना करने पर अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन व हड़ताल करने की घोषणा की है । तहसील में अधिवक्ता लंबे समय से ग्राम न्यायालय की मांग कर रहे हैं इस संबंध में तहसील बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष सचिन मलिक, महासचिव अनुज वशिष्ठ के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलने के लिए गया तथा तहसील में खाली पड़े



भवनो मे ग्राम न्यायालय अस्थाई रूप से चलाने की अनुमति देने की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिलाधिकारी अरविंद चौहान द्वारा भूमि व भवन देने में स्पष्ट रूप से मना कर दिया इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने तहसील पहुंचकर अधिवक्ताओं को जानकारी दी।

जिससे अधिक वक्ताओं में रोष छा गया तथा अधिवक्ताओं ने आम सभा की बैठक कर धरना प्रदर्शन व न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर हड़ताल करने की घोषणा कर दी अधिवक्ताओं की मांग है कि जब तक जिलाधिकारी ग्राम न्यायालय हेतु भवन उपलब्ध नहीं कराए जाते तब तक धरना प्रदर्शन व हड़ताल जारी रहेगी ।बैठक में सुरेंद्र सिंह, शादाब, यशवीर, हरविंदर आर्य ,सतीश कुमार ,मोनिका ,जोगिंदर मुंगेर आदि शामिल रहे।

# दो पक्षों में कहासुनी के बाद धरदार हथियार से हमले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नानूपुरा मोहल्ले में रविवार शाम दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट और धारदार हथियार से हमला होने का मामला सामने आया है। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसने सभासद के बेटे पर हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। शहर के मोहल्ला नानूपुरा निवासी आफताब पुत्र लतीफ अहमद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे उसका छोटा भाई तारीक मेहताब घर के बाहर सीढ़ी लगाकर सीसीटीवी कैमरे ठीक कर रहा था। इसी दौरान कैलू मेंम्बर का बेटा अपने दो साथियों के साथ स्कूटर पर वहां पहुंचा और सीढ़ी हटाने को कहा। जब तारीक ने दो मिनट रुकने को कहा, तो कैलू मेंम्बर के बेटे और उसके साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर तीनों ने मारपीट शुरू कर दी और उनके 70 वर्षीय पिता के साथ भी हाथापाई की। इस दौरान कैलू मेंम्बर के बेटे ने स्कूटर से धारदार हथियार निकाल. कर तारीक मेहताब के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल अस्पताल ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# देवर पर लगाया अभद्रता व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के ग्राम नोजल निवासी सीमा पत्नी स्वर्गीय कृष्णपाल ने अपने देवर पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना भवन पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता सीमा ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति स्वर्गीय कृष्णपाल पुत्र स्वर्गीय सोहनवीर का निधन वर्ष 2013 में हो गया था। पति के निधन के बाद उनके दादासरे जहान सिंह ने लगभग 12 बीघा भूमि उसके और उसके पुत्र कुंदन सिंह (उम्र 23 वर्ष) के नाम दर्ज कराई थी, जो खसरा-खतौनी में भी दर्ज है।

सीमा का आरोप है कि उसके देवर श्याम सिंह पुत्र सोहनवीर, परिवार के प्रति ईर्ष्या रखते हुए लगातार अभद्र व्यवहार करता है। कई बार उसने गालियां दीं और मारपीट का प्रयास भी किया। सीमा ने बताया कि वह अपनी कृषि भूमि पर यशपाल सिंह पुत्र जहान सिंह को बटाई पर रखकर खेती करवा रही है, इसी बात को लेकर श्याम सिंह नशे में धुत होकर आए दिन विवाद करता है और धमकियां देता है।पीड़िता का कहना है कि वह अकेली महिला है, उसका एक पुत्र और एक विवाहित पुत्री है। वह इन हालातों से बेहद परेशान है और अब पुलिस से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगा रही है।पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र., के पत्र दिनांक 28 अक्टूबर, 2025 जिसके द्वारा मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन दिनांक 10.11।2025 को होना है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में मतदेय स्थलों की सूची को डीईओ की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी देते हुए हामिद हुसैन डिप्टी कलेक्टरध्प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली द्वारा बताया गया कि मतदेय स्थलों की आलेख्य प्रकाशन की सूची को सर्वसाधारण के लिए डीईओ की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

### मैराथन दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** उत्तराखंड ऋषिकेश में गंगा बचाओ अभियान के अंतर्गत विवेकानंद फाउंडेशन द्वारा एक मैराथन दौड़ कराई गई थी। जिसमें जनपद शामली से एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन उक्त मैराथन दौड़ में प्रतिभाग कर 2 घंटे 2 मिनट में 21.10 किलोमीटर मैराथन दौड़ पूरी की जिसके बाद जनपद पहुंचने पर जिला. धिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा हामिद हुसैन एसडीएम न्यायिक को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएम ने बधाई देते हुए कहा कि इससे जनपद के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी और वह भी जनपद का नाम रोशन करेंगे।

# ऑनलाइन ठगी करके निकाले गए 25 हजार रुपये वापस कराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली में कार्यरत साइबर सेल की टीम ने युवक के खाते से ऑनलाइन ठगी करके निकाली गई 25 हजार रूपए की धनराशि वापस कराई है।

कस्बे के मोहल्ला छड़ियान निवासी मोहम्मद असफ ने कैराना स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि विगत शनिवार को अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करके यूपीआई के माध्यम से उसके बैंक खाते से 25 हजार रूपए निकाल लिए थे। एसपी शामली ने कोतवाली पर कार्यरत साइबर टीम को युवक के खाते से निकाली गई राशि वापिस कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार साइबर सेल की टीम ने सोमवार को मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए पीड़ित युवक की शत-प्रतिशत राशि 25 हजार रूपए वापिस करा दिए। वहीं, पीड़ित युवक ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरुण कुमार, कम्प्यूटर ग्रेड-बी अनिल कुमार, कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह तथा समस्त साइबल सेल टीम का आभार व्यक्त किया है।

# डीएपी खाद व बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की तहसील स्तरीय बैठक पिंडोरा रोड कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें गेहूं की बुवाई हेतु डीएपी खाद उपलब्ध कराने तथा गन्ने का बकयाा भुगतान तुरंत दिलवाने की मांग की गई समस्या का समाधान न होने पर तहसील में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है । भारतीय किसान यूनियन अराजनी. तिक की तहसील स्तरीय बैठक हरेंद्र सिंह पूर्व प्रधान पिंडोरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें गन्ना समिति में किसानों की ऋण सीमा बढ़ाने ,गन्ना बकाया भुगतान करने, आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग की गई कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस मुद्दे को बार-बार किसान दिवस में भी उठाया गया।

कोई कार्रवाई नहीं हुई किसानों को गेहूं बुवाई हेतु डीएपी भी उपलब्ध नहीं हो रहा है उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाने का भी विरोध किया कार्यकर्ताओं ने मांगे न मानने पर तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है ।जितेंद्र सिंह द्वारा 14 नवंबर को मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया ।बैठक का संचालन अजय खाटियान ने किया बैठक में नीरज, गुलबीर ,जितेंद्र ,विपिन, कंवरपाल, राजेंद्र, जोगिंदर ,हरेंद्र, सोमपाल आदि शामिल रहे।



# वर्चस्व की लड़ाई में विकास कार्यों पर अड़ंगा

## नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ आमने-सामने, निर्माण कार्यों में निकाली जा रही खामियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन नगर पंचायत में अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच चल रहा विवाद अब खुले तौर पर सामने आ गया है। दोनों के बीच वर्चस्व की यह खींचतान अब नगर के विकास कार्यों पर असर डालती दिखाई दे रही है।

जानकारी के अनुसार, नगर में चल रहे निर्माण कार्यों में दोनों ही पक्षों के समर्थित ठेकेदारों के कामों पर एक-दूसरे की ओर से कमियां निक. ाली जा रही हैं। कुछ दिन पूर्व अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने नाला निर्माण में खामियां बताते हुए आपत्ति जताई थी, वहीं सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष मुशयदा निरीक्षण टीम के साथ नाला व सीसी सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचीं।नगर पंचायत द्वारा कालू की चक्की से लेकर लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज तक सीसी सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है।

साथ ही मोहल्ला पीर शाह विलायत में नाले का निर्माण भी जारी है। दोनों ही कार्य ठेकेदार सौरभ सिंघल द्वारा कराए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष मुशयदा ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया और प्रयोग की जा रही सामग्री के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की बात कही।

अध्यक्ष मुशयदा ने कहा कि नगर के निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हों, यही उनकी प्राथमिकता है ताकि सड़कों की आयु 30.40 वर्ष तक बनी रहे, न कि 4.5 साल में ही ध्वस्त हो जाएं। वहीं अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि यदि किसी भी निर्माण कार्य में कोताही पाई गई तो संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोक दिया जाएगा।इस मौके पर ठेकेदार सौरभ सिंघल, योगेश कुमार, सभासद नीरज गोयल, देवेंद्र पंडित, बॉबी अरोड़ा, राजवीर आदि मौजूद रहे।

## किशोरी पर फब्तियां, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवक ने पड़ोसी पर उसकी बहन के साथ अश्लील टिप्पणी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।नगर के मौहल्ला मौलानान निवासी नदीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन अपने मकान की छत पर टहल रही थी। इसी दौरान सामने वाले मकान में रहने वाले पड़ोसी ने उसकी बहन पर अश्लील फब्तियां कसीं। नदीम का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो पड़ोसी ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित ने आरोपी पड़ोसी पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# झिंझाना के युवक को आतंकी गतिविधि में फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गुजरात एटीएस द्वारा झिंझाना निवासी एक युवक को आतंकी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक के परिजनों ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उसे झूठ फंसाया जाना बताया है। साथ ही, उन्होंने एक निष्पक्ष जांच की मांग की है।

गिरफ्तार युवक के पिता सुल. ेमान ने दावा किया कि उनके बेटे आजाद को फोन करके बुलाया गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी से पहले आजाद अपने नए मकान के सामने मिट्टी का भराव का कार्य कर रहा था और अपनी परचून की दुकान खोलने की तैयारी में जुटा हुआ था। उनके अनुसार, आजाद लगभग तीन



महीने से लगातार घर पर ही रह रहा था। परिजनों ने बताया कि गत दिवस देर शाम गुजरात से एटीएस के अधिकारियों ने आजाद के बड़े भाई शहजाद से फोन पर आजाद की बात कराई थी। आजाद ने शहजाद से कहा कि वे एक-दो दिन में उसके कपड़े ले आएं। इसके बाद अधिका. रियों ने परिवार को सूचित किया कि आजाद का मेडिकल कराया जा चुका है और उसे जेल भेज दिया जाएगा।

युवक के भाई शहजाद ने उसे बेगुनाह बताते हुए कहा, हमारा भाई बेगुनाह है, उसे गलत तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आजाद दोषी पाया जाता है, तो उसे सजा मिलनी चाहिए, और अगर निर्दोष है तो उसको बरी कर देना चाहिए। लेकिन जांच पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए ।

रविवार को गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद आजाद के घर पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। वहीं, खुफिया विभाग की एक टीम ने भी मामले की गहन जांच करने के लिए कस्बे में डेरा डाला हुआ है और आजाद के घर पहुंचकर तथ्यों का पता लगा रही है।

# घंटों लग रहे जाम से हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को शहर में जाम लगने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। जाम में फंसें वाहन चालक घंटों निकलने का प्रयास करते रहे, लेकिन मिनटों का सफर घंटों में तय करना पडा। इस दौरान सड़क से ट्रेफिक पुलिस को जाम खुलवाने में कडी मशक्कत करनी पडी।

शहर में जाम लगना आम बात हो गई है। जाम का मुख्य कारण शहर की सड़कों पर अवैध पार्किट, अतिक्रमण और दिन में कई बार शहर के बीच धीमानपुरा फाटक व बुढ़ाना फाटक का बंद होना है। सोमवार दोपहर सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर रेलगाडी के लिए फाटक बंद हुआ, लेकिन इसी दौरान माल गाडी भी पहुंच गई, जिसको बंद फाटक के बीच ही निकाला गया। जिस कारण करीब 25 मिनट तक फाटक बंद रही और वाहनों की दोनो ओर लंबी लंबी कतारे लग गई। जिससे नागरिकों को दुश्वारियों का सामना करना पडता है। अब हाल ही में गन्ना सीजन भी शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों के गन्ना वाहन, भैंसा बुग्गी, ट्रेक्टर ट्रालियों की संख्या भी शहर में बढ जाएगी, जिससे जाम लगना भी लगभग तय है। ऐसे में नागरिकों का कहना है कि जिला पुलिस प्रशासन को शहर में लगने वाले जाम की समस्या का समाधान करना चाहिए। जाम की समस्या एक बडी समस्या है, जिसके लिए प्लान तैयार कर ठोस कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने शहर के चारो ओर हाईवों का निर्माण कराया, लेकिन शहर में जिला प्रशासन की शिथिलता के चलते जाम की समस्या का समाधान नही हुआ। अतिक्रमण, अवैध पार्किट पर कोई कार्यवाही नही की गई। सोमवार को शहर में जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालकों के साथ शहर के दुकानदार और आम नागरिक परेशान दिखाई दिए। जाम में लोग घंटों फंसे रहे। दुक. ानदारों का कहना है कि जाम लगने का असर व्यापार पर भी पडता है। इसका समाधान होना चाहिए।



## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बैठक, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार को नगर पंचायत थानाभवन में चिकित्सा अधीक्षक, अधिशासी अधिकारीऔर सभासदों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।इस दौरान गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के नियमित टीकाकरण, प्रतिरोधी परिवारों के बच्चों के टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड तथा ABHAID से जुड़ी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक ने सभी सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में सहयोग करें तथा पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को टीकाकरण, स्वच्छता और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति संवेदनशील किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक सुशील कुमार, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा सभी वार्ड सभासद एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नर्सरी से कक्षा दो के विद्यार्थियों में सहभोज कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मेपल्स एकेडमी में सोमवार को कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के बीच सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने एक साथ बैठकर सहभोज किया और प्रेम व भाईचारे की मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर आनंद और उल्लास से गूंज उठा। उपस्थित अध्यापक, अध्यापिकाएं तथा वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने भी इस .श्य का भरपूर आनंद लिया। सभी ने बच्चों की मासूमियत और सौहार्दपूर्ण व्यवहार की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से प्रबंधक मुकेश संगल, चेयरमैन विपिन संगल, प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्या मौशमी दास ने सभी




विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। जिसमें प्री-नर्सरी वर्ग में देवांश प्रथम, अनाया द्वितीय और रिद्धिका तृतीय स्थान पर रही। नर्सरी ए से अनंत प्रथम, अभिनंदन द्वितीय तथा अथर्व तृतीय रहे। नर्सरी बी से कौशर प्रथम, निधि द्वितीय तथा माही तृतीय रहीं। केजी ए से अपूर्व व अलीजा प्रथम, देवानी व ध्रुव द्वितीय तथा रुद्राक्ष व आरुषि तृतीय रहे। केजी बी से वीर प्रथम, आदि द्वितीय तथा मोहम्मद असद तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 1 ए से देवांशी प्रथम, आदिति द्वितीय तथा वंशी तृतीय रहीं। कक्षा 1 बी से देवांशी प्रथम, अनुभव द्वितीय तथा उदित तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 2 से नायशा, अभिजीत व अथर्व प्रथम, कार्तिक, अंशिका व कनक द्वितीय तथा अपार, शानूर व अर्श तृतीय स्थान पर रहे।

# छत से गिरकर व्यापारी की मौत

## पुलिस को सूचना दिए बिना ही परिजनों ने किया अंतिम संस्कार



■ खाना खाकर ऊपर के कमरे से नीचे आते हुए पैर फिसलने से हुआ हादसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव जुल्हैड़ा में छत से गिरकर एक व्यापारी की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया, व्यापारी की मौत के बाद परिजनों में कोहराम का माहौल मचा हुआ है। गांव जुल्हैड़ा निवासी टीनू पुत्र कृपाल सिंह गांव में ही रहकर परचून की दुकान चलाता था। रविवार शाम करीब सात बजे टीनू खाना खाकर ऊपर के कमरे से नीचे जा रहा था, जीने में उसका पैर फिसल गया, और वह नीचे जाकर गिर पड़ा। वहां मौजूद परिजनों ने लहूलुहान अवस्था में घायल को उपचार के लिए नगर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर सिर में गंभीर चोंटे होने की वजह से उसकी देर रात मौत हो गई। परिजनों ने सोमवार सुबह पुलिस को बिना सूचित करें ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। टीनू की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, सांत्वना देने वालों का तांता लगा है।

### छज्जें से गिरकर किसान की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव मुल्हैड़ा में सोमवार सुबह बंदरों को भगाने के लिए छत पर चढ़े एक किसान की छज्जे से गिरने की वजह से दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। सोमवार सुबह गांव मुल्हैड़ा किसान नातिराम पुत्र स्व धर्म सिंह घर की छत पर चढ़कर बंदरों को भगाने के लिए तार बंदी कर रहा था, पूर्व में बंदरों ने नातिराम के घर पर आंतक मचाते हुए काफी नुकसान पहुंचा दिया था। जिसके चलते नातिराम तार की जाल लगा रहा था, लेकिन छज्जा कमजोर होने की वजह से नातिराम छज्जे के साथ ही नीचे आकर गिर गया, आनन फानन में परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# ब्रेजा कार की टक्कर से स्कूटी सवार चिकित्सक घायल

## मवाना नगर के चौहान चौपाल की है घटना

शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना।** नगर के मुख्य मार्ग पर चौहान चौपाल पर ब्रेजा कार की टक्कर से स्कूटी सवार चिकित्सक घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। पीड़ित परिजनों ने गाड़ी चालक के खिलाफ तहरीर दी है। नगर के मुख्य मार्ग पर डॉ. विरेंद्रपाल सिंह अपना क्लीनिक चलाते हैं और क्लीनिक के पास ही उनका निवास है। रविवार शाम करीब 7 बजे वह स्कूटी से बाजार से घर लौट रहे थे। तभी मेरठ की ओर से तेज गति से आई ब्रेजा कार नंबर यूपी 15सीआर 2518 ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चिकित्सक घायल हो गए। डायल 112 पर सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और कार सवार को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी फरार हो गया। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल चिकित्सक के भतीजे उदित प्रताप ने कार के अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी है।



# प्रधान परिवार पर फायरिंग करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव पाली में चार दिन पहले हुई थी घटना

■ नामजद आरोपी आशीष को मुठभेड़ के दौरान लगी पुलिस की गोली

शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना/हस्तिनापुर।** थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के पाली गांव में दलित ग्राम प्रधान के परिवार पर फायरिंग करने के मामले में एक नामजद आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। तमंचा बरामद कराने के बाद आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गौरतलब है कि चार दिन पहले रात के समय पाली गांव में कुछ दबंगों ने दलित प्रधान परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया था। आरोपियों ने ताबड़तोड़ कई गोलियां चलाई थीं। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

इस मामले में पीड़ित पक्ष ने गांव निवासी आशीष व आकाश को नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। रविवार देर रात पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी आशीष को दबोच लिया था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस घटना में प्रयुक्त तमंचे की बरामदगी के लिए गणेशपुर गांव के जंगल में पहुंची। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने जैसे ही तमंचा बरामद कराया तो उसी तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया और फरार होने की कोशिश करने लगा। जवाब में चलाई गई पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया और प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



# राज्य स्तरीय बालिका टूर्नामेंट के लिए मंडलीय टीम का चयन, ट्रायल संपन्न



■ महामंत्री रजनीश कौशल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर कराया टॉस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय बालिका टूर्नामेंट के लिए मंडलीय टीम के गठन हेतु ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल की शुरुआत जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रजनीश कौशल द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस के साथ की गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी, सचिव गोविंद्र, संजय भारद्वाज तथा स्टेडियम कोच सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे। ट्रायल में मंडल के विभिन्न जनपदों से आई प्रतिभाशाली बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंडल का प्रतिनिधित्व करेगी।

# उम्मीदों के 'उज्जवल' का दर्दनाक अंत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सरधना। पढ़ाई करने के बाद अपने सपनों को 'उज्जवल' बनानें का ख्वाब देखने वालें युवक का अंत इस तरह दर्दनाक होगा शायद इसकी कल्पना किसे ने की हो। लेकिन 'सिस्टम' के आगे बेबस होकर जिदंगी के साथ हार मान चुकें छात्र उज्जवल राणा के साथ यह घटना परिवार व सामाजिक दृष्टिकोण से किसी गमों के 'पहाड़ों से कम नही है। इंसाफ की गुहार लगाने वालें के साथ इस तरह की यातनाएं सिस्टम के मुंह पर घोर तमाचा है।

बुढाना निवासी उज्जवल राणा एक प्रतिभाशाली और सपनों से भरा हुआ युवक था। उसी क्षेत्र के एक कॉलेज में उसने एडमिशन लिया था। दिल में सपने थे पढ़ लिखकर बेहतर नौकरी करना, परिवार का नाम रोशन करना, और एक सम्मानजनक जीवन जीना। लेकिन मंजिल की राह में आए



निराशा, प्रताड़ना और उपेक्षा ने उसके हौसलों को धीरे-धीरे तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, उज्जवल ने कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कई मुश्किलों का सामना किया। फीस, स्कॉलरशिप और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में मिली रुकावटों ने उसे मानसिक रूप से बेहद परेशान कर दिया। बताया जाता है कि उसने कई बार शिकायत करने और मदद की कोशिश की, मगर उसकी आवाज अनसुनी ही रही। उसकी उम्मीदें धीरे-धीरे टूटती गई और आखिरकार उसने जिंदगी की जंग हार गया। उज्जवल की मौत ने परिवार से लेकर पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। एक मां का लाल, एक पिता का सहारा और एक परिवार की उम्मीद जिस तरह बुझ गई, उसकी टीस वर्षों तक महसूस की जाएगी। समाज में भी सवाल खड़ा है कि क्या एक युवा की जान का मूल्य इस सिस्टम के सामने इतना सस्ता है? क्या हम सिर्फ आंकड़ों और फाइलों में अटकी हुई एक व्यवस्था बनकर रह गए हैं? आज जरूरत है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाए। युवाओं को सपने दिखाकर उन्हें निराशा के अंधेरों में धकेलना हमारी शिक्षा व्यवस्था और प्रशासन की सबसे बड़ी विफलता है। उज्जवल राणा जैसे अनगिनत सपने रोज टूटते हैं। सवाल यह है कि क्या हम जागेंगे या अगला उज्जवल भी चुपचाप अंधेरे में बुझ जाएगा।

# तीन वर्षीय लापता बच्ची सकुशल बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** थाना कोतवाली क्षेत्र के शाहपीर गेट चौकी क्षेत्र में तीन वर्षीय बच्ची के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। दिलदार पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी नौगजा ने चौकी पर पहुंचकर सूचना दी कि उसकी तीन वर्षीय पुत्री आयद दोपहर करीब 12 बजे घर से कहीं बाहर चली गई है और काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रवि कुमार सागर और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार तत्काल सक्रिय हुए। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर बच्ची को शाहघासा की ओर जाते देखा गया। इसके बाद टीम ने शाहघासा और भगत सिंह मार्केट क्षेत्र के कैमरों की भी पड़ताल की। लगातार तलाश के दौरान बच्ची भगत सिंह मार्केट में एक दुकान के किनारे बैठी मिली। पुलिस टीम ने बच्ची को परिजनों को बुलाया और पिता दिलदार के सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# 22 फरवरी को होगा वैश्य समाज का 17वां परिचय सम्मेलन



**बच्चा पार्क स्थित प्यारे लाल शर्मा स्मारक में होगा कार्यक्रम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** श्री अग्रसेन वैश्य अग्रवाल सभा के द्वारा युवक युवतियों का 17वां परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को प्यारेलाल शर्मा स्मारक बच्चा पार्क पर आयोजित होगा। यह सम्मेलन पिछले 35 वर्षों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड, देहरादून, दिल्ली, सहारनपुर, बागपत, मुजफ्फरनगर, नोएडा, अलीगढ़ आदि क्षेत्र में वैश्य समाज की संस्थाओं द्वारा पंजीकरण फार्म के केंद्र बनाए जाएंगे, जहां से माता-पिता अपने पुत्र- पुत्री की शादी रिश्ते करने के उपाय ले सकेंगे और उन्हें वहीं पर जमा करा देंगे। 31 जनवरी 2026 तक जिन आवेदनकर्ता के फार्म संस्था के पास होंगे उन फार्मो को एक पत्रिका में लड़की लड़के का परिचय होगा जिसे देखकर माता-पिता वर वधु के लिए रिश्ता तय कर सकेंगे। कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल, गौरव गुप्ता, अमन गुप्ता, सर्वेश नंदन गर्ग, रामप्रसाद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# उज्जवल की आवाज का समाप्त होना, लाखों छात्रों के सपनों एवं जीवन का अंत: महबूब

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** जनपद मुजफ्फरनगर के क्षेत्र बुढ़ाना के एक शिक्षा के मंदिर से ऐसी खबर आई है जिसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर दिया है। जिस पर मेरठ के किसान नेता महबूब अली ने कहा कि वह इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं और निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग करते हैं। वह चाहते हैं कि इस पूरे मामले में शामिल हर जिम्मेदार व्यक्ति से प्रश्न पूछा जाए। क्यों एक छात्र को अपनी बात कहने के लिए अपनी जान की कीमत चुकानी पड़ी? महबूब अली ने कहा कि एक विद्यार्थी उज्ज्वल ने अपमान, अन्याय और तानों से टूटकर वह कदम उठा लिया जो किसी को भी नहीं उठाना चाहिए था। उसका लिखा हुआ पत्र केवल एक व्यक्ति का बयान नहीं है। यह सभी छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के मौन अन्याय का आईना है। जिस कॉलेज की दीवारों पर कभी ज्ञान की गूंज होती थी, आज वहीं से निराशा और अन्याय की चीखें उठी हैं। एक युवा मन, जो देश का भविष्य था, वह इसीलिए बुझ गया क्योंकि उसकी बात किसी ने नहीं सुनी उसकी पीड़ा को किसी ने महसूस नहीं किया। जो आज के युग में अपने आप में एक बड़ा सवाल है।



# टायरों के गोदाम में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में सोमवार दोपहर टायर के गोदाम में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर स्थानीय पुलिस व दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की जगह को खाली कराया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के न्यू मदीना कॉलोनी के 40 फुटा रोड पर हाजी फारूक मलियाना वाले के पुराने टायरों के गोदाम में दोपहर 2:30 बजे आग लगी। जिसमें गोदाम में भारी संख्या में पुराने टायर रखे हुए थे। घटना के समय लगभग आधा दर्जन कर्मचारी काम कर रहे थे, जिन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पास के मकानों तक फैलने लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को आग लगने की जानकारी दी मौके पर पहुंची लिसाड़ी गेट पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी।

# शुद्ध ऊर्जा शिक्षा में मेरठ सबसे आगे, छात्रों को किया प्रशिक्षित



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** रविवार को मेरठ में अपना क्लब एनर्जी ईकोक्रू अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में डीएम डॉ. वी.के. सिंह, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के प्रिंसिपल मनोज कुमार आर्या, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के डायरेक्टर फाइनेंस स्वतंत्र कुमार तोमर, टाटा पावर के कई वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे। विशेष आकर्षण सस्टेनेबिलिटी मैस्कॉट ग्लोबी रहा, उसने बच्चों के साथ बातचीत की और जनरेशन ग्रीन एंथम गाने में उनका नेतृत्व किया। इससे पर्यावरण के प्रति जागरूक और सशक्त युवा नागरिकों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता मजबूत हुई।

कार्यक्रम में टाटा पावर की ओर से सीएसआर पहल Pay Autention के माध्यम से समावेशिता और सामाजिक प्रभाव पर उनके ध्यान को भी दर्शाया गया। यह पहल ऑटिज्म और अन्य न्यूरोडाइवर्स स्थितियों वाले व्यक्तियों के लिए प्रारंभिक पहचान, सीखने और प्रशिक्षण सहायता को सक्षम बनाती है। यहां पर एक विशेष सहायता डेस्क स्थापित किया गया था, जहां ऑटिज्म पर जानकारी और संसाधन उपलब्ध थे। इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से विकसित ई-सानिध्य मोबाइल केयर प्लेटफॉर्म के बारे में भी जानकारी दी गई। यह पहल पीएम सूर्य घर योजना के अनुरूप है। कक्षा 4-8 तक के छात्रों को ऊर्जा दक्षता, सौर ऊर्जा और टिकाऊ जीवन शैली के बारे में शिक्षित किया गया।

# राधना में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान का जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** राधना में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव इकराम चौधरी के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान का भव्य स्वागत किया गया। मोहम्मद आजम खान के आगमन पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। इकराम चौधरी सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं और नारों के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर आजम खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान और अल्पसंख्यकों की आवाज रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। जिन्होंने समाजवादी विचारधारा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।



# फार्म फाइनेंस और वर्किंग कैपिटल से जुड़ी पांच सबसे बड़ी उपलब्धी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** किसानों के लिए समय पर मिलने वाला पैसा उतना ही जरूरी है जितनी बारिश। इसी से वे बीज और खाद खरीद पाते हैं, मजदूरी दे पाते हैं और अपने पशुधन का पालन कर पाते हैं। पहले किसानों के लिए कामकाज चलाने के लिए वर्किंग कैपिटल जुटाना मुश्किल था, इसलिए वे अक्सर साहूकारों या अनौपचारिक उधार देने वालों पर निर्भर रहते थे। अब बैंकिंग सेक्टर ने लचीले लोन मॉडल तैयार किए हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों तक आसानी से लोन पहुंच रहा है। यहां फार्म फाइनेंस से जुड़ी पांच प्रमुख सेवाओं के बारे में बताया गया है।

उमेश अरोड़ा, हेड ऑफ इमर्जिंग बिजनेस, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का कहना है कि अपनी सुविधा अनुसार भुगतान करने की योजना सामान्य लोन की तरह हर महीने तय किस्तें भरने की जरूरत नहीं होती। कृषि लोन की व्यवस्था इस तरह बनाई जाती है कि किसान अपनी फसल के चक्र के अनुसार पैसा चुका सके। किसान



फसल की कटाई के बाद लोन चुका सकते हैं, जिससे कमाई के कमजोर महीनों में उन पर दबाव नहीं पड़ता। यह तरीका किसानों में तनाव कम करता है, कर्ज न चुकाने के मामलों को घटाता है और उन्हें अधिक आत्म विश्वास के साथ भविष्य की योजना बनाने में मदद करता है। खेती के लिए कर्ज की मांग लगातार बढ़ रही है, जो दर्शाता है कि किसानों को समय पर मिलने वाली आर्थिक मदद कितनी जरूरी है।

# मान सम्मान से नहीं होगा कोई समझौता: सतवीर त्यागी

## किठौर विधानसभा के पूर्व विधायक अभद्रता पर हुए नाराज, बैठे धरने पर

■ भाजपा की किठौर विधानसभा में एसआईआर की मीटिंग में हंगामा



शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** ग्राम मुरलीपुर में मतदाता पूर्णिक्षण की तैयारी को लेकर हुई मीटिंग में किठौर के पूर्व विधायक सतवीर त्यागी के साथ देवेंद्र गुर्जर द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी और मुर्दाबाद के नारों से नाराज होकर पूर्व विधायक बेहद नाराज दिखे। भाजपा की बैठक से वह अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल से उठकर चले गये और बाहर पार्किंग में जाकर धरने पर बैठ गए। सतवीर त्यागी बीते कई दशकों से एक विचारधारा की सियासत करते आए हैं लेकिन उन्हें यह मालूम नहीं था कि जिस पार्टी के लिए वह अपनी जवानी और बुढ़ापा कुर्बान कर रहे हैं एक दिन उसी पार्टी में उन्हें फजीहत का सामना करना पड़ेगा।

देवेंद्र गुर्जर द्वारा की गई अभद्रता के बाद धरने पर बठे पूर्व विधायक के तेवर देखकर कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नेता व जिला प्रभारी मानसिंह गोस्वामी कार्यक्रम से उठे और पूर्व विधायक को मनाने धरना स्थल पर पहुंचे।

पूर्व विधायक सत्यवीर जो कार्यक्रम सयोंजक भी थे उनके बारे में देवेंद्र गुर्जर ने यह टिप्पणी की कार्यक्रम तो हमारा है सत्यवीर त्यागी मंच पर क्यों आ बैठे। पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने देवेंद्र गुर्जर को फोन पर ये बात करते हुए सुन ली जिससे नाराज होकर पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी अपने समर्थको के साथ कार्यक्रम स्थल से उठकर चले गये। भारी तादाद में कार्यकर्ताओ के कार्यक्रम स्थल से बाहर चले जाने के कारण पंडाल सूना हो गया। जिससे कुछ समय के लिए कार्यक्रम रुक गया वहीं सत्यवीर त्यागी कार्यक्रम स्थल से उठकर पार्किंग में जाकर धरना देने लगे उन्हें मनाने के लिए जिला प्रभारी मानसिंह मौके पर पहुंचे आधे घंटे तक सत्यवीर त्यागी पार्किंग स्थल में जमीन पर बैठे रहे और देवेंद्र गुर्जर को कार्यक्रम स्थल से भगाने की मांग करने लगे। जिला प्रभारी मान सिंह द्वारा आधे घंटे तक चले मान मनव्वल के बाद सत्यवीर त्यागी कार्यक्रम स्थल पर वापस पहुंचे और कार्यक्रम सुचारु रूप से चला, लेकिन इस दौरान कार्यक्रम ने भाजपा के अंदर चली आ रही गुटबाजी और अंदर कलह को सबके सामने लाकर रख दिया और यह भी बता दिया कि पार्टी में पूर्व विधायक की क्या हैसियत है।

# डीएम ने विकास भवन सभागार में की आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीएम ने शिकायतो का गुणवत्तापरक निस्तारण न करने अनुपस्थित अधिकारियो संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी सरूरपुर खुर्द, अधिशासी अभियंता, आवास विकास परिषद, खंड शिक्षा अधिकारी रोहटा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खरखौदा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहजहांपुर, जिला कमांडेंट होमगार्ड मेरठ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मेरठ का माह नवम्बर 2025 का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। अधिकारियो को सख्त चेतावनी देते हुये उन्होंने कहा कि आईजीआरएस निस्तारण की कार्यप्रणाली में अधिकारी सुधार करें, शिकायतो का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

# मुस्लिम क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहे हैं बीएलओ: अबरार

## शीघ्र ही प्रशासन से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

■ जिला अधिकारी से घर-घर बीएलओ भेजने की रखी जाएगी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** एकता सेवा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद चौधरी अबरार अहमद ने आरोप लगाया है कि 4 नवम्बर से शुरू हुए SIR अभियान में अब तक किसी भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र में बी.एल.ओ. नहीं पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान की अंतिम तिथि 9 दिसम्बर तय है, लेकिन कई मोहल्लों में लोग अब तक अधिकारियों के इंतजार में हैं। चौधरी अबरार अहमद ने कहा कि इससे मुस्लिम समाज के लोग काफी परेशान हैं और अपनी समस्याएं बताने का मौका भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिला अधिकारी और तहसीलदार से घर-घर बी.एल.ओ. भेजने की मांग की है, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके और किसी वर्ग के साथ भेदभाव न हो। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर एकता सेवा समिति का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही जिला प्रशासन से मुलाकात करेगा।



# आगामी टी-20 विश्व कप पर ध्यान देना होगा: गंभीर



● **छोटी मोटी उपलब्ध्यिां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों को ईमानदारी और पादर्शिता के साथ फिटनेस के महत्व को समझते हुए 2026 में होने वाले टी-20 विश्वकप की तैयारी पर ध्यान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से टी-20 सीरीज जीतने के बाद गंभीर ने कहा कि छोटी-मोटी उपलब्धियां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकाना नहीं चाहिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एक साक्षात्कार में गंभीर ने कहा कि टी-20 विश्वकप की ओर टीम की प्रगति के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बहुत जरूरी है, लेकिन सीरीज जीतने का जश्न मनाने से बचना चाहिए। गंभीर ने टीम के रवैये में निरंतरता और शांत रहने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि एक देश के तौर पर और एक व्यक्ति के तौर पर, हमें कभी भी सीरीज जीतने का जश्न नहीं मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दबाव में परखने से ही खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आता हैं। हमने शुभमन गिल के साथ भी ऐसा ही किया था जब उन्हें टेस्ट कप्तान बनाया गया था। अपने सख्त नेतृत्व शैली के लिए जाने जाने वाले पूर्व भारतीय ओपनर ने कहा कि मौजूदा टीम में खुलापन और ईमानदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रेसिग रूम एक बहुत ही पारदर्शी और ईमानदार कमरा रहा है, और हम इसे ऐसा ही रखना चाहते हैं। हम अभी भी वहां नहीं हैं जहां हम टी-20 विश्वकप के लिए होना चाहते हैं, लेकिन उम्मीद है कि यह एक बड़ा कदम है। हमारे पास तीन महीने हैं जहां हम पहुंचना चाहते हैं।

# एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप की टीम घोषित

● **भारतीय टीम को जर्मनी आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को चिली के सैंटियागो में 25 नवम्बर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। विश्व कप की 20 सदस्यों वाली इस टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद तीन दिसंबर को जर्मनी और पांच दिसंबर को आयरलैंड के खिलाफ मैच होंगे। हर पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेले जाएंगे। भारतीय टीम की कप्तानी ज्योति सिह करेंगी और मुख्य कोच तुषार खांडकर होंगे। गोलकीपिग की जिम्मेदारी निधि और एंजिल हर्षा रानी मिज संभालेंगी, जबकि डिफेंस की जिम्मेदारी मनीषा, लालथनुआलंगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदिनी को दी गई है। वहीं मिडफील्ड में, भारत साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, कप्तान ज्योति सिह, खैडेम शिलेमा चानू और बिनिमा धन पर निर्भर रहेगा। फॉरवर्ड लाइन में सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो और सुखवीर कौर शामिल हैं, जो एक मजबूत आक्रमण का वादा करती हैं। प्रियंका यादव और पार्वती टोपनो को टूर्नामेंट के लिए वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर नामित किया गया है। टीम के रवाना होने से पहले चयन को लेकर भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच तुषार खांडकर ने कहा कि मेरी टीम जिस तरह से वे इस समय खेल रही हैं, उससे बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत हॉकी में अनुशासन है और मैंने इस टीम को बनाते समय इसी पर ध्यान केंद्रित रखा है। हमने एक कठिन अभ्यास से गुजरे हैं और अपने डिफेंसिव स्ट्रक्चर और विरोधी टीम के स्कोरिंग एरिया के अंदर फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत की है। लड़कियों ने पिछले कुछ महीनों में बहुत सुधार और मैच्योरिटी दिखाई है। खांडकर ने कहा कि हम सब तैयार हैं और चिली जाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। लड़कियां वर्ल्ड कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से मोटिवेटेड हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जेएलएन स्टेडियम की जगह पर बनेगी स्पोर्ट्स सिटी: सूत्र

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित प्रसि( जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को गिरा कर इसकी 102 एकड़ जमीन पर विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सिटी बनाई जाएगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि दिल्ली के लोधी रोड इलाके में बनने वाली इस स्पोर्ट्स सिटी के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के स्पोर्ट्स सेंटर्स को मॉडल पर अध्ययन किया जा रहा है। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि जेएलएन स्टेडियम की जगह पर एक वर्ल्ड क्लास मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर बनाया जाएगा और इस प्रोजेक्ट के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के सबसे अच्छे सेंटर्स की स्टडी की जा रही है। उन्होंने फिलहाल इस प्रोजेक्ट की समयसीमा बताने से इन्कार कर दिया। उल्लेखनीय है कि 60 हजार से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाले ऐतिहासिक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को फीफा, वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) और एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (एफसी) द्वारा तय किए गए इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स को पूरा करने के लिए डिजाइन और बनाया गया था। इस स्टेडियम को 1982 में एशियन गेम्स की एथलेटिक स्पर्धा और समारोह की मेजबानी के लिए बनाया गया था।

### जगदीश के शानदार प्रदर्शन उत्तराखंड ने हरियाणा को पारी और 28 रनों से हराया

**रोहतक, वार्ता।** जगदीश सुचित ( 50 रन/ पांच और छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम उत्तराखंड ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में हरियाणा को पारी और 28 रनों से शिकस्त दी। हरियाणा ने दूसरी पारी में कल के छह विकेट पर 106 रनों से आगे खेलना शुरु किया। 47वें ओवर की छठी गेंद पर जगदीश सुचित ने कपिल हुड्डा (27) को युवराज चौधरी के हाथों कैच आउट कराकर उत्तराखंड को सातवीं सफलता दिलाई। सुचित का अगला शिकार 49वें ओवर में सुमित कुमार (शून्य) बने। अगले ओवर में मयंक मिश्रा ने अंशुल कम्बोज (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 61वें ओवर की चौथी गेंद पर सुचित ने धीरू सिह को आउटकर हरियाणा की दूसरी पारी का 148 के स्कोर पर अंत कर पारी और 28 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। धीरू सिह ने 146 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 70 रन बनाये। उत्तराखंड के लिए जगदीश सुचित ने छह विकेट लिये। मयंक मिश्रा को दो विकेट मिले। युवराज चौधरी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जगदीश सुचित (पांच विकेट) और मयंक मिश्रा (चार विकेट) ने हरियाण को पहली पारी में 48-1 ओवर में 112 रनों पर ढ़ेर कर दिया था। हरियाण ने अपनी पहली पारी में युवराज (60), जगदीश सुचित (50) व कप्तान कुणाल (40) के योगदान से 94.3 ओवर में 288 का स्कोर खड़ा किया।

# न्यूजीलैंड-विंडीज का मैच बारिश के कारण रद्द

● **पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-1 से बढ़त बनाई हुई है**

**नेल्सन, वार्ता।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सोमवार को खेला जा रहा चौथा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने अभी सिर्फ दो गेंदों के बाद ही खेली थी हल्की बारिश शुरू हो गई। न्यूजीलैंड ने कुछ ओवर शांति से निकाले, आमिर जांगू संभल कर खेल रहे थे। एलिक अथानाजे ने काइल जैमीसन की गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर पारी को आगे बढ़ाया, जिसके बाद उन्होंने अथानाजे की गेंद पर एक और छक्का लगाया। जांगू ने पांचवें ओवर के आखिर में एक चौका लगाया, जिसके बाद पहली बार बारिश के कारण से खेल रोका गया।

30 मिनट के ब्रेक के बाद, खिलाड़ी बिना किसी नुकसान के वापस मैदान में आए और सिर्फ दो गेंदों के अंदर जेम्स नीशम ने अथानाजे को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अथानाजे के आउट होने के एक ओवर बाद बारिश फिर से तेज हो गई और खेल एक बार फिर रुक गया। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय वेस्टइंडीज ने 6-3 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बना लिये थे। इसके बाद बारिश नहीं रूकने पर मैच को रद्द कर दिया गया। एलिक अथानाजे 21 रन बनाकर आउट हुये, आमिर जांगू 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बेंगलुरु में होगी पहली इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन (आईपीए) के तहत कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) ने सबला द्वारा प्रायोजित पहली इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025 गुरुवार से शुरु होगी। पिकलबॉल के इस पहले संस्करण का आयोजन 13 से 16 नवम्बर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल किया जायेगा। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय से इस चैंपियनशिप के लिए आधिकारिक नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनएसएफ) की मान्यता मिलने के बाद इसे आयोजित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में 20 से अधिक राज्यों से 1200 से अधिक खिलाड़ियों को प्रवेश मिला हैं, जिनमें अंडर-12 से लेकर 70-प्लस तक के वर्ग शामिल हैं। यह पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारुप में होगी। इस अवसर पर केपीए के अध्यक्ष हर्षा ने कहा कि यह नेशनल चैंपियनशिप इस खेल के लिए एक ऐतिहासिक स्पर्धा है, और हम इसे बेंगलुरु में आयोजित करके बहुत खुश हैं। पिकलबॉल दुनिया भर में बहुत तेजी से बढ़ा है और भारत सरकार की मान्यता ने इसे एक नई पहचान और दिशा दी है। कोचिग क्लिनिक, बिजनेस मीट और हमारे 'मिशन वन मिलियन' कार्यक्रम जैसी पहलों के जरिए, हमारा लक्ष्य पिकलबॉल को पूरे कर्नाटक के स्कूलों तक पहुंचाना है। बेंगलुरु फुटबॉल क्लब और भारतीय फुटबॉलर आशिक कुरुनियान ने कहा कि यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि पिकलबॉल बेंगलुरु आ रहा है। यह एक मजेदार और सभी को शामिल करने वाला खेल है जो सभी उम्र और फिटनेस लेवल के लोगों को आकर्षित कर सकता है। द स्पोर्ट्स स्कूल के को-फाउंडर श्रीनिवास टीआर ने कहा, षपिकलबॉल में आने वाले सालों में मजबूत स्पोर्ट्स करियर बनाने की क्षमता है।

# अंडर-20 महिला विश्व कप में जापान से भिड़ेगा भारत

● **ग्रुप ए में मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

यहां घोषित किए गए ड्रा के अनुसार थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के लिए सोमवार जारी ड्रा में भारतीय महिला फुटबॉल टीम को ग्रुप सी में रखा गया है। इस ड्रा में भारत के साथ जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताईपे है। 20 साल बाद एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय अपना अभियान जापान के खिलाफ शुरू करेंगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेंगी। ग्रुप ए में, मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन हैं। एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप 2026 में थाईलैंड की तीन जगहों राजमंगला नेशनल स्टेडियम (बैंकॉक), थम्मासैट स्टेडियम (पाथुम थानी), और पाथुम थानी स्टेडियम (पाथुम थानी) में आयोजित होगा।

एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के 12वें संस्करण में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इस टीमों को चार-चार के समूह में विभाजित किया गया है। भारतीय टीम उन 11 टीमों में से एक है। जिसमें आठ ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ रैंकिग वाली उपविजेता टीम शामिल है।

# ज्वेरेव ने शेल्टन पर शानदार जीत के साथ एटीपी फाइनल्स की शुरुआत की



● **ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शेल्टन को 6-3, 7-6 (6) से हराया**

**इटली, वार्ता।** दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के पर्दापण कर रहे टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर एटीपी फाइनल में अपने अभियान की शुरुआत एक जबरदस्त जीत के साथ की। रविवार को खेल गए मुकाबले में जर्मनी के दिग्गज अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई।

मैच कके बाद ज्वेरेव ने शेल्टन के बारे में कहा कि वह एक अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी है। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक। टाई-ब्रेक में, उसने शानदार शुरुआत की। हां, मैंने शायद एक या दो पहली सर्विस मिस कर दीं, और उसने (5-4 पर) जो पासिग शॉट मारा, वह जबरदस्त था। मुझे लगा कि मुझे उन चीजों को नियंत्रित करना होगा जिन्हें मैं कंट्रोल कर सकता हू, और मैं उन्हें अच्छे से कर रहा था।

# फाइनल्स में जगह पक्की करने उतरेंगे लक्ष्य



● **लक्ष्य सेन सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी है**

**जापान, वार्ता।** चोट से उबरने के बाद एचएस प्रणॉय एक महीने के अंतराल के बाद मंगलवार से शुरु हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं लक्ष्य सेन अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय आखिरी बार सितम्बर में कोरिया ओपन में खेले थे, जहां चोट के कारण मैच से हटने के बाद उन्हें पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा था। 33 साल के प्रणॉय के लिए 2025 का सीजन मुश्किल रहा है।

वह अपने 14 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, और इस दौरान उन्हें आठ बार पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा है। लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

वहीं प्रणय मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। आयुष शेट्टी इस साल यूएस ओपन जीतकर बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, वे भी किरण जॉर्ज और तरुण मन्नेपल्ली के साथ जापान में पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। इसके आलवा 17 साल की नैशा कौर भटोये महिला एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं और वह क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ही देश की एकमात्र युगल चुनौती पेश करेंगी।

# उत्तर प्रदेश बाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विशाल गुप्ता

**अयोध्या, वार्ता।** अयोध्या में चल रही राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के दौरान रविवार को उत्तर प्रदेश बाक्सिग संघ विशेष आम सभा की बैठक (स्पेशल जनरल बॉडी मीटिग) सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अयोध्या के विशाल गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

विशाल गुप्ता एम-आर-जयपुरिया स्कूल, अयोध्या के निदेशक और विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हैं। अभी तक वे संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष दायित्व निर्वहन कर रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाक्सिग संघ के अध्यक्ष डा. राकेश मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बॉक्सिग की अपार संभावनाएं हैं। अब नए नेतृत्व से खेल को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। संघ युवाओं को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का काम तेज करेगा। विशाल गुप्ता ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है, वह सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी है। प्रदेश के हर जिले में बॉक्सिग को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को सुविधाएं दिलाने और पारदर्शी चयन प्रणाली लागू करने के लिए प्रयास किया जाएगा। चुनाव में अन्य पदाधिकारियों में अभिषेक पाल (सिद्धार्थनगर) उपाध्यक्ष, उपेंद्र पांडेय (कानपुर) महासचिव, रमाकांत पांडेय (बस्ती), अभिषेक अग्रवाल (अयोध्या), आशुतोष ओझा (वाराणसी) संयुकत सचिव तथा देवेन्द्र कुमार (लखनऊ) कोषाध्यक्ष चुनें गए।

# अनीश ने पिस्टल स्पर्धा में जीता रजत



● **अनीश भानवाला ने फाइनल में 40 में से 28 अंक हासिल किए और फ्रांस के खिलाड़ी से पीछे रहे**

**मिस्र, वार्ता।** भारत के अनीश भानवाला ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। रविवार को हुई इस स्पर्धा में 23 वर्षीय अनीश भानवाला ने फाइनल में 40 में से 28 अंक हासिल किए और फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुए से पीछे रहे, जिन्होंने 31 अंक हासिल करते हुए निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीता। यूक्रेन के मक्सिम होरोडिनेट्स ने 25 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अनीश ने फाइनल की राह में चार शूटऑफ का सामना किया और हर बार अपने धैर्य और शांत मानसिकता से शानदार प्रदर्शन किया। रतीय निशानेबाज ने पहले जर्मनी के इमैनुएल म्यूलर को दो बार के शूटऑफ में हराकर पदक सुनिश्चित किया। इसके बाद उन्होंने होरोडिनेट्स को भी दो शूटऑफ में पीछे छोड़ते हुए फाइनल के लिए शीर्ष दो में जगह बनाई। अंतिम राउंड में अनीश के पास स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने सभी शॉट्स में 5 अंक हासिल करने थे और साथ ही बेसागुए को सभी शॉट्स में चूकने की जरूरत थी। जो संभव नहीं हो सका। यह अनीश भानवाला का वर्ल्ड चैंपियनशिप में पहला व्यक्तिगत पदक है और कुल मिलाकर दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने तीन साल पहले सिमरनप्रीत कौर बरार के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक जीता था।

# संग्राम सिंह ने एमएमए एथलीटों को कुश्ती पर ध्यान देने की सलाह दी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियनशिप विजेता संग्राम सिंह ने प्रोफेशनल मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) फाइटर्स बनने की इच्छा रखने वालों अगर सफल होना चाहते हैं तो उन्हें कुश्ती कौशल को बेहतर बनाना होगा। संग्राम सिंह ने यूनीवार्ता के साथ साक्षात्कार में इस बात पर बल दिया कि एमएमए मुकाबले काफी हद तक कुश्ती पर आधारित होते हैं। उन्होंने कहा कि स्ट्राइकिंग मुकाबलों का एक नगण्य हिस्सा है। उन्हें कई सालों तक अच्छी तरह से कुश्ती करनी चाहिए। एमएमए का अस्सी प्रतिशत कुश्ती है, स्ट्राइकिंग सिर्फ 20 प्रतिशत है, खबीब (खबीब नूरमगोमेदोव, अब तक के सबसे लंबे समय तक राज करने वाले अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप लाइटवेट चैंपियन) जैसे फाइटर्स का कुश्ती बैकग्राउंड बहुत अच्छा था। 40 वर्षीय संग्राम ने हाथों की अच्छी ताकत बनाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मेरे हाथ बड़े और मजबूत हैं, आप दुनिया के सभी चोक, सभी दाव-पेच जान सकते हैं लेकिन अगर आपके हाथों में जरूरी ताकत नहीं है तो आप उन दाव-पेच को अंजाम नहीं दे पाएंगे और टैप आउट नहीं कर पाएंगे। सिंह ने चार नवंबर को एम्स्टर्डम में लेवल्स फाइट लीग (एलएफएल) में ट्यूनीशियाई फाइटर हकीम ट्रैबेल्सी को दूसरे राउंड में टैप आउट करके प्रोफेशनल एमएमए फाइट में जीत हासिल की थी। मुकाबले को लेकर संग्राम सिंह ने कहा कि वह एक अच्छा पहलवान है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 11 नवम्बर 2025

# आतंकवाद की धमक

सोमवार की शाम राजधानी दिल्ली में लालकिले के आसपास भीड़भाड़ वाले इलाके में हुए कार बम विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल बताए जाते हैं। यद्यपि धमाके की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, फिर भी ब्लास्ट के पीछे आतंकी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता, हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राज्य में आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए देश को एक बड़े आतंकी हमले से बचा लिया है। एक कहावत है कि मुंह में राम और बगल में छुरी, ऐसी ही कहानी है पकड़े गए डाक्टर और शिक्षक की। इनका पेशा जनसेवा का है, लेकिन इनके पास से जो हथ्यिार बरामद हुए हैं, उनसे साफ हो गया है कि ये लोग जनसेवा की आड़ में देश को दहलाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएस) संगठनों के एक अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार डा. मुजम्मिल अहमद गनी के पास से लगभग 360 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया गया है। इस विस्फोटक के अमोनियम नाइट्रेट होने का संदेह है। फरीदाबाद स्थित उसके किराए के मकान से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। गनी अल फलाह विश्वविद्यालय में शिक्षक है। बताया गया है कि 19 अक्टूबर को शहर के बनपोरा नौगाम इलाके में विभिन्न स्थानों पर जैश-ए-मोहम्मद के कई पोस्टर चिपके हुए पाए गए, जिनमें पुलिस और सुरक्षाबलों को धमकाने और डराने की बात कही गई थी। जम्मू कश्मीर में पुलिस ने जिस मुस्तैदी से आतंक के आकाओं को दबोचने में कामयाबी हासिल की है, उस की चारों तरफ चर्चा हो रही है। अगर पुलिस को ये कामयाबी नहीं मिलती, तो देश में कई जगह आतंकी अपने मंसूबों को अंजाम दे सकते थे।

आतंकियों के देश में कई जगह तबाही मचाने की साजिश थी, जिसे नाकाम कर दिया गया है। पुलिस जांच में बताया गया है कि आने वाले दिनों में कई खुलासे हो सकते हैं। ये लोग जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े बताए गए हैं। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू और कश्मीर, भारत के अनन्तनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घाटी पर एक आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई और 17 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हमला जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे के निरस्तीकरण के पश्चात् इस क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक था, जिसमें हिन्दू नागरिकों को निशाना बना उनका नरसंहार किया गया और कथित तौर पर इसका उद्देश्य कश्मीर घाटी में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का विरोध करना था। आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, इसीलिए इन्होंने देश में तबाही मचाने के लिए ये हथियार जमा कर रखे थे। भारत ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, जिसमें पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए थे। भारत की खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा से संबंधित एक अहम अलर्ट जारी किया है, जिसमें आईएसआई और पाकिस्तान में स्थित इस्लामिक आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत में सिलसिलेवार बम धमाकों की साजिश रचने की जानकारी दी गई थी। खुफिया विभाग के मुताबिक ये आतंकवादी संगठन बांग्लादेश की मदद से भारत में हमले करने की योजना बना रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में ये कार्रवाई की गई है।

## मेड इन इंडिया को वैश्विक सम्मान



हमारे सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत आधार हैं, ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों में उनकी शानदार भूमिका इस बात का प्रमाण है कि हमारे स्वदेशी रक्षा प्लेटफॉर्म भरोसेमंद और सक्षम हैं, वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें डीपीएसयू का हिस्सा सबसे बड़ा है, देश का रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो इस बात का संकेत है कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक स्तर पर सम्मान और भरोसा मिल रहा है, डीपीएसयू तेजी से स्वदेशी तकनीक के विकास, अनुसंधान और नवाचार, उत्पाद गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान दें।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश और आवारा कुत्तों की समस्या



विनीत नारायण



भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक जटिल सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा रही है। बीते शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश जारी किया है जिसमें रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, स्कूलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने और उन्हें नसबंदी, टीकाकरण के बाद निश्चित आश्रमों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कोर्ट ने साफ किया है कि इन कुत्तों को उनकी मूल जगह वापस नहीं छोड़ा जाएगा, ताकि इन सार्वजनिक स्थलों से उनकी उपस्थिति खत्म हो सके। यह फैसला भारत में आवारा कुत्तों से जुड़ी बढ़ती समस्या, जैसे कि कुत्ते के काटने की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की बेंच ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी राज्य सरकारें और स्थानीय निकाय दो सप्ताह के अंदर सभी सरकारी और निजी स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड आदि की पहचान करें जहां आवारा कुत्ते उपस्थित हैं। इसके बाद स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी होगी कि वे इन कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित आश्रमों में स्थानांतरित करें, जहां उन्हें न सिर्फ नसबंदी और टीकाकरण दिया जाएगा, बल्कि उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस कार्रवाई में बाधा डालता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 13 जनवरी 2026 को समीक्षा के लिए पुनः लाया जाएगा।

जानवर प्रेमियों और पशु अधिकार संगठनों ने इस आदेश पर व्यापक असंतोष जताया है। उनका कहना है कि इस तरह के आदेश से कुत्तों के प्रति चिंता और संरक्षण कम हो सकता है। कई संगठन इस बात पर जोर देते हैं कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उनके मूल क्षेत्र में ही जारी रखना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से इलाके में कुत्तों की आबादी नियंत्रित रहती है और कुत्तों के व्यवहार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वे पशु कल्याण बोर्ड के पुराने सुझावों का हवाला देते हैं, जिनमें कहा गया है कि आवारा कुत्तों का पुनः उनके क्षेत्र में छोड़ना बेहतर तरीका है न कि उन्हें जोर जबरदस्ती आश्रमों में बंद करना। कई जानवर प्रेमी और समाजसेवी समूह आशंकित हैं कि इस कदम से आवारा कुत्तों की संख्या और व्यवहार संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा।

वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यदि इसे सही ढंग से अमल में लाया जाए तो यह पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। केवल दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, इसे अमल करना एक चुनौती हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है।

पशु प्रेमियों की मानें तो इस आदेश जारी करते समय कुछ सावधानियों और वैकल्पिक उपायों पर विचार किया जाना आवश्यक था जैसेरूस्थानीय आश्रमों की संख्या, संसाधन और देखभाल क्षमता का आकलन,कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए आम लोगों में जागरूकता और सामाजिक समन्वय,नसबंदी और टीकाकरण के बाद ही कुत्तों को उनके इलाके में छोड़ने की नीति,कुत्तों के प्रति मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक शिक्षा,पशु अधिकार समूहों, नगर निगम और प्रशासन के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा।

भारत में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत अधिक है, और प्रबंधन के लिए अलग-अलग राज्यों में ABC (AnimalBirthControl) नियम चलाए जाते हैं, जिसमें नसबंदी, टीकाकरण और पुनः छोड़ना शामिल है। उदाहरण स्वरूप, जयपुर और गोवा जैसे शहरों ने इस विधि से कुत्तों से होने वाली बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रण में रखा है।

दूसरी ओर, विश्व के कई देशों ने भी अपनी-अपनी रणनीतियां अपनाई हैंरूसिंगापुर में सरकारी निकाय द्वारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण के बाद या तो पुनः छोड़ दिया जाता है या फिर उनका पुनर्वास किया जाता है, तुर्की के इस्तांबुल में मोबाइल वेटरनरी क्लीनिक और सार्वजनिक फीडिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिससे कुत्तों का प्रबंधन प्रभावी ढंग से हो रहा है, भूटान में 2023 में 100 प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य हासिल किया गया,रोमानिया में कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए नसबंदी पर जोर दिया गया है, साथ ही सार्वजनिक प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए कुत्तों की हत्या से बचा गया है।

उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे। नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खघ्रीदे गए महेंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई।

यह मॉडल भारत के लिए भी प्रासंगिक हैं, जहां मानवीय और वैज्ञानिक तरीके से आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक है।सुप्रीम कोर्ट का आदेश आवारा कुत्तों की समस्या पर कड़ा कदम है, लेकिन इसके अमल में स्थानीय प्रशासन, जानवर प्रेमी और स्थानीय समुदाय के बीच सामंजस्य और समझ जरूरी है। आवारा कुत्तों को हटाने के बजाय उन्हें स्थाई और मानवीय तरीके से नियंत्रित करने के लिए बेहतर नीतियों और जागरूकता की आवश्यकता है, ताकि न सिर्फ इंसानी सुरक्षा सुनिश्चित हो बल्कि पशु कल्याण भी बना रहे। भारत जैसे बहु-आयामी सामाजिक परिवेश में आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान सामूहिक और संवेदनशील दृष्टिकोण से ही संभव है।इस लिहाज से यह आवश्यक होगा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ पशु अधिकार संगठनों और स्थानीय निकायों की मदद से ऐसे उपाय किए जाएं, जो दोनों पक्षों के हित में हों और आवारा कुत्तों का हानिरहित प्रबंधन सुनिश्चित करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्थानीय जैव विविधता से धान का सर्वोत्तम विकास

**गालमिज के लिए हालांकि बहुत सारे प्रतिरोधक दाता मिले हैं, पर अभी तक देश में जारी की गई अधिकतर प्रतिरोधक किस्में या तो कम उत्पादक हैं अथवा विभिन्न स्थानों पर उगाए जाने पर, प्रतिरोध में एकरूपता नहीं दिखाती हैं। यहां भी ऊंची उत्पादकता व अधिक स्थाई प्रतिरोध के मिलन को प्राप्त नहीं किया जा सका है। टास्क फोर्स के इन उद्धरणों में हम इतना ही जोड़ना चाहेंगे कि एच.वाय.वी. की ये समस्याएं अभी तक बनी हुई हैं। इसके साथ यह भी जोड़ देना उचित है कि कम साधनों वाले छोटे किसानों के लिए ए किस्में विशेष रूप से समस्याप्रद है।**

धान विश्व की सबसे महत्वपूर्ण फसल है। अतः बहुराष्ट्रीय कंपनियां यह भरपूर प्रयास कर रही हैं कि उनके नियंत्रण वाली जीएम व जीन परिवर्तित फसलें चावल में भी चल निकलें। दूसरी ओर, किसानों के हित में यह है कि यहां की देशी विविधता भरी धान की किस्मों को खेतों में उगाया जाए। यह भारत के संदर्भ में तो और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में धान की जैव-विविधता का विशाल भंडार है। इन्हें हमारे पूर्वज किसानों ने एकत्र किया परंतु बहुराष्ट्रीय कंपनियां इनसे मुनाफा कमाना चाहती हैं।

भारत के विख्यात धान वैज्ञानिक डॉ. आरएच रिछारिया 1960-70 के दशक में केंद्रीय धान अनुसंधान संस्थान कटक के निदेशक रहे। यहां उन्होंने देशी विविधता भरी किस्मों पर आधारित महान धान विकास कार्यक्रम तैयार किया था। लेकिन इससे पहले कि वे इसे कार्यान्वित कर पाते विदेशी किस्मों को बाहर से लाद दिया गया व डॉ. रिछारिया को अपना पद छोड़ना पड़ा। फिर भी उनके अति विशिष्ट योगदानों को देखते हुए सरकार ने बार-बार उनका परामर्श लेने की जरूरत समझी। 1960-70 के दशक के मध्य में विदेशी सहायता संस्थाओं और अनुसंधान केंद्रों के दबाव में भारतीय सरकार ने चावल की बौनी व रासायनिक खाद का अधिक उपयोग करने वाली किस्मों के प्रसार का निर्णय लिया। इन्हें चावल की अधिक उत्पादक किस्में (हाई ईल्डिंग वेरायटी-एच.वाय.वी) कहा गया। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इतनी ही या इससे अधिक उत्पादकता देने वाली देशी किस्मों को अधिक उत्पादक किस्मों की सरकारी सूची में सम्मिलित नहीं किया गया, और विदेशी किस्मों को अधिक उत्पादकता का एकमात्र स्रोत मान लिया गया। इन्हें देश के अनेक भागों मे हरित क्रांति किस्में कहा जाता है। नीचे प्रस्तुत तालिका से स्पष्ट है कि अपेक्षाकृत कम रासायनिक खाद व अन्य खर्च के बावजूद धान उत्पादकता में वृद्धि दर हरित क्रांति या विदेशी किस्मों के प्रसार से पहले अधिक थी। विदेशी अधिक उत्पादक किस्मों की इस विफलता के क्या कारण हैं? फरवरी 1979 में केंद्रीय धान अनुसंधान संस्थान, कटक में डॉ. रिछारिया की अध्यक्षता में हुई धान प्रजनन के ख्यात विशेषज्ञों की बैठक में इस विफलता के कुछ कारण बताए गए थे।

विदेशी अधिक उत्पादक किस्मों का भारत के अधिकतर धान उत्पादन क्षेत्र के लिए अनुकूल न होना व बीमारियों व कीड़ों आदि के प्रति अधिक संवेदनशील होना। कहा गया कि अधिकतर एचवायवीटीएन (1) या आई.आर.(8) से व्युत्पादित है व इस कारण उनमें बौना करने का डी.जी.ओ.वू. जेन का जीन है। इस संकीर्ण आनुवंशिक आधार से भयप्रद एकरूपता उत्पन्न हो गई है, इसी कारण विनाशक जंतुओं (कीट आदि) व बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ी है। प्रसारित की गई अधिकतर किस्में प्रारूपी उच्च भूमि व निम्न भूमि (टिपिकल अपलैंड्स एंड लोलैंड्स), जो देश में कुल चावल क्षेत्र का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा है, के लिए अनुकूल नहीं है। इन स्थितियों में सफलता के लिए हमें अपने अनुसंधान कार्यक्रमों व रणनीतियों को पुनरूउन्मुख करने की आवश्यकता है। एक अन्य स्थान पर इसी टास्क फोर्स ने कहा है, हभारत में जारी की गई विभिन्न धान की किस्मों की वंशावली को सरसरी निगाह से देखने से ही स्पष्ट हो जाता है कि जनन द्रव्य का आधार बहुत संकीर्ण है। नई किस्मों की विनाशक जंतुओं (पेस्ट) के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता के विषय में टास्क फोर्स ने कहा है, एच.वाय.वी. के आगमन से गालमिज, भूरे फुदके (ब्राऊन प्लांटहॉपर), पत्ती मोड़ने वाले कीड़े (लीफ फोल्डर) वोर्ल मैगट जैसे विनाशक कीटों की स्थिति में उल्लेखनीय तब्दीली आई है। चूंकि अब तक जारी की गई अधिकतर एच.वा.वी. मुख्य विनाशक जंतुओं के प्रति संवेदनशील है, 30 से 100 प्रतिशत तक फसल की हानि होने की संभावना रहती है। उत्पादकता को स्थायित्व प्रदान करने के लिए अंतर्निहित प्रतिरोध (बिल्ट इन रजिस्टेंस) वाली किस्मों का विकास अति आवश्यक हो गया है।

किंतु प्रतिरोधक किस्मों के विकास का पिछला रिकार्ड तो कतई उत्साहवर्द्धक नहीं रहा है, जैसा कि टास्क फोर्स ने स्वीकार किया, हकीट प्रतिरोधक प्रजनन कार्यक्रम के परिणाम अभी तक उत्साहपूर्वक नहीं रहे हैं। हालांकि विनाशक जंतुओं की प्रतिरोधी कुछ किस्में जारी की गई हैं लेकिन रत्न के अलावा इनमें से किसी का भी अच्छा प्रसार नहीं हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षा के शिल्पी राष्ट्र के वास्तुकार मौलाना आजाद

श्वेता गोयल



भारतीय शिक्षा जगत के लिए 11 नवम्बर का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण है। इस दिन को पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान, साहित्यकार, विचारक और भारतीय शिक्षा के आधारशिला-निर्माता मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में समर्पित है। 2008 में भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इस दिन को आधिकारिक रूप से 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' घोषित किया था। यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं बल्कि उस दृष्टि का उत्सव है, जिसने स्वतंत्र भारत को शिक्षित, प्रबुद्ध और प्रगतिशील बनाने की दिशा दी। मौलाना अबुल कलाम आजाद उन विरले व्यक्तित्वों में से थे, जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अपनी कलम और वाणी से योगदान दिया बल्कि आजादी के बाद राष्ट्र के बौद्धिक और नैतिक उत्थान की दिशा भी तय की। वे मानते थे कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि आत्मा को स्वतंत्र करने और समाज को जागृत करने का साधन है। उनका यह विश्वास था कि कोई भी राष्ट्र तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके नागरिक शिक्षित और सुसंस्कृत न हों। आजाद का शिक्षा दर्शन भारतीय परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अद्भुत समन्वय था। उन्होंने शिक्षा को समानता, एकता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का आधारस्तंभ माना।

स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में मौलाना आजाद का योगदान भारतीय शिक्षा व्यवस्था के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे यह भली-भांति समझते थे



कि शताब्दियों की दासता ने भारत की आत्मा को कुंठित कर दिया है और इस कुंठा को केवल शिक्षा ही दूर कर सकती है। इसी दृष्टि से उन्होंने सर्वजन शिक्षा की अवधारणा को नीतिगत रूप दिया। उन्होंने कहा था, 'एक राष्ट्र, जो अपने प्रत्एक बालक-बालिका को शिक्षित नहीं कर सकता, वह अपनी भविष्य की नींव कमजोर बना रहा है।' आज जब हम 'सबके लिए शिक्षा', 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' या 'शिक्षा का अधिकार' की बात करते हैं तो उसकी जड़ें मौलाना आजाद की दूरदर्शी नीतियों में गहराई तक बसी हैं। मौलाना आजाद के कार्यकाल में शिक्षा मंत्रालय ने जो आधारभूत ढ़ांचा तैयार किया, वही आगे चलकर आधुनिक भारत की ज्ञान-व्यवस्था का मेरुदंड बना। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और नि:शुल्क करने पर बल दिया। उन्होंने माध्यमिक और उच्च शिक्षा में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास को आवश्यक बताया। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना उनके स्वप्न का ही विस्तार था। भारत में आज जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठान हैं, उनकी नींव मौलाना आजाद की कल्पना और नेतृत्व में पड़ी। उन्होंने 1948 में भारतीय शिक्षा आयोग (राधाकृष्णन आयोग) की स्थापना की, जिसने उच्च शिक्षा के उद्देश्यों और दिशा को स्पष्ट किया। मौलाना आजाद के विचार केवल संस्थान निर्माण तक सीमित नहीं थे बल्कि शिक्षा की आत्मा को लेकर भी अत्यंत व्यापक थे। वे मानते थे कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्ति नहीं बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास है। उन्होंने धार्मिक और नैतिक शिक्षा के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि शिक्षा का प्रयोजन व्यक्ति को सत्य, करुणा और सहिष्णुता के मार्ग पर अग्रसर करना है। मौलाना आजाद बहुभाषी शिक्षा के पक्षधर थे और मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को समझते थे। उनका यह विचार आज भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रतिध्वनित होता है, जहां मातृभाषा को प्राथमिक शिक्षा का माध्यम बनाने पर जोर दिया गया है। उनकी .ष्टि केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित नहीं थी, वे व्यस्क शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और महिला शिक्षा के भी प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि कोई भी समाज तब तक प्रगतिशील नहीं बन सकता, जब तक महिलाएं शिक्षा से वंचित रहें। उन्होंने शिक्षा में समान अवसर की अवधारणा प्रस्तुत की, जिससे समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों को भी मुख्यधारा में लाया जा सके। उनके अनुसार, 'शिक्षा का प्रकाश तभी सार्थक है, जब वह सबसे अंधेरे कोनों तक पहुंचे।' उनकी नीतियों का एक और उल्लेखनीय पहलू था, शिक्षा का राष्ट्र निर्माण में उपयोग। वे शिक्षा को केवल व्यक्ति की उन्नति नहीं बल्कि सामूहिक चेतना के निर्माण का साधन मानते थे। उनके अनुसार, भारत की आत्मा उसकी सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक एकता में बसती है और शिक्षा ही वह माध्यम है, जो इस विविधता में एकता का बोध करा सकती है। इसीलिए उन्होंने शिक्षा के पाठ्क्रम में भारतीय संस्कृति, इतिहास और दर्शन को प्रमुख स्थान देने की आवश्यकता बताई। आज जब हम 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' मनाते हैं तो यह आत्ममंथन का अवसर भी होता है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या हम मौलाना आजाद के स्वप्न के अनुरूप एक शिक्षित, समान और जागरूक समाज बना पाए हैं? स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भी हमारे देश में अशिक्षा, विद्यालय छोड़ने की दर और शिक्षा की गुणवत्ता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण भारत में अभी भी लाखों बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं और उच्च शिक्षा में नामांकन दर विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। शिक्षा में असमानता, डिजिटल अंतराल और कौशल की कमी आज हमारे विकास पथ में बड़ी बाधा बनकर उभरी हैं। मौलाना आजाद का सपना केवल विद्यालयों की दीवारों तक सीमित नहीं था बल्कि वे एक ऐसे भारत की कल्पना करते थे, जहां शिक्षा व्यक्ति को सोचने, प्रश्न करने और सृजन करने की स्वतंत्रता दे। वे कहते थे, 'हमारी आजादी तभी सार्थक होगी, जब हर व्यक्ति ज्ञान और विवेक के प्रकाश से प्रकाशित होगा।' यही वह विचार है, जो आज भी शिक्षा के हर सुधार, हर नीति और हर अभियान की आत्मा है। शिक्षा का लोकतंत्रीकरण तभी संभव है, जब समाज स्वयं आगे बढ़े, जब शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, मार्गदर्शक बनें, जब विद्यार्थी केवल अंक पाने की दौड़ में नहीं बल्कि जीवन को समझने की यात्रा पर निकलें और जब शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण बने। भारत आज ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। डिजिटल युग ने शिक्षा को नई परिभाषा दी है, लेकिन साथ ही नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। मौलाना आजाद की शिक्षा-दृष्टि आज भी उतनी ही प्रासंगिक है क्योंकि उन्होंने जिस शिक्षा की परिकल्पना की थी, वह केवल तकनीकी दक्षता नहीं बल्कि मानवीय संवेदनशीलता, बौद्धिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय पर आधारित थी। मौलाना आजाद का नाम भारत के इतिहास में न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के रूप में दर्ज है बल्कि उस महान शिक्षाविद् के रूप में भी, जिसने भारत के भविष्य की दिशा तय की।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीनगर में सर्दी का आगमन, तापमान शून्य से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार की रात को इस मौसम में तापमान पहली बार शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी में पहली बार तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। यह शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिर गया। घाटी के अधिकांश मौसम केंद्रों ने भी शून्य से नीचे तापमान दर्ज किया। एकमात्र अपवाद दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले का कोकरनाग था, जहां न्यूनतम तापमान थोड़ा अधिक 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

### इक्वाडोर में जेल में हुए दंगे में चार कैदियों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के दक्षिणी तटीय प्रांत एल ओरो की राजधानी माचाला में रविवार को जेल में हुए दंगों में कम से कम चार कैदियों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय जेल प्रशासन एजेंसी एसएनएआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसएनएआई ने एक बयान में कहा कि माचाला की जेल संख्या एक में तड़के हिंसा भड़क उठी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि यह दंगा कैदियों को एक उच्च-सुरक्षा वाली जेल में स्थानांतरित करने के कारण भड़का, जिसमें चार कैदियों की मौत हो गई और कम से कम 40 अन्य घायल हो गए।

### स्लोवाकिया में ट्रेन की टक्कर में 18 घायल

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया में पेजिनोक और ब्रातिस्लावा के बीच रविवार रात दो यात्री ट्रेनों की आमने-सामने की टक्कर में 18 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना राजधानी को पेजिनोक से जोड़ने वाले व्यस्त गलियारे पर हुई। गृहमंत्री मतुस सुताज एस्टोक ने एक टेलीविज़न ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस हादसे में 12 से अधिक लोग लोग घायल हुए हैं और ग्यारह लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा, 'दुर्घटना में किसी की मौत नहीं हुई।' स्लोवाक गणराज्य समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार रविवार शाम ब्रातिस्लावा क्षेत्र के पेजिनोक शहर और राजधानी ब्रातिस्लावा के बीच दो ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 18 घायल हो गए।

### न्यूजीलैंड के राष्ट्रीय उद्यान में आग लगी

**वेलिंगटन।** न्यूज़ीलैंड के टोंगारिरो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में लगी आग ने करीब 2500 हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है और अभी तक इस पर काबू नहीं पाया जा सका है न्यूज़ीलैंड के अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग ने कहा है कि आग का दायरा अनुमानित 2500 हेक्टेयर से ज्यादा होने की आशंका है। सोमवार सुबह टोंगारिरो राष्ट्रीय उद्यान में धुंध छाई रही, जिससे रात बुझाने के अभियान में देरी हुई। धुंध के कारण सभी विमानों की उड़ाने रोक दी गई हैं।



**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से एक दिन पहले मतदान सामग्री लेकर मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए।

## चीन की नाव दुर्घटनाग्रस्त, दो नाविकों को बचाया गया, 11 लापता

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में गुसान के पास इओचेओंग द्वीप के पास सोमवार को चीन की एक मछली पकड़ने वाली नाव के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे के बाद दो नाविकों को बचा लिया गया, जबकि नौ लोग लापता है। यह जानकारी द. कोरिया की न्यूज एजेंसी योनहाप ने अपनी रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट के अनुसार 99 टन वजनी यह नाव स्थानीय समयानुसार सोमवार को सुबह लगभग 8:53 बजे द्वीप से लगभग 150 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में पानी में पलट गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण जहाज पर सवार चालक दल के 11 सदस्यों में से दो को पास के पानी में चल रहे एक मालवाहक जहाज ने बचा लिया, लेकिन शेष नौ का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

# प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति से ज्यादा ताकतवर होंगे मुनीर

## पाकिस्तान में आर्मी चीफ को तीनों सेनाओं के मुखिया, परमाणु हथियार की कमांड मिलेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आसिम मुनीर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से भी ज्यादा ताकतवर होने जा रहे हैं। उन्हें तीनों सेनाओं का चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जा रहा है। यह पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी।

शहबाज सरकार इसके लिए संविधान में बदलाव कर रही है। इससे जुड़ा बिल आज संसद के दोनों सदनों सीनेट और नेशनल असेंबली में पेश किया गया। इस पर वोटिंग जारी है। इसे 27वां संविधान संशोधन कहा जा रहा है। इसके जरिए सरकार सुप्रीम कोर्ट और अदालत की भी ताकत घटाने जा रही है। इस विधेयक को पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा और विवादास्पद प्रस्ताव माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह देश की न्याय व्यवस्था और सैन्य ढांचे दोनों को बदलकर रख देगा। 27वां संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी। यानी सीनेट में 64 वोट और नेशनल असेंबली में 224 वोट। 96 सदस्ईय सीनेट में सत्ताधारी गठबंधन के पास कुल 65



■ कानून बनाने के लिए संसद में वोटिंग जारी

वोट हैं, जो आवश्यक बहुमत से एक वोट ज्यादा है। वहीं, 326 एक्टिव मेंबर वाली नेशनल असेंबली में सरकार के पास कुल 233 सांसदों का समर्थन है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार के पास दोनों सदनों में संशोधन पारित कराने के लिए पर्याप्त बहुमत मौजूद है। पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति के दस्तखत के लिए भेजा जाएगा। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। अनुच्छेद 243, जो पहले राष्ट्रपति को सशस्त्र बलों का सुप्रीम कमांडर' घोषित करता था, अब व्यवहार में सेना प्रमुख को सर्वोच्च बना देगा। पाकिस्तान में कानूनी रूप से तीनों सेनाएं राष्ट्रपति के कमांड में होती हैं और राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्मी चीफ, नौसेना प्रमुख और वायुसेना प्रमुख की नियुक्ति करता है। नए प्रावधान के तहत चीफ आफ डिफेंस फोर्सेस (सीडीएफ) नाम से एक नया पद बनाया जा रहा है।

# भारत पर हमले की तैयारी में हाफिज सईद

## बांग्लादेश को हमलों के लिए लॉन्चपैड के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहा आतंकी सरगना

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद भारत पर नए हमलों की तैयारी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह बांग्लादेश को इन हमलों के लिए लान्चपैड के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। यह खुलासा पाकिस्तान के खैरपुर तामेवाली में 30 अक्टूबर को हुई एक रैली के वीडियो से हुआ है।

इसमें लश्कर-ए-तैयबा के सीनियर कमांडर सैफुल्लाह सैफ ने कहा, शहाफिज सईद खाली नहीं बैठे हैं, वे बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। सैफ ने कहा-भारत हम पर चढ़ा हुआ था, अमेरिका उनके साथ था। लेकिन आज उनका साथ कोई नहीं दे रहा। सैफ ने दावा किया कि लश्कर के आतंकी पहले से ही बांग्लादेश में सक्रिय हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' का बदला लेने को तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार, हाफिज सईद ने अपने करीबी साथी को बांग्लादेश भेजा है, जो वहां के युवाओं को ट्रेनिंग दे रहा है। रैली में आतंकवादी सैफ ने लोगों को भारत के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए उकसाया। इस रैली में बच्चे भी मौजूद थे। आतंकी संगठन नाबालिगों को भी भड़काकर भारत के खिलाफ इस्तेमाल करना चाहते हैं। सैफ ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ करते हुए झूठा दावा किया कि 9-10 मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में कार्रवाई हुई। उसने कहा कि अब अमेरिका हमारे साथ है। बांग्लादेश भी फिर से पाकिस्तान के करीब आ रहा है। हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का भी एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी दे रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का था। कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। लश्कर के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का वायरल वीडियो जिसमें वो भारत को धमकी देता है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा। इससे पहले 17 सितम्बर को कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। वीडियो में, कसूरी ने चेता. वनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की कोशिशें की जाएगी।



■ जंग छेड़ने के लिए बच्चों को उकसा रहा आतंकी
■ यह खुलासा पाकिस्तान के खैरपुर तामेवाली में 30 अक्टूबर को हुई एक रैली के वीडियो से हुआ

## माली में अपहृत पांच भारतीयों की जल्द रिहाई के प्रयास जारीः भारतीय दूतावास

**बमाको।** अफ्रीकी देश माली स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह कोबरी शहर में अपहृत पांच भारतीय नागरिकों की जल्द और सुरक्षित रिहाई के लिए स्थानीय प्रशासन और नियोक्ता कंपनी के साथ मिलकर हर संभव कोशिश कर रहा है। दूतावास ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि उसे इस मामले की जानकारी है और अपहृत भारतीयों को छुड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्ट में कहा गया है,ष्गत छह नवम्बर को हमारे पांच नागरिकों के अपहरण की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से दूतावास अवगत है। इनकी जल्द से जल्द सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए दूतावास संबंधित अधिकारियों और कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस बीच रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल ने बताया है कि नियोक्ता कंपनी के एक अधिकारी ने कहा है कि इस मामले के त्वरित समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में रविवार को अलग-अलग इज़रायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार एक इज़राइली ड्रोन ने नबातीह जिले में हुमाइन अल-फ़ौका रोड पर अल-मासराह के पास एक कार पर दो निर्देशित मिसाइलें दागीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा हमला दक्षिण-पूर्वी लेबनान में अल-सवनेह और खिरबेत सेलम के बीच एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किया गया, जिसमें एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

एक लेबनानी सैन्य खुफिया सूत्र ने बताया कि हिज्जबुल्लाह के इंजीनियर अब्बास अल-जवाद, हुमाइन अल-फ़ौका में और हसन अली सुल्तान, अल-सवनेह के पास मारे गए। एनएनए ने कहा कि इज़रायली सेना दक्षिण-पश्चिमी लेबनान में ऐतरौन के पास एक नए सैन्य स्थल पर खुदाई का काम कर रही है। एक लेबनानी सैन्य खुफिया अधिकारी ने बताया कि यह विस्तार सीमा पर पांच मज़बूत चौकियों में से एक को मज़बूत करने के इज़रायल के प्रयासों का हिस्सा है। बुलडोज़र और उत्खनन मशीनों से लैस इज़रायली टीम, लेबनानी क्षेत्र पर नज़र रखने के लिए बख्तरबंद वाहनों के लिए मज़बूत आश्रय और निगरानी ढांचे बना रही है। अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच 27 नवम्बर, 2024 से संघर्ष विराम लागू है। संघर्ष विराम के बावजूद, इज़रायल हिजबुल्लाह के 'खतरों' को खत्म करने की ज़रूरत का हवाला देते हुए लेबनान में हमले करता रहता है। उसने सीमा पर पांच मुख्य चौकियां बना रखी हैं।

■ संघर्ष विराम के बावजूद, इज़रायल हिजबुल्लाह के 'खतरों' को खत्म करने की ज़रूरत का हवाला देते हुए लेबनान में हमले करता रहता है

# अमेरिका में भारतीय छात्रा की खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में हाल ही में स्नातक की उपाधि हासिल करने वाली और नौकरी की तलाश कर रही एक 23 वर्षीय भारतीय छात्रा की कथित तौर पर गंभीर खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, आंध्र प्रदेश की राजलक्ष्मी यार्लागड्डा उर्फ राजी ने हाल ही में टेक्सास एएंडएम यूनिवर्सिटी कार्पस क्रिस्टी से स्नातक की उपाधि हासिल की थी, यह जानकारी टेक्सास के डेंटन शहर में उनके चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके की तरफ से शुरू किए गए गोफंडमी अभियान से मिली। राजी ने हाल ही में टेक्सास ये एंड एम यूनिवर्सिटी, कार्पस क्रिस्टी से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी और अपने करियर की शुरुआत करने की तैयारी कर रही थीं। उनकी अचानक मौत की खबर से परिवार और दोस्तों में गहरा सदमा है। उनकी चचेरे भाई चौतन्य वाईवीके ने अमेरिका के टेक्सास राज्य के डेंटन शहर से एक गोफंडमी अभियान शुरू किया है, ताकि राजी का पार्थिव शरीर भारत लाया जा सके और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। चैतन्य ने बताया कि राजी बहुत होनहार और उम्मीदों से भरी हुई लड़की थी। उसका सपना था कि वह नौकरी करके अपने माता-पिता की खेती में मदद करे। राजी के परिवार की आजीविका केवल खेती और पशुओं पर निर्भर है। वे आंध्र प्रदेश के बापटल जिले के करमचेडु गांव के रहने वाले हैं। परिवार के अनुसार, राजी को दो-तीन दिनों से खांसी और सीने में दर्द था। 7 नवम्बर की सुबह जब उनकी अलार्म की आवाज आई, तो वो नहीं जागीं। जांच में पता चला कि उनकी मृत्यु हो चुकी थी। गोफंडमी अभियान में कहा गया है कि परिवार इस अकल्पनीय दुख से जूझ रहा है और सभी से सहायता की अपील की गई है। अब तक चल रहे इस अभियान के जरिए 1,25,000 अमेरिकी डालर (करीब 1 करोड़ रुपये) जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे उनके अंतिम संस्कार, शिक्षा ऋण और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों ने शव का चिकित्सकीय परीक्षण शुरू कर दिया है, ताकि मौत के सही कारण का पता लगाया जा सके।

■ पढ़ाई के बाद नौकरी तलाश रही थी युवती

# ट्रम्प हर अमेरिकी को 1.7 लाख डॉलर देंगे

## कहाः टैरिफ से बहुत पैसे आए हैं, इसका विरोध करने वाले मुर्ख

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डालर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2000 डालर (करीब 1.7 लाख रुपये) का 'डिविडेंड' मिलेगा।

ट्रम्प ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को 'मूर्ख' करार दिया। उन्होंने कहा कि टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है, जहां महंगाई न के बराबर है और शेयर बाजार रिकार्ड स्तर पर है। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि ये प्राफिट किसे मिलेगा, इसकी पात्रता मानदंड (जैसे आय सीमा क्या होगी?) या समयसीमा पर कोई साफ जानक. ारी नहीं दी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा वादा किया। अक्टूबर में उन्होंने 1000 से 2000 डालर के छूट का संकेत दिया था। टैरिफ से हो रहे प्राफिट के अलावा ट्रम्प ने व्यापार मामलों में राष्ट्रपति के पावर की सीमाओं पर सवाल उठाते हुए गुस्सा जताया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति के पास किसी विदेशी देश के साथ सभी व्यापार को रोकने की अनुमति है, दूसरे देश को लाइसेंस देने की अनुमति है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं है। ट्रम्प ने कहा-दूसरे देश हम पर टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन हम उनपर नहीं। सिर्फ टैरिफ की वजह से ही व्यवसाय अमेरिका में आ रहे हैं। टैरिफ के बिना हमारे पास कुछ भी नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट यह नहीं समझता। ट्रम्प का कहना था कि अप्रैल 2025 में घोषित टैरिफ (10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत) अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। व्हाइट हाउस ने तर्क दिया कि 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत राष्ट्रपति को व्यापार कंट्रोल करने की शक्ति है, जिसमें टैरिफ लगाना शामिल है। सॉलिसिटर जनरल जान सावर ने चेतावनी दी कि अगर ये नीति रद्द हुई तो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा नुकसान हो सकता है।



■ यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने ऐसा वादा किया, अक्टूबर में उन्होंने 1000 से 2000 डालर के छूट का संकेत दिया था

# विरोधी पार्टियों के सामने झुके अमेरिकी राष्ट्रपति!

## ओबामा केयर पर वोटिंग कराने पर राजी, संसद में बिल पास, शटडाउन खत्म होने की उम्मीद

वाशिंगटन। अमेरिका में 40 दिनों से जारी सरकारी शटडाउन के खत्म होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिकी सीनेट (उपरी सदन) ने फंडिंग बिल पास कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा। विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा।

साथ ही, शटडाउन के दौरान काम करने वाले कर्मचारियों को पूरा बकाया वेतन दिया जाएगा। यह बिल 60-40 के अंतर से पारित हुआ। अब सीनेट इसमें संशोधन करेगी। इसके बाद यह प्रस्ताव हाउस आफ रिप्रेसेन्टेटिव (निचली सदन) की मंजूरी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। पूरी प्रक्रिया पूरी होने में अभी कुछ दिन और लग सकते हैं। शटडाउन खत्म करने के बदले रिपब्लिकन पार्टी ने कुछ डेमोक्रेट सीनेटरों से वादा किया कि बाद में ओबामा केयर की सब्सिडी बढ़ाने पर दिसम्बर में वोटिंग होगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि लगता है शटडाउन खत्म होने वाला है। लेकिन उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एसीए सब्सिडी (ओबामा केयर सब्सिडी) को हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के लिए मुनाफा और अमेरिकी लोगों के लिए आपदा बताया। ट्रम्प का कहना है कि सब्सिडी के बजाय लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अपनी पसंद का इंश्योरेंस खरीदने की सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने लिखा कि सरकार खुलते ही मैं दोनों पार्टियों के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान करने को तैयार हूं। अफार्डेबल केयर एक्ट (एसीए) को लेकर डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच विवाद था। यह एक्ट बराक ओबामा के कार्यकाल में 2010 में पारित हुआ था। इसलिए इसे 'ओबामा केयर' कहा जाने लगा। इसके तहत सरकार कम और मध्यम आय वाले अमेरिकियों को हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने के लिए आर्थिक सहायता (सब्सिडी) देती है। यह मदद उन परिवारों को दी जाती है जिनकी आमदनी फेडरल गरीबी रेखा से 100 प्रतिशत से 400 प्रतिशत के बीच होती है। इस साल के अंत में लोगों की सब्सिडी खत्म हो रही है। डेमोक्रेट्स इसे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी का मानना है कि ये सब्सिडी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों को अनावश्यक फायदा देती हैं। ट्रम्प का तर्क है कि सरकार सीधे नागरिकों को पैसा दे ताकि वे अपनी पसंद का इंश्योरेंस खरीद सकें, कंपनियों के जरिए नहीं। डेमोक्रेट्स कहते हैं कि अगर ये सब्सिडी खत्म हुईं या घटाई गईं तो लाखों अमेरिकियों के इंश्योरेंस प्रीमियम आसमान छू जाएंगे, और कई लोग कवरेज से बाहर हो जाएंगे।



■ यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा, विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा

## श्रीलंका ने तमिलनाडु के 14 मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 14 तमिल मछुआरों की शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयिलादुथुराई जिले के ये मछुआरे नेदुनथीवु के पास खुले समुद्र में रविवार देर रात मछली पकड़ रहे थे तभी उन्हें कथित तौर पर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और उनके जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में श्रीलंका नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी नाव जब्त कर ली गई और गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए श्रीलंका के कांकेसंथुराई बंद. रगाह ले जाया गया। स्टालिन ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए डा. जयशंकर को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में आग्रह किया कि वे श्रीलंकाई हिरासत से इन मछुआरों और उनकी नावों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108